


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, लाइव सुसाइड की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 47, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर नगर, रविवार, 6 अक्टूबर 2024




**आज का मौसम** 35.4° अधिकतम तापमान | 24.5° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 03 | सूर्यास्त 05 :50

तनु वेड्स मनु 3 में ट्रिपल रोल निभाएंगी कंगना...15

# पीएम किसान की 18वीं किस्त जारी
# 9.4 करोड़ अन्नदाताओं को लाभ
## प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 7500 से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लगभग 23,300 करोड़ रुपये की कृषि और पशुपालन क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की शुरुआत करते हुए तकरीबन 9.4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित एक समारोह में कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत 1,920 करोड़ रुपये से अधिक की 7,500 से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। लगभग 1,300 करोड़ रुपये के संयुक्त कारोबार वाले 9,200 किसान उत्पादक संगठनों की भी शुरुआत की।

समारोह में मोदी ने महाराष्ट्र सरकार की नमो शेतकरी महासंमान निधि योजना की पांचवीं किस्त वितरित की। पूरे महाराष्ट्र में 19 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ पांच सौर पार्क और मवेशियों के लिए यूनिफाइड जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड वीर्य प्रौद्योगिकी का शुभारंभ भी किया गया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि के 20,400 करोड़ रुपये किसानों के खातों में अंतरित किए हैं।



### उप्र के 2.25 करोड़ किसानों को 4985.49 करोड़

**लखनऊ।** पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त से प्रदेश के 2 करोड़ 25 लाख 91 हजार 884 किसानों के खाते में 4985 .49 करोड़ रुपये पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी का आभार जताते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र की तृतीया तिथि पर देश के साथ ही प्रदेश के किसानों का घर भी धन-धान्य से परिपूर्ण हुआ। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि अन्नदाता किसानों के जीवन को सुगम, स्वावलंबी और समृद्ध बनाने हेतु सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 18वीं किस्त के अंतर्गत हस्तांतरित 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से प्रदेश के 2 .25 करोड़ से अधिक किसानों समेत देश के 9 .4 करोड़ से अधिक कृषक लाभान्वित हुए हैं। पावन शारदीय नवरात्रि के अवसर पर वरदान समान यह उपहार देने के लिए सभी कृषक भाई-बहनों की ओर से हार्दिक आभार है।

### कांग्रेस की राजनीति को भाता है गरीब भारत : मोदी

**वाशिम (महाराष्ट्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के मूड में प्रवेश कर रहे महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को विपक्षी कांग्रेस और महा-अघाड़ी गठबंधन पर तीखे हमले करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल लूटना जानती है और गरीब भारत उसकी राजनीति को बहुत सूट करता है। मोदी ने वाशिम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों का गिरोह चला रहा है। उन्होंने इस पार्टी के खतरनाक एजेंडे को विफल करने के लिए लोगों से एकजुट होने की अपील की। मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों को लूटने और अपनी स्वार्थ सिद्धि वाली राजनीति को लेकर उनकी दशा बेहतर नहीं करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि अगर सब एक हो गए, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा नाकाम हो जाएगा। आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ लूटना जानती है। कांग्रेस गरीब को गरीब बनाकर रखना चाहती है। कमजोर और गरीब भारत, कांग्रेस को, उसकी राजनीति को बहुत सूट करता है। इसलिए, आप सभी को कांग्रेस से बहुत सावधान रहना है। आज कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों का गिरोह चला रहा है।

## एक नजर

### ले. जनरल प्रशांत ने संभाली चिनार कोर

**श्रीनगर।** लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने शनिवार को श्रीनगर स्थित चिनार कोर की कमान संभाली। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चिनार कोर घाटी में आतंकवाद से मुकाबले के अलावा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से लगी देश की सीमा का प्रबंधन भी करती है। ले. जनरल श्रीवास्तव ने ले. जनरल राजीव घई से कार्यभार ग्रहण किया। ले. जनरल घई सेना मुख्यालय में सैन्य संचालन के महानिदेशक का पदभार संभालेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सैनिक ने की आत्महत्या

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को एक सैनिक ने अपनी सरकारी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि मृत जवान की पहचान उत्तराखंड निवासी सिपाही मनीष बिष्ट के तौर पर की गई है और वह घटना के समय बालाकोटे सेक्टर के बेहरोट चौकी पर तैनात था। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**गया।** बिहार में उग्रवाद प्रभावित गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी नक्सली कमलेश रवानी को गिरफ्तार कर लिया। गया के वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने शनिवार को यहां बताया कि सूचना मिली थी कि कमलेश रवानी को खिजरसराय थाना क्षेत्र के जोल बिगहा गांव के पास देखा गया है, जिसके बाद विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर एक लाख का इनाम था। कमलेश जहानाबाद जिले के घोसी का रहने वाला है। उसके विरुद्ध गया, जहानाबाद और नालंदा जिले में कई संगीन मामले दर्ज है।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में शनिवार को एक पिकअप जीप और एक कार के बीच हुई टक्कर में एक दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई। भीनमाल के थानाधिकारी रामेश्वर लाल भाटी ने बताया कि यह हादसा आज भीनमाल-रानीवाड़ा रोड पर आलड़ी चौराहे पर हुआ। कार में सवार लोग सुंधा माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने घर लौट रहे थे।

# पुरुष मित्र को बंधक बना नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

- गुजरात के वडोदरा में सुनसान इलाके में हुई घटना

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा शहर के बाहरी इलाके में एक सुनसान जगह पर दो अज्ञात लोगों ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपियों के साथी ने लड़की के पुरुष मित्र को बंधक बना लिया था। घटना नवरात्र के दौरान ऐसे समय में हुई, जब शहर भर में आयोजित गरबा कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से बाहर निकलते हैं। वडोदरा (देहात) के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 11 बजे शहर के लक्ष्मीपुरा इलाके में अपने बचपन के दोस्त से मिलने गई थी। दोनों स्कूटी से भायली इलाके से लौट रहे थे कि तभी आधी रात के करीब दोपहिया वाहन पर सवार पांच लोगों ने उन्हें एक सुनसान सड़क पर रोक लिया। आरोपियों में से दो लोग बहस के बाद चले गए जबकि तीन आरोपी वहीं रुक गए। तीन में से दो लोगों ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया जबकि तीसरे व्यक्ति ने उसके दोस्त को पकड़ लिया। युवकों के जाने के बाद पीड़िता ने पुलिस को सूचित किया।

# बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से छात्र ने लगाई छलांग, मौत

- हजरतगंज के चरन प्लाजा स्थित कॉमर्स हाउस में हुई घटना
- जानकीपुरम में चाचा के साथ रह जेईई की कर रहा था तैयारी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** हजरतगंज के चरन प्लाजा स्थित कॉमर्स हाउस बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से आदित्य दुबे (17) ने कूदकर आत्महत्या कर ली। वह जेईई की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले। आत्महत्या का कारण अभी पता नहीं चल सका है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि आदित्य जानकीपुरम में सहारा एस्टेट गेट नंबर-2 के पास अपने चाचा के साथ रहता था। उसके पिता विनय दुबे एक कंपनी में लीगल एडवाइजर हैं। जो पत्नी के साथ नोएडा में रहते हैं। आदित्य दुबे जेईई की की तैयारी कर रहा था। शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे आदित्य हजरतगंज स्थित होटल चरण के सामने बनी कॉमर्स हाउस बिल्डिंग पहुंचा और 8वीं मंजिल से कूद गया। बिल्डिंग के गार्ड की सूचना पर हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आदित्य को अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवती से बात करने के बाद उठाया कदम

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि आदित्य काफी दिनों से तनाव में था। सुबह कोचिंग पहुंचा तो किसी युवती से मोबाइल पर बात कर रहा था। अचानक छत पर गया और कूद गया। परिजनों का कहना है कि वे मौके पर पहुंचने के बाद ही कुछ कह पाने की स्थिति में होंगे। छत पर आदित्य का बैग और मोबाइल फोन मिला है। बैग में किताबें थीं। जानकारी पर मां-पिता लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

### फायर एक्जिट की सीढ़ियों से गया था ऊपर

पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में दिखा कि आदित्य मोबाइल पर बात करते हुए फायर एक्जिट की सीढ़ियों से 8वीं मंजिल पर पहुंचा। वहां कुछ देर तक युवती से बात की। इसके बाद छलांग लगाई। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। युवती के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

# इंडिगो का सर्वर डाउन, उड़ान प्रभावित

- छह घंटे बाद शाम 6 बजे परेशान यात्रियों को मिली कुछ राहत

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू एयरलाइन इंडिगो के सर्वर में शनिवार को तकनीकी व्यवधान के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हुआ जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुकिंग प्रभावित होने के साथ चेक इन में मुश्किल आ रही थी जिससे देशभर में हवाई अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं। शनिवार को दोपहर 12 बजे से ठप हुआ एयरलाइन का ऑनलाइन पैसेंजर सर्विस सिस्टम लगभग छह घंटे के बाद शाम को तकरीबन छह बजे चालू हो सका।



### टिकट की ऑनलाइन बुकिंग, चेक इन भी थी ठप

इस दौरान लोग एयरलाइन के टिकट की ऑनलाइन बुकिंग और चेक-इन नहीं कर पा रहे थे। हवाई अड्डे पर उड़ान और ग्राउंड सर्विसेस भी प्रभावित हो गई थीं। इसके चलते देशभर के एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की लंबी कतारें देखी गईं। एयरलाइन प्रबंधन की तरफ से परेशानी के बारे में तो जानकारी दी गई, लेकिन यात्रियों के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम न होने से उन्हें हवाई अड्डों पर घंटों परेशान होना पड़ा।

एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर पोस्ट शेयर कर बताया कि हमारे एयरपोर्ट सिस्टम अब चालू हो गए हैं और एयरपोर्ट सर्विसेज भी सुचारू हो गई हैं। एयरलाइन की ओर से कहा गया कि पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने में थोड़ा समय लग सकता है, अन्य ऐप्लिकेशन को रिस्टोर करते समय हमारा सपोर्ट करें।

**आरजी कर मामला**

# चिकित्सकों ने शुरू किया आमरण अनशन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में जूनियर महिला चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने शनिवार शाम को आमरण-अनशन शुरू कर दिया। कनिष्ठ चिकित्सकों ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं। चिकित्सक धर्मतला में डोरीना क्रॉसिंग पर शुक्रवार को धरने पर बैठे थे और उन्होंने राज्य सरकार को अपनी मांगें पूरी करने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि सरकार समय सीमा में मांगें पूरी करने में विफल रही।

# शोहदों से तंग आकर कक्षा 9 की छात्रा ने नदी में कूदकर दे दी जान

**संवाददाता फफूंद,औरैया**

**फफूंद में घटना**

- एसडीआरएफ टीम ने सेंगुर नदी से बाहर निकाला छात्रा का शव



**अमृत विचार :** शोहदों के पीछा करने से तंग आकर कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्रा ने फफूंद के पास जुआ पुल से सेंगुर नदी में कूद कर जान दे दी। शनिवार को एसडीआरएफ की टीम ने छात्रा का शव बरामद किया। पुलिस शोहदों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय छात्रा फफूंद कस्बे के एक स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ती थी। वह स्कूल छूटने के बाद कोचिंग पढ़कर घर लौटती थी। शुक्रवार देर शाम कोचिंग से सहेली के साथ साइकिल से गांव लौट रही थी। सेंगुर नदी पुल के पास सहेली रुक गई। इसी दौरान छात्रा ने पुल की रेलिंग से नदी में छलांग लगा दी। सहेली ने परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने गोताखोर बुलाकर खोजबीन कराई लेकिन रात होने से कुछ पता नहीं चल सका।

शनिवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने पुल से एक किलोमीटर दूर छात्रा का शव बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। छात्रा की मां ने बताया कि स्कूटी सवार लड़के बेटी का पीछा करते थे। इससे वह परेशान थी। पिछले शुक्रवार लड़कों के पीछा करने पर उसने पिकेट पुलिस को बताया था। इस पर पुलिस कर्मी घर छोड़ गए थे।

# स्तरहीन : सामाजिक मंच पर असामाजिकता का प्रदर्शन

- नगर विकास मंत्री और सपा के बीच अमर्यादित वाक युद्ध
- टिप्पणियों पर कैबिनेट मंत्री ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य की राजनीति का स्तर इतना गिरेगा, शायद ही कोई सोच सकता है। वह भी तब जब एक तरफ प्रदेश में सत्ता प्राप्त करने के लिए व जनता को लुभाने के लिए रोजाना जतन कर रही समाजवादी पार्टी हो और दूसरी तरफ नगर विकास मंत्री की कुर्सी पर सेवानिवृत आईएएस अफसर हों। सोशल मीडिया मंच एक्स पर सपा मीडिया सेल और नगर विकास मंत्री एके शर्मा के कार्यालय के अकाउंट के बीच वाक् युद्ध देख लोग दंग हैं। इस प्रकरण में कैबिनेट मंत्री की ओर से कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

एके शर्मा के विकास कार्यों पर सपा ने सवाल उठाए और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जवाब में मंत्री के ऑफिस ने भी तीखे शब्दों के प्रयोग में कोई कमी नहीं छोड़ी। एके शर्मा के ऑफिस के एक्स अकाउंट और सपा मीडिया सेल के हैंडल से एक-दूसरे को लेकर लगातार दूसरे दिन भी अमर्यादित टिप्पणियां जारी रहीं। इस वाक् युद्ध में दोनों ही पक्षों से एक-दूसरे के लिए ऐसे-ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जो किसी भी परिस्थिति में सभ्य नहीं कही जा सकतीं।

टकराहट की शुरूआत करते हुए शुक्रवार को सपा मीडिया सेल ने कानपुर की एक फोटोयुक्त खबर टैग करते लिखा कि इस सड़क में भरे कीचड़ और गंदे पानी में अपनी शक्ल देख ले यूपी का नगर विकास कचरा मंत्री। जवाब में एके शर्मा के ऑफिस ने काफी शालीनता दिखाई। अखिलेश यादव को माननीय लिखकर सम्मान पूर्वक टैग करते हुए सपा मीडिया सेल को जवाब दिया कि लगातार लिखी जा रही अमर्यादित भाषा पर खेद व्यक्त करने के लिए आज दोपहर 3 बजे तक का समय हम देते हैं।

यह भी लिखा कि कानपुर के इस रोड का सीएम ग्रिड्स योजना से 73 करोड़ रुपये स्वीकृति के साथ टेंडर भी हो गया है। माफी न मांगे जाने पर मंत्री के ऑफिस की ओर से फिर संदेश भेजा गया कि अपराह्न 3:18 बज गया। तंज कसा कि स्वाभाविक बात है, जो लोग अपने बाप का सम्मान नहीं करते वो दूसरों का क्या करेंगे। इसके बाद सपा की ओर कूड़े-कचरे के ढेर और फिर शनिवार को टहनियों के बीच से गुजर रहे हाइटेंशन तार की फोटो-खबरें शेयर करते हुए ऐसे-ऐसे शब्द लिखे जाने लगे कि मर्यादाएं तार-तार होतीं दिखी। मंत्री के ऑफिस ने भी जवाब देने में अभद्र शब्दों की कोई कमी नहीं छोड़ी।

# एग्जिट पोल : हरियाणा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत

- जम्मू-कश्मीर में नेकां-कांग्रेस गठबंधन को बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल के नतीजों में यह संभावना जताई गई है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है तथा 10 साल बाद भाजपा की सत्ता से विदाई हो सकती है। दूसरी तरफ, अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू-कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है, हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बढ़त मिलने की संभावना भी जताई गई है। कुछ एग्जिट पोल ने इस गठबंधन को बहुमत के करीब दिखाया है।

हरियाणा में शनिवार को सभी 90 सीट के लिए मतदान संपन्न हुआ। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में सभी 90 सीट के लिए मतदान हुआ था। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 55-62 सीट तथा भाजपा को 18-24 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

इस सर्वेक्षण में कहा गया है कि इंडियन नेशनल लोक दल को तीन से छह तथा जननायक जनता पार्टी को शून्य से तीन सीट मिल सकती हैं तथा अन्य के खाते में दो से पांच सीट जा सकती हैं।

इंडिया टुडे-सी वोटर के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 50-58 सीट और भाजपा को 20-28 सीट का अनुमान जताया गया है। इंडिया टुडे-सी वोटर के एग्जिट पोल में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन जम्मू-कश्मीर में बहुमत के करीब पहुंच सकता है।

इस गठबंधन को 40-48 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है तथा भाजपा के खाते में 27-32 सीट जाने की संभावना जताई गई है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को छह से आठ सीट मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

### हरियाणा में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए 20 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर शनिवार छह बजे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। राज्य में 61 .38 प्रतिशत मतदान हुआ। वोटों की गिनती मंगलवार को की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य के 90 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में शाम साढ़े सात बजे तक कुल पंजीकृत 2 .04 करोड़ मतदाताओं में से 61 .38 प्रतिशत ने मताधिकार का प्रयोग किया था।

# एनआईए का पांच राज्यों में 22 जगह पर छापा, तीन हिरासत में

- आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग को लेकर की कार्रवाई

**मुंबई, एजेंसी**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग मामले में बड़ा अभियान चलाते हुए करीब 22 स्थानों पर छापेमारी की है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एजेंसी को आशंका है कि इन लोगों का संबंध आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से है।

छापेमारी के दौरान महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर, जालना और मालेगांव में कई लोगों को हिरासत में लिया गया। छत्रपति संभाजी नगर में एनआईए अधिकारियों ने शनिवार की सुबह किराडपुरा में एक संपत्ति पर छापा मारा और मदरसा शिक्षक मौलाना सैयद इलियास को सुबह लगभग नौ बजे हिरासत में लिया। उधर यूपी के देवबंद के मोहल्ला खानकाह स्थित बड़ा दरवाजा में एनआईए और एटीएस की टीम ने छापा मारकर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। हिरासत में लिया गया युवक बिहार के कटियार का रहने वाला है। वहीं, मेरठ के सरूरपुर में एटीएस की टीम ने छापा मारकर तीन युवकों को हिरासत में लिया।

# उत्तराखंड की बेटियां कराएंगी अब गंगा नदी पर राफ्टिंग
## 14 महिलाओं ने हासिल किया व्हाइट वॉटर रिवर राफ्टिंग गाइड सर्टिफिकेट, 3 माह के प्रशिक्षण के बाद गंगा की लहरों पर कराएंगी पर्यटकों को सैर

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की बेटियां जल्द ही ऋषिकेश में गंगा नदी पर पर्यटकों को राफ्टिंग कराती नजर आएंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से 14 महिलाओं को व्हाइट वॉटर रिवर रॉफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया गया है। जो अब पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, बतौर प्रोफेशनल राफ्टिंग गाइड अपना कॅरियर शुरू करने को तैयार हैं।

ऋषिकेश राफ्टिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, यहां हर साल पांच लाख से अधिक पर्यटक राफ्टिंग के लिए आ रहे हैं। इस तरह राफ्टिंग गतिविधि, कारोबार के साथ ही रोजगार का भी जरिया बन रही है। लेकिन अब तक राफ्टिंग गाइड का काम पूरी तरह पुरूष ही कर रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पहली बार उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने महिलाओं को रिवर राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया है। इसके बाद पर्यटन विभाग ने चुनिंदा 14 महिलाओं को अप्रैल से जून के बीच तीन महीने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया। पौड़ी जिले में सिरांसू गांव निवासी प्रियंका राणा क्याकिंग एथलीट हैं। वह बताती हैं कि उनके गांव के पास बड़ी संख्या में राफ्टिंग होती है, इससे प्रभावित होकर राफ्टिंग गाइड में प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कर लिया। वह अब बतौर राफ्टिंग गाइड अपना कॅरियर बनाना चाहती हैं। रामनगर निवासी कामाक्षी गोयल वर्तमान में गोवा की नॉटिकल कंपनी में काम कर रही हैं।

कामाक्षी बताती हैं कि वो पहले से ही वाइट वॉटर फील्ड में जॉब कर रही थीं, इसलिए उन्होंने स्किल बढ़ाने के लिए राफ्टिंग प्रशिक्षण लिया। कामाक्षी इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा प्रयास बताती हैं। ऋषिकेश निवासी मुस्कान भी पहले बैच में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। मुस्कान बताती हैं कि तीन महीने तक उन्हें विदेशी प्रशिक्षकों ने रिवर राफ्टिंग की ट्रेनिंग दी। वह अब इसी क्षेत्र में कॅरियर बढ़ाना चाहती हैं।



> उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, अब बड़ी संख्या में महिला पर्यटक भी राफ्टिंग के लिए आ रही हैं। ऐसे में महिलाओं को बतौर राफ्ट गाइड प्रशिक्षण दिया जाने का प्रयास किया जा रहा है। अच्छी बात है कि महिलाओं ने इसके लिए रुचि दिखाई है, यह उत्तराखंड की बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।
>
> – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री।

## एक नजर

### प्रधानाचार्य व शिक्षक किए गए सम्मानित

**कानपुर।** भाजपा कानपुर उत्तर शिक्षक प्रकोष्ठ का सम्मेलन यूनाइटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस में हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी अरुण पाठक ने 63 विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षकों को सम्मानित किया। बृज मोहन सिंह प्रधानाचार्य बीएनएसडी शिक्षा निकेतन, अमर सिंह प्रधानाचार्य बीएनएसडी इंटर, डॉ. आरपी अवस्थी हरसहाय इंटर, अरुण श्रीवास्तव हर सहाय डिग्री, नमिता सिंह स्प्रिंग डेल, वीआर गुप्ता रविंद्र विद्या मंदिर को प्रमुख रूप से सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक परमानन्द शुक्ला और इंदर मोहन रस्तोगी के साथ एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेश अवस्थी, संतोष शुक्ला, वेणु रंजन भदौरिया उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में जख्मी अधेड़ ने तोड़ा दम

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में हनुमंत विहार निवासी 48 वर्षीय दिनेश बाजपेई एलएमएल चौराहे के पास प्राइवेट नौकरी करते थे। परिजनों ने बताया एक अक्टूबर को वह साइकिल से घर लौट रहे थे, गुजैनी पुल के पास वैन ने सामने से टक्कर मार दी थी। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किशोरी के हत्यारोपित को मुठभेड़ में दबोचा

## जाजमऊ से 16 वर्षीय बालिका को अगवा कर हत्या के बाद तालाब में फेंक दिया था शव, जेल भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र से किशोरी का अपहरण करके उसकी नृशंस हत्या करने के बाद शव तालाब में फेंककर 2 वर्ष से फरार चल रहे 25 हजार के इनामिया दीपक कुमार के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने भागने की कोशिश में पुलिस पर फोयर झोंक दिया। लेकिन पुलिस टीम ने पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया। कांशीराम हॉस्पिटल में इलाज कराने के बाद न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जिला कन्नौज में सौरिख स्थित निजामपुर निवासी दीपक कुमार जाजमऊ में किराए के मकान में रहता था। इस दौरान उसने एक परिवार से नजदीकी बढ़ाई और उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करके भाग निकला। पीड़ित परिवार ने जाजमऊ थाने में बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दीपक कुमार पीड़ित परिवार की फाइनेंस पर ली गई बाइक भी अपने साथ ले गया था। 7 महीने बाद किशोरी की हत्या करके उसका शव दीपक ने सौरिख के तालाब में फेंक दिया था। पुलिस जांच में परिजनों ने बेटी के शव की शिनाख्त की थी। इसके बाद आरोपी दीपक कुमार पर अपहरण के साथ हत्या और सुबूत छिपाने समेत अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाई गई थीं। डीसीपी ने बताया कि वह पिछले वर्ष से फरार चल रहा था। इस कारण उस पर 25 हजार इनाम घोषित किया गया था। शनिवार तड़के 4 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक वाजिदपुर ट्रीटमेंट प्लांट के पास मौजूद है। इस पर जाजमऊ पुलिस टीम अलर्ट हो गई और उसकी घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो दीपक ने फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया।


घटना की जानकारी लेते डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह। अमृत विचार

- 2 वर्ष से था फरार, 25 हजार का घोषित था इनाम, ट्रीटमेंट प्लांट के पास तड़के हुई मुठभेड़


घटनास्थल पर पड़ी आरोपी की बाइक।


हिरासत में शातिर अपराधी दीपक।

### फोटो देखकर फफकी मां, बोली यही हत्यारा

- मुठभेड़ के बाद थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र पीड़ित के घर पहुंचे और मृतका की मां को जैसे ही मोबाइल में आरोपी की फोटो दिखाई तो वह फफक पड़ीं और बोली कि यही हत्यारा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उन्हें दीदी कहकर बुलाता था। लेकिन परिवार उजाड़ दिया।

### हर जगह नाम बदलकर रहता था आरोपी

- थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी दीपक जिस जगह रहने जाता था। नाम बदल लेता था। गांव में उसे दीपक नाम से कोई नहीं जानता। गांव में प्रदीप, सौरिख में उसे राजू नाम से लोग जानते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने चौकीदार के घर में रहने के दौरान उनके गांव खागा फतेहपुर के पते से अपना आधार कार्ड बनवाया।

# सरकारी जमीन में प्लाट ग्रीन बेल्ट पर तने मकान

**पड़ताल**

- महायोजना में 120 फीट रोड पर कब्जों की जांच, आईआईटी सोसायटी नानकारी का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी सोसायटी माधवपुरम में केडीए महायोजना में शामिल 120 फीट रोड की जमीन पर कब्जे हो रहे हैं। सरकारी जमीन पर प्लाट काट दिए गए हैं, जिन पर मकान भी खड़े हो गये हैं। इस मामले में शनिवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने जांच शुरू करा दी। पार्षद की शिकायत पर महापौर ने केडीए सचिव से योजना के मानचित्र सहित जानकारी तलब की है। इससे पहले नगर निगम के उद्यान विभाग ने मौके पर जांच की जिसमें प्रथम दृष्टया मामला सही मिला।

वार्ड 27 नानकारी के पार्षद सुनील कुमार पासवान ने बताया कि वार्ड में नगर निगम की जमीन पर कब्जे हो रहे हैं। केडीए के मानचित्र के अनुसार कल्याणपुर क्षेत्र में आराजी संख्या 29, 30, 41, 46, 47, 49, 50 और 55 का अंशभाग महायोजना में 120 फीट चौड़ा प्रस्तावित मार्ग है। केडीए के मानचित्र में यह रोड है। लेकिन अवैध विकासकर्ता सड़क घेरते जा रहे हैं।

ग्रीनबेल्ट की जमीन को बेच दिया है। जिस पर दो मंजिला मकान खड़े हो गये हैं। उद्यान विभाग ने शिकायत पर जांच में मामला सही पाया है। इसके बाद भी अवैध विकासकर्ताओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। उम्मीद है कि अब सख्ती से रोक लग सकेगी।

### पहले अवैध कब्जों को गिराया जाए

- आईआईटी सोसायटी में माधवपुरम में बनी 40 मड़ैया मलिन बस्ती हटाने का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि बस्ती को हटाया जाये तो क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए गये मकानों को धराशायी किया जाए।

# जन शिकायतों का एक हफ्ते में निस्तारण करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पीड़ितों की समस्या का निदान करते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।

शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मर्चेन्ट चैम्बर हाल में सदर तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 138 शिकायतें प्राप्त हुईं। राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित 33, पुलिस की 24, नगर निगम की 19, केडीए की 04, शिक्षा विभाग की 2, डूडा से जुड़ी 15, केस्को से संबंधित 10, समाज कल्याण की 4, चिकित्सा विभाग की 2, प्रोबेशन की 7, विकास विभाग की 7 शिकायतें मिलीं, जिन्हें समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनता की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सेंट्रल पर 132 बोतल घटिया पानी जब्त

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर शनिवार को खानपान स्टालों, पेंट्रीकार व प्लेटफार्मों पर अवैध वेंडर के खिलाफ अभियान चलाया गया। सीटीएम सेंट्रल संतोष कुमार त्रिपाठी ने पेंट्रीकार में गंदगी मिलने पर जुर्माना लगाने के साथ स्टेशन पर प्रतिबंधित दूसरे ब्रांड के पानी की 132 बोतलें जब्त की। 6 वेंडरों के साथ गंदगी फैलाने में 61 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 28,350 रुपये जुर्माना वसूला गया।

अवैध वेंडरों की शिकायत पर शनिवार को सीटीएम सेंट्रल संतोष कुमार त्रिपाठी ने आरपीएफ, रेलवे स्टाफ के साथ स्टेशन परिसर व पेंट्रीकार में चेकिंग की।

# रूट पर खटारा रोडवेज बसें मिलीं तो खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सड़क परिवहन निगम को निर्देशित किया है कि त्योहारों के मद्देनजर सभी बसों को पूरी तरह फिट कर लें, बसों की खराबी से यात्री परेशान हुए तो संबंधित अधिकारियों पर गाज गिरेगी। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपसी तालमेल सुगम यात्रा सुनिश्चित कराएं। बसों के परमिट, बीमा, फिटनेस वैधता का सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत पालन किया जाए। कानपुर परिक्षेत्र की सभी बसों की फिटनेस की जांच शुरू हो गई है।

> कानपुर परिक्षेत्र की अधिकतर बसें फिट हैं जिन्हें रूट पर चलाया जा रहा है, इक्का दुक्का बसें खराब हैं, उन्हें ठीक करने की कोशिशें तेज हो गई है, इस संबंध में सभी डिपो के एआरएम को निर्देश जारी किये जा चुके हैं।
>
> **-अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र**

# गोविंदपुरी से चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली, बिहार, मुंबई, झांसी की स्पेशल ट्रेनों का गोविंदपुरी पर ठहराव

**अमृत विचार।** नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा के लिए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इस कारण सेंट्रल स्टेशन पर लोड काफी बढ़ गया है। इसे देखते हुए डेढ़ दर्जन से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें वाया गोविंदपुरी स्टेशन चलाई जाएंगी। गोविंदपुरी से साप्ताहिक और सप्ताह में दो दिन संचालित होने वाली ट्रेनें व कुछ लंबी दूरी की ट्रेन रवाना होंगी।

त्योहरों पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। सेंट्रल पर ट्रेनों की संख्या और यात्रियों के बढ़े लोड को कम करने के लिए काफी स्पेशल



ट्रेनों को गोविंदपुरी स्टेशन ठहराव दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के तहत गाजियाबाद से पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच प्रीमियम ट्रेनों के अलावा कई सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित हो रही हैं। दीपावली और छठ पूजा के बीच यह रूट सबसे ज्यादा व्यस्त रहेगा। इसे देखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन सेंट्रल की जगह गोविंदपुरी स्टेशन से किए जाने का निर्णय लिया गया है। इनमें आरक्षित, अनारक्षित और वन-वे ट्रेनें भी शामिल हैं। एसीएम सेंट्रल संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे की ओर से चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें गोविंदपुरी स्टेशन से होकर जाएंगी। साप्ताहिक व सप्ताह में दो फेरे लगाने वाली ट्रेनों के अलावा कुछ लंबी दूरी की ट्रेनें भी वहीं से गुजरेंगी। ट्रेनों का लोड बढ़ने पर झांसी, दिल्ली, मुंबई की ट्रेनों का संचालन भी गोविंदनगर से किया जा सकता है।



## आज का मौसम

हल्के बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

| 35.4° | 24.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 03 | सूर्यास्त 05 : 50 |

## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी,चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्माण्डा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है। बीज मंत्र- ऐं ह्री देव्यै नमः।

# सब्जी मसाला कंपनियों पर मुकदमे की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● नमूनों में मिला था कीटनाशक खाद्य सुरक्षा विभाग ने शासन से मांगी मुकदमे के लिए अनुमति

**अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अशोक मसाला समूह समेत सब्जी मसाला बनाने वाली 14 कंपनियों के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है। इन कंपनियों के कारखाने से लिए गए मसालों के नमूनों में कीटनाशक पाया गया था। सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय ने मसाला कंपनियों के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा दर्ज करने के लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा से अनुमति मांगी है।

अशोक मसाला समूह की मंधना व दादानगर स्थित फैक्ट्री से धनिया, गरम मसाला व मटर-पनीर मसाला का नमूना लिया गया था। इसी तरह अलग-अलग कंपनियों के मसालों के नमूने लिए गए थे। प्रयोगशाला में जब इन नमूनों की जांच हुई तो पाया गया कि इनमें कीटनाशक की मिलावट है,जो मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। सहायक खाद्य आयुक्त संजय प्रताप सिंह ने बताया कि ब्रांडेड कंपनियों के मसाले कई शहरों में बेचे जा रहे थे। बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई थी। रिपोर्ट दर्ज कराने की अनुमति मुख्यालय से मांगी गई है। मई में कंपनियों के कारखानों में छापेमारी हुई थी। अलग-अलग मसालों के 35 नमूने जांच के लिए भेजे गए थे। इनमें 23 में मिलावट पायी गई और मसाले खाने योग्य नहीं मिले।

## यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का सत्यापन

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्तमान सत्र की बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तावित केंद्रों का भौतिक सत्यापन शुरू हो गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग को 15 अक्टूबर तक सभी प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों का सत्यापन पूरा करना है। इस बार 250 से दो हजार छात्र संख्या वाले कॉलेजों को ही सत्यापन की सूची में शामिल किया गया है।

जिले में बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की अपर सचिव विभा मिश्रा ने शहर आकर इंटर कॉलेजों की स्थिति का जायजा लिया था। निरीक्षण में उन्होंने परीक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर, भवन के हालात जैसे बिंदुओं को परखा था। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि प्रस्तावित केंद्रों का भौतिक सत्यापन शुरू करा दिया गया है।

# हंगामे के डर से निगम सदन स्थगित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने नगर आयुक्त के साथ बंद कमरे में बैठक के बाद सदन स्थगन के लिए निर्देश
- बढ़े गृहकर और अवैध नामांतरण शुल्क को लेकर सदन में बवाल होने की थी आशंका
- नगर निगम अधिकारियों ने कैंप के जरिए समस्याएं निस्तारित करने की बनाई योजना

### जनसमस्याएं दूर करने में निगम फेल, पार्षद नाराज

सदन की बैठक स्थगित होने से अपने-अपने वार्ड में जन समस्याओं के निस्तारण की उम्मीद लगाए पार्षदों को निराशा हाथ लगी है। पार्षदों के अनुसार शहर में सड़कें खस्ताहाल हैं। स्ट्रीट लाइटों को सही करने में भी नगर निगम फेल है। सीसामऊ को छोड़कर अन्य विधानसभाओं की अनदेखी की जा रही है। गृहकर और नामांतरण के मुद्दे पर पूर्व पार्षद फोरम घर-घर जाकर उनसे समर्थन मांग रहा था। अब नवरात्र बाद ही सदन बुलाए जाने की उम्मीद है।

**अमृत विचार।** गृहकर के बढ़े बिलों और नामांतरण शुल्क को लेकर जबर्दस्त हंगामे की आशंका देखते हुए 7 अक्टूबर को आहूत नगर निगम सदन की बैठक स्थगित कर दी गई। महापौर प्रमिला पांडेय ने शनिवार को नगर आयुक्त के साथ बंद कमरे में बैठक की। इसके बाद सदन स्थगन की सूचना जारी कर दी गई। हालांकि महापौर का कहना है कि अपरिहार्य कारणों से सदन स्थगित करना पड़ा है।

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक के बाद महापौर के निर्देश पर सचिव कार्यालय ने पार्षदों को 7 अक्टूबर को सदन की बैठक का आमंत्रण भेजा था। इसके बाद से ही पार्षद टूटी सड़कों, सीवर भराव के साथ गृहकर और नामांतरण शुल्क जैसे ज्वलंत मुद्दे सदन में उठाने रणनीति बना रहे थे। पूर्व पार्षद फोरम भी गृहकर के बढ़े बिल और नामांतरण शुल्क वापस लेने के लिए सदन में प्रस्ताव लाने के लिए पार्षदों पर दवाब बना रहा था।

नगर निगम सदन की बैठक में कार्यसूची के तहत 15 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद आखिरी मुहर लगनी थी। लेकिन शहर में टूटी सड़कों, बड़े-बड़े गड्ढों, खराब स्ट्रीट लाइटों, जलभराव के साथ सीवर और पानी की समस्या ज्वलंत है। इस पर पिछले सदनों में अलग से चर्चा का समय पार्षदों को नहीं मिला है। पार्षद इस बार इन मुद्दों पर अलग से समय मांगने की रणनीति बना रहे थे। इसके साथ ही माना जा रहा था कि गृहकर और नामांतरण का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठाया जा सकता है। पार्षदों की मांग को देखते हुये नगर आयुक्त और महापौर ने नगर निगम मुख्यालय में गृहकर की आपत्तियां दूर करने के लिये कैंप तो लगा दिया लेकिन, नामांतरण को लेकर अभी भी नगर निगम स्पष्ट राय नहीं बना पा रहा था। इसे लेकर सदन की बैठक में हंगामा होने की आशंका थी। पार्षदों का कहना है कि जब भी सदन लगेगा जनता के मुद्दों को उठाया जाएगा।

### बढ़ेंगे 300 बेड, पहली बार उपलब्ध होगी 50-50 बेड के दो प्राइवेट वार्ड की सुविधा

# कार्डियोलॉजी संस्थान में 7 मंजिला नया भवन बनेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**47** करोड़ आएगी नए भवन की लागत
**300** बेड की सुविधा और उपलब्ध होगी
**200** बेड अभी संस्थान में मरीजों के लिए
**600** मरीज प्रतिदिन रोज ओपीडी में आते
**100** बेड का सर्जिकल आईसीयू भी होगा

**अमृत विचार।** हृदय रोगियों को बढ़ती संख्या को देखते हुए रावतपुर स्थित एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में 47 करोड़ रुपये से 7 मंजिला नए भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें 300 बेड की व्यवस्था साथ 50-50 बेड के 2 प्राइवेट वार्ड बनाए जाएंगे। इसके साथ ही नए भवन में प्रदेश का पहला मॉड्यूलर आईसीयू भी स्थापित होगा। निर्माण कार्य का जिम्मा कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन को दिया गया है।

कॉर्डियोलॉजी संस्थान में प्रदेश के साथ मध्यप्रदेश व बिहार तक से मरीज इलाज के लिए आते हैं। ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 600 मरीज पहुंचते हैं। 25 से 30 मरीजों को रोज इमरजेंसी में भर्ती किया जाता है। ऐसे में यहां अक्सर बेड की कमी हो जाती है। सर्दियों के मौसम में हृदय रोग की समस्या बढ़ने पर मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए संस्थान प्रशासन ने परिसर में 7 मंजिला नए भवन का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी देकर निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्था को नामित कर दिया गया है। कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ.राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय स्वीकृति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। नए भवन में सामान्य रोगियों के लिए दो तल आरक्षित होंगे। इससे उन्हें बेड मिलने में आसानी रहेगी। अभी अस्पताल में 200 बेड हैं, नए भवन में 300 और बेड मिलने से क्षमता बढ़कर 500 बेड की हो जाएगी। इसी के साथ पहली बार प्राइवेट वार्ड की व्यवस्था भी शुरू होगी।

### प्रदेश के पहले मॉडयूलर आईसीयू की सुविधा मिलेगी

कार्डियोलॉजी के निदेशक ने बताया कि नए भवन में प्रदेश का पहला मॉड्युलर आईसीयू बनेगा। हैपा फिल्टर के जरिए हवा आने-जाने की व्यवस्था से यह रोगाणु रहित होगा। यहां पर 100 बेड का सर्जिकल आईसीयू अलग से होगा।

# आईएमए भवन में आज अध्यक्ष व सचिव चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● डॉ.दिनेश सचान और डॉ.नंदिनी रस्तोगी के बीच है अध्यक्ष पद के लिए कड़ी टक्कर

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा का पहली बार रविवार को आईएमए भवन में अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव होगा। दोनों ही पदों पर दावेदारों के बीच इस बार कड़ी टक्कर है। हालांकि कौन इस बार अध्यक्ष और सचिव बनेगा यह आईएमए के करीब सदस्य चयन करेंगे, जो शाम तक स्पष्ट हो जाएगा।

आईएमए शाखा के पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो गया है, जिस संबंध में रविवार को चुनाव होगा है। आईएमए में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने अध्यक्ष पद के लिए दो सितंबर को दोबारा पर्चा भरा था। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए डॉ.दिनेश सचान ने भी नामांकन दाखिल किया है। दोनों ही दावेदारों ने चुनाव जीतने में ताकत झोकनी शुरू कर दी है। वहीं, सचिव पद के लिए डॉ.विकास मिश्रा और डॉ.पल्लवी चौरसिया के बीच भी तगड़ी टक्कर है। पद के लिए दावेदारी कर रहे चारों डॉक्टरों ने आईएमए के लगभग सभी सदस्यों से संपर्क कर लिया है। अब बस देखना यह है कि किसको इस बार सदस्य अध्यक्ष और सचिव बनाते है। वहीं, आईएमए में उपाध्यक्ष के चार पद, वित्त सचिव, क्रीड़ा सचिव, लाइब्रेरी सचिव व 48 कार्यकारिणी के पदों पर भी डॉक्टरों ने नामांकन किया था, लेकिन इन पदों में किसी दूसरे डॉक्टर ने विरोध में अभी तक नामांकन नहीं कराया है, जिस वजह से अभी तक इनको निर्विरोध मना जा रहा है।

## बोनस और डीए की किस्त देने की मांग

**कानपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की शनिवार को संघ कार्यालय में बैठक हुई। मंत्री बेचे लाल कुशवाहा ने कहा कि केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा कर दी है, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक बोनस और मंहगाई भत्ते की किस्त की घोषणा नहीं की है। जबकि इसी माह दशहरा और दीपावली का त्योहार है। मंहगाई भत्ते की किस्त की तुरंत घोषणा की जाए। आरपी श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार मधुर, राजेश खन्ना, इंद्र जीत सिंह गिल, विमला मिश्रा, राम रानी कटियार, वीरेंद्र सिंह वर्मा मौजूद रहे।

जी आर एस हॉस्पिटल एंड हार्ट सेन्टर
डॉ. नीरज वरयानी
डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
प्रतिदिन कार्डियोलॉजी ओपीडी
24x7 हार्ट अटैक की इमरजेंसी सेवाएं
24x7 एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी (स्टेंटिंग) और पेसमेकर लगवाने की सुविधा
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल विश्व स्तरीय कार्डियोलॉजी सुविधाओं के साथ
111/326, अशोक नगर (बीच वाले मंदिर के पास), कानपुर
8604601010, 9260986008, 6392835865

## शहर में आज

- **वॉल्कथॉन :** रीजेंसी हेल्थ द्वारा ग्रीन पार्क स्टेडियम में वॉल्कथॉन यानी पद यात्रा सुबह 5 :30 बजे।
- **प्रतियोगिता :** कानपुर चौक सर्राफा द्वारा एक दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता ओईएफ ग्राउंड में सात बजे।
- **शिविर :** हर्ष नगर सीएन गैस्ट्रोकेयर एंड स्माइल डेंटल सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे।
- **संगोष्ठी :** रोटरी क्लब द्वारा जीटी रोड होटल ब्रिज में सदस्यता संगोष्ठी सुबह 11 बजे।
- **समारोह :** ओम जन सेवा संस्थान द्वारा विवाह परिधान वितरण समारोह कृष्णा वाटिका लॉन में 12 बजे।
- इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में सम्मेलन आईआईए भवन में एक बजे बजे।
- **बैठक :** राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा सर्किट हाउस में खेल व युवा कल्याण विभाग की बैठक दोपहर दो बजे।
- **सम्मेलन :** स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितीन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्मेलन सिटी क्लब जीटी रोड में चार बजे।
- **समारोह :** संगीतांजलि सांस्कृतिक संस्था द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में छह बजे।
- **महोत्सव :** ओम जय जगदीश मंडल द्वारा जगन्नाथ महोत्सव व डांडिया रास टाटमिल चौराहा रॉयल गार्डन नौ बजे।

# एजुकेशन वर्ल्ड की टॉप 100 रैंकिंग में 4 स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पद्मपत सिंहानिया, जयपुरिया डीपीएस आजाद नगर तथा चिंटल्स स्कूल को मिला स्थान



**अमृत विचार।** एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन ने इंडिया स्कूल रैंकिंग 2024-25 की सूची जारी की है। इसमें देश के बेस्ट स्कूलों को शामिल किया गया है। सूची में को-एजूकेशन श्रेणी में शहर के सर पद्मपत सिंहानिया तथा जयपुरिया स्कूल की संयुक्त रूप से 33 वीं रैंक प्राप्त हुई है। डीपीएस आजाद नगर तथा चिंटल्स स्कूल को संयुक्त रूप से 86 वां स्थान तथा डॉ. वीरेंद्र स्वरूप स्कूल किदवई नगर को 111 वां स्थान मिला है।

एजुकेशनवर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की एक मूल्यवान मान्यता के रूप में कार्य करती है और देश भर के स्कूलों को अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। यह निजी संस्था है, साल 2014 से टॉप स्कूलों की रैंकिंग जारी कर रही है। संस्था की रैंकिंग स्टेकहोल्डर्स के विचारों एवं दिल्ली की प्रतिष्ठित मार्केट रिसर्च एवं ओपिनियन पोल कंपनी 'सी-फोर' के सर्वेक्षण पर आधारित है। देश भर के स्कूलों का 14 मानकों पर आकलन किया जाता है। इसमें ऐकेडमिक रेप्यूटेशन, कम्पीटेन्स ऑफ फैकल्टी, करीकुलम, लीडरशिप मैनेजमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कम्युनिटी सर्विस, ऑनलाइन एजूकेशन जैसे बिंदु शामिल रहते हैं। एजूकेशन वर्ल्ड के सर्वेक्षण को विश्वसनीय माना जाता है। डे बोर्डिंग स्कूलों की श्रेणी में शहर के जैन इंटरनेशनल स्कूल को स्थान मिला है।

## जयपुरिया ग्रुप ग्रेट प्लेस टू वर्क

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस लगातार चौथे साल ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणित हुआ है। यह मान्यता ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की जाती है, जो 'हाई-ट्रस्ट हाई-परफॉर्मेंस' कार्यस्थल संस्कृति की पहचान करने, पुरस्कृत करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सेठ आनंदराम जैपुरिया समूह का मूल्यांकन नेतृत्व प्रभावशीलता, विश्वास, नवाचार, संगठनात्मक मूल्यों का पालन, महिलाओं की भूमिका और मानव क्षमता को अधिकतम करने सहित विभिन्न मापदंडों पर किया गया था। सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शिशिर जैपुरिया ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रबंधन और स्टाफ दोनों को दिया। उन्होंने कहा कि हम लगातार चौथे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन प्राप्त करके खुश हैं। जैपुरिया ग्रुप में, हम एक सशक्त कार्य वातावरण बनाने और पोषित करने के लिए समर्पित हैं।

# डॉक्टर से 1.5 करोड़ ठगी में एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कर्मचारियों ने योजनाबद्ध तरीके से की धोखाधड़ी व जालसाजी

**अमृत विचार।** शहर की एक प्रतिष्ठित डॉक्टर से उनके पास काम करने वाले कर्मचारियों ने षडयंत्र और धोखाधड़ी करके 1.5 करोड़ की ठगी कर ली। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आभा गुप्ता ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह जेनेवा, न्यूपोर्ट बीच कैलिफ़ोर्निया यूएसए में रहती हैं, लेकिन वर्तमान में एलनगंज में रह रही हैं। आभा नर्सिंग होम की प्रमुख चिकित्सक डॉ प्रतिभा रोहतगी की सगी बहन और पावर ऑफ अटॉर्नी धारक हैं। पिछले चार-पांच वर्षों से डॉ. रोहतगी अल्जाइमर रोग से पीड़ित हैं। उन्हें जब बीमारी का पता चला तो मेरे पक्ष में 14 अक्टूबर 2020 को एक पंजीकृत सामान्य मुख्तारनामा किया। तब से उनकी ओर से सभी लेनदेन उनकी जानकारी में ही किए जाते हैं। उनके कर्मचारी राहुल कटियार, नेहा, रजत सिंह कर्मचारी हैं। उन लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से धोखाधड़ी और जालसाजी की जिससे डॉ. प्रतिभा को 1.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। नेहा डॉ. रोहतगी के सारे काम देखती थी। ऋषभ जैन के ऑफिस में राहुल कटियार नेहा के साथ काम करता है। उन लोगों ने धोखाधड़ी से बचत बैंक खाता खोलने की साजिश रची। आरोप है, कि तीनों कर्मचारी ने डॉ रोहतगी का आधार और पैन कार्ड से उनके जाली हस्ताक्षर किए और एक महिला ने अपने नाम से खाता खोला। तीनों ने कूटरचित दस्तावेजों से 1.5 करोड़ ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने नेहा, रजत सिंह और राहुल कटियार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

कानपुर। नरवल निवासी 25 वर्षीय आकाश की रेलवे ट्रैक पार करते समय सरसौल स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। आठ माह पूर्व ही शादी हुई थी।

एडवांस आर्थोपेडिक साइंसेज
Enjoy Latest Scientific Solutions In Orthopedics
डा. अनुपम सचान
स्पाइन, एण्डस्पाइन एण्ड स्कोपी सर्जन
घुटने की चोट (ACL, PCL, MCL, MEINSCUS Injury)
कन्धे का दर्द (Frozen Shoulder,Rotator Cuff Tear)
कमर दर्द, सियाटिका, Cervical Pain
सब्जी मण्डी चौराहा, बर्रा-2, कानपुर - मो. : 9839530716
साभार - डॉ दिनेश कटियार




## एक नजर

### कौशल से मिलती सफलता

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने पूर्व छात्र वार्ता में पत्रकारिता में करियर की संभावनाओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर विचार-विमर्श किया। डॉ. योगेंद्र कुमार पांडे, डॉ. अमित शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन में हमें हर दिन नई चीजें सीखने का प्रयास करना चाहिए। कौशल से ही सफलता हासिल होती है।

### विकास के लिए नवाचार

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल आफ बेसिक साइंसेज की राष्ट्रीय कार्यशाला 'रिमोट सेंसिंग और जीआईएस में प्रो. आनंद प्रसाद मिश्रा भूगोल विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में जीआईएस के बारे में बताया।



सुजातगंज में स्थलीय निरीक्षण करते केडीए सचिव व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# केडीए के लैंड ऑडिट में 50 करोड़ के प्लाट मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए की भूमि व सभी 165 योजनाओं का लैंड ऑडिट चल रहा है। सुजातगंज योजना की ऑडिट रिपोर्ट का शनिवार को मौके पर निरीक्षण किया गया। सत्यापन में मौके पर 25 अवासीय एवं 1 शैक्षणिक भूखण्ड खाली मिले। केडीए अधिकारियों के अनुसार इनका बाजारी मूल्य 50 करोड़ है। अब इन भूखण्डों को ई-ऑक्शन के माध्यम से विक्रय करने की केडीए तैयारी कर रहा है। अभिलेखों, पूर्व प्रकाशन, अर्जन प्रपत्रों एवं जीपीएस सर्वे की सहायता के जरिए संपत्तियों की जानकारी की जा रहा है।

रिपोर्ट का प्राधिकरण अभिलेखों से मिलान व स्थलीय निरीक्षण हो रहा है। सचिव की अध्यक्षता में विशेष कार्याधिकारी, सहायक अभियन्ता, तहसीलदार ने सुजातगंज में निरीक्षण किया।

**फिर गड़बड़ी** ऑन लाइन टिकट बुकिंग सेवा रही ठप, एयरपोर्ट पर चेक-इन में भी आई दिक्कत

# इंडिगो का सर्वर डाउन, यात्री रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर शनिवार को ठप हो गया। इससे विमान यात्री दिन भर परेशान रहे। ऑन लाइन टिकट बुकिंग बंद होने से शाम तक एक भी टिकट बुक नहीं हो सका। एयरपोर्ट में यात्रियों के चेक-इन में दिक्कत आई। यहां तक कि विमानों की आवाजाही की सूचना तक ठीक से नहीं मिल सकी। 3 माह पहले माइक्रोसाफ्ट के आपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले कंप्यूटर ठप पड़ने से विमान सेवाएं बाधित हुई थीं।

सुबह से ही दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई जाने वाले यात्री परेशान रहे। ट्रेवल्स एजेंटों को फोन करके विमान की स्थिति, टिकट बुकिंग आदि की जानकारी लेने की कोशिश नाकाम रही, क्योंकि उनके पास भी कोई सूचना नहीं मिली। तमाम लोगों ने कानपुर के बजाए लखनऊ से फ्लाइट लेने की कोशिश की, लेकिन इसमें भी कोई सफलता नहीं मिली। दोपहर बाद पता चला कि इंडिगो एयरलाइंस का पूरे देश में सर्वर डाउन है। कानपुर से इंडिगो की विमान सेवाएं दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरू के लिए हैं। एयरलाइंस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी दिए जाने के बाद यात्रियों की सही समस्या का पता चला। कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार और इंडिगो के मैनेजर मोहम्मद सैयद से संपर्क नहीं हो सका। अवध टूअर्स एंड ट्रेवल्स के निदेशक शारिक अलवी का कहना है कि इंडिगो के सर्वर में दिक्कत से टिकट बनाने मे दिक्कत आई।

### हैदराबाद की फ्लाइट को नहीं मिल रहे पर्याप्त यात्री



कानपुर से हैदराबाद के लिए इंडिगो की सप्ताह में 4 दिन उड़ान संचालित हो रही है। इंडिगो एयरलाइंस ने 189 सीटर विमान इस रूट पर लगाया है। एयरलाइंस अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों का लोड ठीक मिला तो जल्दी ही हैदराबाद की विमान सेवा प्रतिदिन हो सकती है। लेकिन स्थितियां इसके विपरीत हैं। हैदराबाद के लिए पर्याप्त यात्री लोड नहीं मिल रहा है। अभी भी शहर के यात्री अमौसी एयरपोर्ट से हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ रहे हैं। इसका कारण कानपुर की फ्लाइट पर भरोसा कम और समय अनुकूल नहीं होना बताया जा रहा है। हैदराबाद से फ्लाइट संख्या 6ई 6817 सुबह 8.55 बजे उड़ान भरकर कानपुर पूर्वाह्न 11 बजे आती है। कानपुर से हैदराबाद के लिए फ्लाइट 6ई 6819 पूर्वाह्न 11.30 बजे उड़ान भरकर हैदराबाद दोपहर 1.10 बजे पहुंचती है।

निःशुल्क शिविर! निःशुल्क शिविर! निःशुल्क शिविर!
स्व. सी.एन. मिश्रा एवं स्व. सुमन मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट
द्वारा विशाल पेट रोग व दन्त रोग शिविर
वरिष्ठ चिकित्सक
डॉ. पीयूष मिश्रा, DM Gastro, पेट रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्राची मिश्रा, B.D.S., F.A.G.E., Ex. Dental Surgeon- Bahrin, दन्त रोग विशेषज्ञ
निःशुल्क बॉडी कम्पोजीशन एनालिसिस (BCA) की जाँच
• बॉडी मॉस इण्डेक्स की जाँच (BMI) • आहार एवं व्यायाम संबंधी परामर्श • मोटापे से मुक्ति पाने की सलाह
यदि आप निम्न बीमारियों से ग्रसित हैं
• पीलिया • लिवर सिरोसिस • उल्टी-दस्त • खूनी-पेचिश • पेट का टी.बी. • पित्ताशय की पथरी • पेट जलन • अग्नाशय ग्रन्थि की समस्त बीमारियाँ • खून की कमी
शिविर में दन्त सुविधा
• रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट • फिलिंग • दाँतों की सफाई • कास्मेटिक ट्रीटमेन्ट • टेढ़े-मेढ़े दाँत
यदि आपको लगता है कि आप इन लक्षणों से ग्रसित हैं तो विशाल निःशुल्क शिविर का लाभ उठायें
शिविर में सुविधा • निःशुल्क मधुमेह व रक्तचाप जाँच। • निःशुल्क ई.सी.जी. जाँच। • निःशुल्क हेपेटाइटिस बी. व सी. की जाँच व हेपेटाइटिस टीकाकरण।
6 अक्टूबर, 2024 दिन रविवार, समयः प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थानः सी.एन. गेस्ट्रोकेयर एवं स्माइल डेंटल सेंटर प्रा. लि.
111/274, हर्ष नगर, (केनरा बैंक के सामने), कानपुर
Location Scanner
रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्कः 9151105050, 9335998401
24 Hour Bleeding Helpline No.: 9151105050
24 Hour Appointment No.: 08071967933

# सदस्यता में भाजपा उत्तर जिला और पिछड़ा

## सीसामऊ में उपचुनाव के बावजूद लापरवाही, सदस्यता अभियान में दक्षिण जिला पहले स्थान पर बरकरार

**रिपोर्ट में खुलासा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा का प्रस्तावित उपचुनाव जीतने के लिये भाजपा ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के बड़े नेताओं व प्रभारी ने डेरा जमा रखा है। लेकिन इसके बावजूद उत्तर जिला सदस्यता में पिछड़ रहा है। भाजपा सदस्यता अभियान की 4 अक्टूबर तक की रिपोर्ट में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में उत्तर जिला खिसक कर 7वें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले उत्तर जिला 5वें स्थान पर था।

कानपुर दक्षिण जिला ने पहले नंबर पर अपना कब्जा बनाए रखा है। दक्षिण जिला दूसरे चरण के सदस्यता अभियान में भी पहले नंबर पर है। पहले चरण के सदस्यता अभियान की रिपोर्ट के अनुसार कानपुर दक्षिण में 1,83,081 सदस्य बने हैं वहीं दूसरे स्थान पर रहे फतेहपुर जिला में 162930 सदस्य बने हैं। फर्रुखाबाद तीसरे स्थान पर है। यहां 149511 सदस्य बनाए गए हैं।

जालौन को चौथा स्थान मिला है। वहां 143008 सदस्य बने हैं। झांसी 142565 सदस्यों के साथ पांचवें स्थान, बांदा 140991 सदस्य बनाकर छठे स्थान पर तथा कानपुर उत्तर सातवें स्थान पर आया है, जहां 134626 सदस्य बनाए गए हैं। कानपुर ग्रामीण सदस्याता अभियान में आठवें स्थान पर हैं, यहां 120853 सदस्य बनाए गए हैं। कानपुर देहात 12वें स्थान पर आया है, यहां सदस्याओं का आंकड़ा 109046 दर्ज हुआ है। चित्रकूट 17वें नम्बर पर है, यहां केवल 53337 सदस्य बनाए गए हैं।


राखी मंडी में आयोजित जन चौपाल को संबोधित करते सांसद रमेश अवस्थी।

### सुधरेंगे निगम के स्कूल और अस्पताल

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा के राखी मंडी अफीम कोठी में जन चौपाल में शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि बस्ती के संपूर्ण लोगों को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा मिलेगी। नगर निगम के स्कूलों को आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। जिसमें बस्तियों के बच्चे न्यूनतम फीस पर उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण करेंगे। जो शिक्षा अमीर के बच्चे को मिलेगी इन स्कूलों में वही शिक्षा आपके बच्चे को मिलेगी। नगर निगमों के अस्पतालों को भी नर्सिंग होम की तर्ज पर विकसित करने का काम बहुत जल्द प्रारंभ होगा।

**कानपुर में अब तक बने सदस्य**

| | |
|---|---|
| किदवई नगर | 71063 |
| महाराजपुर | 56647 |
| छावनी | 55371 |
| गोविंद नगर | 48827 |
| कल्याणपुर | 39339 |
| सीसामऊ | 24846 |
| आर्य नगर | 21614 |
| बिल्हौर | 46801 |
| बिठूर | 43579 |
| घाटमपुर | 30473 |

### ढाई लाख सदस्य बनाने का दावा

कम सदस्यता पर उत्तर जिला की प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता ने पिछले दिनों बैठक कर पदाधिकारियों की क्लास लगाई थी। इसके बाद भी परफॉर्मेंस में कोई सुधार नहीं हुआ है। उत्तर जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने कहा कि सदस्यता का लक्ष्य ढाई लाख तक पहुंचाना है। 16 अक्टूबर तक इस लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

> मंडल प्रभारियों की तत्काल बैठक बुलाई है। सभी को कड़े निर्देश दिये गये हैं कि प्रत्येक दिन 5 घंटे अपने क्षेत्र में प्रवास कर सदस्यता बढ़ानी है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी
>
> – दीपू पांडेय, जिलाध्यक्ष उत्तर जिला भाजपा

# यति नरसिंहानंद पर एनएसए लगाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर-ए-इस्लाम पर विवादित टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। छावनी से सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने शनिवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीसीपी पूर्वी राजेश श्रीवास्तव को देकर डासना आश्रम के यति नरसिंहानंद पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) की कार्रवाई करने की मांग की। विधायक ने कहा कि यति नरसिंहानंद ने पैगंबर-ए-इस्लाम, हजरत अली के साथ सनातनी देवी देवताओं पर भी अशोभनीय टिप्पणी की है। उनके खिलाफ गाजियाबाद में दर्ज हुए मुकदमे में एनएसए की धारा भी जोड़ी जाए।

**शहरकाजी मिले ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर से:** शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर को ज्ञापन देकर यति-नरसिंहानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तार करने की मांग की। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विंग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल ने भी सरकार से मांग की है कि यति-नरसिंहानंद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि फिर कोई इस तरह की हरकत न करे। कठोर कार्रवाई होनी बहुत ही जरूरी है।


एडीसीपी पूर्वी राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते सपा विधायक हसन रूमी व अन्य।

### गिरफ्तार किए जाएं नरसिंहानंद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन महानगर कमेटी अध्यक्ष दिलदार गाजी व यूथ इकाई अध्यक्ष उमर मारूफ के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर को प्रतिनिधिमंडल ने यति नरसिंहानंद सरस्वती को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदेश महासचिव अजहर आलम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष रशीद अली किदवई, प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी हाजी रबीउल्ला मंसूरी, एडवोकेट इरशाद अहमद, नूर आलम, समीर खान, अनस अहमद, नवेद आलम, नावेद अंसारी, एडवोकेट मेराज अहमद, हफीज मंसूरी, इस्तियाक अंसारी, सोनेलाल गौतम, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद मुशीर शामिल रहे।

# ट्रेन से गायब युवक का पटरी पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पत्नी, सास व बेटे के साथ बिहार के बेगूसराय में जा रहा था घर

**अमृत विचार।** पटियाला से परिवार के साथ बिहार जा रहा युवक ट्रेन से लापता हो गया था। दिल्ली में घटना की ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। परिजनों के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज के बाद वह लोग पनकी जीआरपी के पास पहुंचे फिर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की। बिहार का बेगूसराय निवासी 38 वर्षीय मिथुन यादव पटियाला में एक होटल में नौकरी करता था। वह पत्नी रीना, बेटे मयंक और सास के साथ 1 अक्टूबर को आम्रपाली ट्रेन से घर लौट रहे थे। पनकी धाम के पास मिथुन अपनी सीट पर नहीं मिले। परेशान परिजनों ने दिल्ली के अलावा समस्तीपुर में भी प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर आई फोटो से परिजनों ने मिथुन को पहचान लिया। पुलिस का कहना है कि ट्रेन से नीचे गिरने से मौत हुई है।


मिथुन यादव।

### नशेबाजी का विरोध करने पर परिवार को पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के देवीगंज में नशेबाजी का विरोध करने पर आरोपियों ने युवती समेत परिवार को बुरी तरह से मारापीटा। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवीगंज निवासी मनीषा वर्मा के अनुसार पास के मोहल्ले का आरोपी निखिल चौरसिया अपने साथियों बाबू, मुकेश और खन्ना के साथ मिलकर पीड़िता के घर के पास शराब पीता है। विरोध करने पर मारपीट की।

# मोबाइल बना काल, कैशियर की ट्रेन की टक्कर से मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में स्कूटी खड़ी करके मोबाइल पर बात करते हुए रेलवे ट्रैक पार कर रहे बैंक के हेड कैशियर की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई। कैशियर ट्रेन की आवाज नहीं सुन सके और चपेट में आकर 200 मीटर तक घिसटते चले गए। हादसा शुक्रवार देर रात 12 बजे के बाद का बताया जा रहा है। रावतपुर थानाक्षेत्र के राधा विहार निवासी 43 वर्षीय मुकेश कुमार कनौजिया मंधना स्थित यूनियन बैंक शाखा में हेड कैशियर थे। बैंक के रीजनल ऑफिस में चालक छोटे भाई अमित कुमार ने बताया कि मुकेश को पिता की जगह नौकरी मिली थी। घर में पत्नी सौम्या, 3 वर्षीय बेटी सान्वी व मां रमा देवी है। शुक्रवार को ऑफिस से लौटने के बाद मुकेश गूबा गार्डन निवासी चाचा विनोद के घर गए थे। रात 12 बजे घर लौटते समय यूनिवर्सिटी के पास लघुशंका लगने पर स्कूटी खड़ी की। फोन पर बात करते-करते रेलवे ट्रैक पार करने लगे और ट्रेन की चपेट में आ गए।


मुकेश कुमार।


घटना की जानकारी देता भाई व साथी।

### मोबाइल व ईयर फोन के कारण लापरवाही में लोग गंवाते जान

**कानपुर।** रेलवे ट्रैक पार करते समय लापरवाही के कारण लोग लगातार ट्रेनों का शिकार बन रहे हैं। रेलवे अधिनियम की धारा 147 में रेल पटरी पार करने में पकड़ा जा सकता है। इसमें छह महीने तक की सजा और एक हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

### हाल की कुछ घटनाएं

- सचेंडी में ट्रैक पर बैठकर आशीष सिंह व सुभाष मोबाइल देखते समय ट्रेन की चपेट में आ गए थे।
- बिल्हौर निवासी किसान क्रासिंग पार करते समय मोबाइल पर बात करने के कारण ट्रेन की चपेट में आया था।
- कोमल सिंह मोबाइल पर बात करते समय इंदौर पटना एक्सप्रेस की चपेट में आ गई थीं।
- पनकी निवासी शीलू अग्निहोत्री की ईयरफोन के कारण गुरुदेव क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी।
- अनवरगंज में युवक जीशान ईयरफोन लगाकर ट्रैक पार कर रहा था, एलकेएम की चपेट में आने से मौत हो गई थी।
- शिवराजपुर निवासी प्रशांत बिठूर की मंधना क्रासिंग पर ईयरफोन लगाए होने से मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई थी।
- बीटेक स्टूडेंट घाटमपुर बहरौली गांव निवासी विकास रेलवे ट्रैक ईयरफोन लगाकर गाना सुनते जा रहा था। ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी।

### यह बरतें सावधानी

- जहां अधिकृत रेलवे क्रासिंग हो, वहीं से पैदल व वाहन से पार करें।
- मानव रहित रेलवे फाटक में दोनों तरफ ट्रेन देखकर ही पटरी पार करें।
- मोबाइल व ईयरफोन कानों में लगाकर रेलवे क्रासिंग या पटरी पार करने की गलती कतई न करें।
- रेलवे फाटक के कर्मियों को डरा धमका कर गेट खोलने को बाध्य न करें।
- क्रासिंग पर सिग्नल लाल व बैरियर गिरा रहने पर बगल के रास्ते से ट्रैक पार न करें।

## सार-संक्षेप


धरना देते कर्मचारी व समाजसेवी। अमृत विचार

### डीएवी कॉलेज में कर्मचारियों ने दिया धरना

**कानपुर।** डीएवी कॉलेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शनिवार को कॉलेज में धरना देकर आक्रोश जताया। कर्मचारियों ने गांधी जयंती पर कॉलेज में छुट्टी न करने पर गेट पर ताला लगाकर हंगामा किया था। डीएवी कॉलेज एवं छात्रावास कर्मचारी समिति की ओर से धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने गांधी जयंती का अवकाश निरस्त कर राष्ट्र विरोधी काम किया है। अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने आरोप लगाया कि नैक निरीक्षण को आधार बनाकर प्रचार्य व प्रबंधन कर्मचारियों से 10 घंटे प्रतिदिन काम ले रहा है। इसी क्रम में 2 अक्टूबर का भी अवकाश निरस्त कर दिया गया था। महाविद्यालय में 2 अक्टूबर को न तो झंडारोहण हुआ न गांधी जयंती से संबंधित कोई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कर्मचारी गांधी जयंती का कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे तो कॉलेज प्रशासन ने चित्र पुलिस की मदद से हटवा दिया था। धरने में गांधीवादी नेता सुरेश गुप्ता, कूटा महामंत्री अवधेश सिंह, रमेश यादव ,आनंद त्रिवेदी, अमरीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह, ओपी सिंह ,समर बहादुर सिंह, डीपी सिंह सतीश गुप्ता मौजूद रहे।

### बीएस-4 में रेनू धीमान की जगह नीलू गौतम अध्यक्ष

**कानपुर।** बहुजन समाज स्वाभिमान संघर्ष संगठन (बीएस-4) में प्रदेश उपाध्यक्ष व मध्यक्षेत्र के मुख्य प्रभारी राजू भारती बाल्मीकि ने समीक्षा बैठक की। अनुशासनहीनता में रेनू धीमान को पद से मुक्त करके आग्रिम आदेशों तक कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। उनकी जगह पर नीलू गौतम को महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। वह अभी तक सीसामऊ विधानसभा अध्यक्ष पद पर थीं।

### पत्नी की हत्या में आरोपी पति की थम गईं सांसें

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र में स्तिथ पिपौरी के अर्शा गांव में मकान बेचने के विवाद में बुधवार को पत्नी शशि की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर जान देने की कोशिश करने वाले बुजुर्ग प्रहलाद सिंह ने शनिवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह जीआरपी को पनकी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले थे। रविवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। गुजैनी थानाप्रभारी विनय तिवारी ने बताया प्रहलाद सिंह ने सोते समय पत्नी शशि के सिर पर कुल्हाड़ी मार कर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद वह घर से निकल कर करीब चार किमी दूर झांसी रेलवे ट्रैक पहुंच गया था। पुलिस को घटनास्थल से हत्या के लिए इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद हुई थी। बेटे सतेन्द्र की तहरीर पर प्रहलाद के खिलाफ पत्नी की हत्या की रिपोर्ट दर्ज गई थी ।

# 'मैं परिधियों में रहूं या तोड़ दूं सारी परिधियां'

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गीतकार रामस्वरूप सिंदूर के रचना संसार के चुनींदा गीतों पर विमर्श में व्याख्याताओं ने उनके कवि जीवन के अलग-अलग पक्षों पर टीका-टिप्पणी की जो कहीं पर चुटकी काटने जैसी रही तो कहीं पर उन्हें छायावादी नवगीत परंपरा की कविता शैली से इतर गीतांतर परंपरा का परिचय कराने व उसका पोषक बताया। यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित गीत सिंदूरी-गीत स्मरण विमर्श पर परिचर्चा की अध्यक्षता साहित्यकार प्रो.लक्ष्मीकांत पांडे ने की। मुख्य अतिथि इंद्रमोहन रोहतगी रहे।

आदर्श त्रिपाठी ने सिंदूर के गीतों को संगीतमय स्वर दिया। प्रथम वक्ता योगेश कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें सौंदर्यबोध, प्रेम और अध्यात्म का गीतकार बताया। उन पर एक टिप्पणी संचालक गीतकार विनोद कुमार श्रीवास्तव ने आपत्ति की और कहा कि यह अवसर उन्हें स्मरण करने का है। दूसरे वक्त विनोद सोनकिया ने उनके शब्दों के चयन को क्लिष्ट बताया तो पीपीएन कालेज के हिंदी विभाग के पूर्व हेड प्रोफेसर लक्ष्मीकांत पांडे ने सिंदूर को प्रणय का गीतकार बताया। उन्होंने व्याख्यान में एक पंक्ति भी उद्धृत की, 'मैं परिधियों में रहूं या तोड़ दूं सारी परिधियां।' उन्होंने कहा कि सिंदूर ने जो लिखा वही जिया। उन्हें अध्यात्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए था। उनका स्वभाव ही अध्यात्म है। वह तो प्रणय के कवि हैं। सिंदूर के गीत प्रणय, वियोग से भरे पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि रामस्वरूप सिंदूर कानपुर के गीतों की परंपरा के भाल पर तिलक की तरह शोभायमान हैं। उन पर सार्थक चर्चा से उनकी परंपरा को बढ़ाते हुए नयी पीढ़ी को कुछ दिया जा सकता है। वह गीत परंपरा में उतने ही प्रासंगिक हैं जितने नीरज और रमानाथ अवस्थी। डॉ.दया दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संयोजक अनिल सिंदूर ने धन्यवाद दिया।


प्रो . लक्ष्मीकांत पांडे को सम्मानित करते पूर्व डीआईजी रतन श्रीवास्तव। अमृत विचार

# मुर्गीदाना उत्पादन कंपनी के कर्मी ने हड़पे रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र के पांडुनगर निवासी रोहित तिवारी ने सुन्दरान्यूटरी फीड एलएलपी कंपनी के कर्मचारी पर 1.45 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है।

रोहित तिवारी सुन्दरान्यूटरी फीड एलएलपी कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। रोहित ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी मुर्गीदाना का उत्पादन और व्यापार करती है। कंपनी ने मूलरूप से चंदौली के सकलडीह निवासी लवकुश कुमार सिंह को एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर नियुक्त किया था। जो वर्तमान में बनारस के बड़ा लालपुर लाम्ही में रहता है। लवकुश का काम बनारस व आस पास के क्षेत्रों से आर्डर प्लेस करके कस्टमरों को माल की आपूर्ति करना था। जिसक भुगतान सीधे कंपनी के खाते में करवाना था। आरोप है कि लकुलश ने फर्जी दस्तावेज के सहारे अलग अलग डीलरों के नाम से एक करोड़, 45 लाख, 65 हजार, 950 रुपये का आर्डर प्लेस कर कंपनी के खाते में भुगतान न करा वह भुगतान स्वयं ले लिया। इसका खुलासा तब हुआ जब कंपनी के प्रतिनिधि मंडल ने कस्टमर से बातचीत की।

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक,आफिस काम्पलेक्स केशवपुरम, कल्यानपुर, कानपुर
E-Mail Address: emoy1knp@upavp.com

पत्रांक: 1641 सं0प्र0 दिनांक: 01.10.2024

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की केशवपुरम योजना संख्या-01 कानपुर में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या एल-579 श्रीमती इन्द्रा पत्नी श्री राम किशन के पक्ष में आवंटित किया गया है। आवंटी द्वारा उक्त भवन का फ्री होल्ड विकय विलेख परिषद से दिनांक 23.09.2010 को निष्पादित करा लिया गया जो उप निबंधक कानपुर नगर में दिनांक 24.09.2010 को पंजीकृत है। श्रीमती इन्द्रा पत्नी श्री राम किशन द्वारा उक्त भवन का विकय श्रीमती फूलमती पत्नी श्री नन्द किशोर निवासिनी भवन संख्या 169 ओ-ब्लाक, आवास विकास योजना नं0-1 केशवपुरम कानपुर नगर के पक्ष में कर दिया गया, जो उप निबंधक कानपुर नगर में दिनांक 15.11.2010 को पंजीकृत है। तत्पश्चात श्रीमती फूलमती पत्नी श्री नन्द किशोर द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती मीना पत्नी श्री सुशील कुमार निवासिनी 32/6 विष्णुपुरी कालोनी, नवाबगंज, कानपुर नगर के पक्ष में कर दिया गया, जो उप निबंधक कानपुर नगर में दिनांक 10.09.2012 को पंजीकृत है। श्रीमती मीना पत्नी श्री सुशील कुमार ने अपने दिनांक रहित प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया गया है, कि उक्त भवन के विक्रेताओं द्वारा अपना निवास स्थान छोड़कर कहीं अन्यत्र स्थान पर चले जाने तथा निवास पर न मिलने के कारण उनसे सम्पर्क नहीं होने की दशा में उनसे सम्बन्धित प्रपत्र न प्रस्तुत कर पाने तथा नामान्तरण सम्बन्धी अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुये उक्त भवन को अपने नाम पर अन्तरण हेतु अनुरोध किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित सम्पत्ति संख्या भवन संख्या एल-579 को श्रीमती मीना पत्नी श्री सुशील कुमार के पक्ष में नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, आफिस काम्पलेक्स कल्यानपुर, कानपुर में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता श्रीमती मीना पत्नी श्री सुशील कुमार के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा, जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।

(आनन्द कुमार) सम्पत्ति प्रबन्धक

# शहर में बंद होंगी झोलाछाप की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप जगह-जगह दुकानें खोलकर लोगों की जान से खिलवाड़ करने का काम कर रहे है। केस बिगड़ने पर खुद को फंसने से पहले वह संबंधित मरीजों को अन्य अस्पताल रेफर कर देते हैं। कई बार झोलाछापों की वजह से मरीजों की जान चली जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछापों के खिलाफ अभियान चलाने का फैसला लिया है।

शासन ने सीएमओ को झोलाछाप के क्लीनिकों व नर्सिंग होम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शहर से लेकर गांव तक जिले में सैकड़ों की संख्या में झोलाछाप क्लीनिक व नर्सिंग होम का संचालन धड़ल्ले से कर रहे हैं। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक की है।

### सील अस्पताल बिना अनुमति जाते खुल

शहर में सैकड़ों की संख्या में कल्यानपुर, पुराना शिवली रोड, पनकी, बर्रा, गोविंद नगर, सचेंडी, नौबस्ता, सरसौल, महाराजपुर, घाटमपुर में अवैध नर्सिंग होम्स संचालन किया जा रहा है। लेकिन अवैध रूप व मानक विहिन संचालित ऐसे अस्पतालों पर जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारी पूर्ण रूप से लगाम लगाने में नाकाम साबित होते दिख रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारी कार्रवाई करते हैं, लेकिन सील अस्पतालों का संचालन फिर से होने लगता है।

**तकरीर** कोयला नगर स्थित मक्का मस्जिद में जश्ने शेख ए आजम का आयोजन

# जंग के खिलाफ करायी अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेख ए आजम सय्यद इजहार अशरफ अलैहिर्रहमह ने गांव-गांव जाकर सुन्नीयत की खूब खिदमत अंजाम दी। वह साफ दिल और नेक सीरत इंसान थे। यह बात आल इंडिया गरीब नवाज कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गद्दियाना ईदगाह के इमाम मौलाना हाशिम अशरफी ने शनिवार को जश्ने शेख ए आजम में तकरीर में कही। उन्होंने दुनिया में जहां कहीं जंग चल रही है, वहां अमन के लिए दुआ कराई।

मक्का मस्जिद कोयला नगर में हुए आयोजन में मौलाना ने बताया कि कानपुर में बड़ी संख्या में लोग शेख ए आजम के मुरीद थे। वे अक्सर मदरसा अशरफुल मदारिस गद्दियाना आते थे। हाफिज एजाज अहमद अशरफी ने कुरान की तिलावत की। सैयद खुर्शीद आलम ,मोहम्मद हसन शिबली ने नात शरीफ पढ़ा। संचालन हाफिज मोहम्मद अरशद अशरफी ने किया। हाफिज मिन्हाजुद्दीन कादरी, हाजी एहसान खान, हाजी हैदर अली, शमसुल कमर, अफसर सिद्दीकी, हाजी रिजवान अहमद, मोहम्मद तौफीक, मेराज अहमद,शरीफ अहमद, अशफाक अली मौजूद रहे।

- हाफिज एजाज अहमद ने कुरान की तिलावत की


कोयला नगर में जश्ने शेख-ए-आजम मनाते उलेमा। अमृत विचार

### वलियों के सरदार हैं सरकार गौस-ए-आजम

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत का 11 दिवसीय जश्ने गौसुलवरा एवं इस्लाहे मुआशरा के पहले दिन मछरिया स्थित आवास विकास में शनिवार को हुए जलसे में कहा गया कि सरकार गौस-ए-आजम वलियों के सरदार हैं। जलसे की अध्यक्षता हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने की। मुफ्ती अनवारूल हक अजहरी ने कहा कि 471 हिजरी 1 रमजान शब (रात) में आप दुनिया में तशरीफ लाए। हाफिज मोहम्मद शमशाद ने कुरआन की तिलावत की। हाफिज मोहम्मद आमिर अजहरी ने नातिया कलाम पेश किया। कार्यक्रम संयोजक असरार अहमद ने शुक्रिया अदा किया। शहबाज अनवर अंसारी, सरफराज अनवर अंसारी, शाहनवाज आलम अन्सारी, सैयद शाबान, हाफिज मुशीर आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शिव पूजन पुत्र गंगाराम, निवासी-बी-29/7, आर0डी0एस0ओ0 कालोनी, मानकनगर, लखनऊ,** मेरी पुत्री अपूर्वा (APOORVA) के नगर निगम लखनऊ जिसकी (पंजीयन संख्या-B-2018:9-90321-052343 व पंजीकरण तारीख 24.07.2018) द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश प्रस्तुति (PRASTUTI) लिख गया है। जबकि पुत्री का सही नाम अपूर्वा (APOORVA) जो कि पुत्री के आधार कार्ड में अंकित है तथा उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम अपूर्वा (APOORVA) अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं VIVEK KUMAR SINGH पुत्र SURENDRA NATH SINGH निवासी-खैराबाद, दरियापुर , जिला सुलतनपुर, मेरे पुत्र ARIDAMAN SINGH के विद्यालय अभिलेख में उसके पिता का नाम VIVEK KR SINGH लिखा है जबकि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड एवं अन्य में मेरा पूरा नाम न VIVEK KUMAR SINGH लिखा है। यह कि VIVEK KR SINGH व VIVEK KUMAR SINGH दोनों नाम एक व्यक्ति के है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम VIVEK KUMAR SINGH अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सरला चौहान** (SARLA CHAUHAN) **पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह चौहान** (RAJENDRA SINGH CHAUHAN) **जन्मतिथि** 10/07/1961 (**वर्तमान पता) और स्थायी पता-772, 42/4, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ, उ0प्र0-226001** यह कि आधार में मेरा नाम सरला चौहान (SARLA CHAUHAN) अंकित है तथा सोसाइटी के जमा प्रमाणपत्र/ आरडी पासबुक में मेरा नाम Sarla Chauhan R S Chauhan अंकित है। उपरोक्त नाम एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं अर्थात मै सोसायटी का खाताधारक एवं सदस्य दोनों ही हूँ,

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अद्वितीय सिंह का नाम बदल कर अद्वितीय महेन्द्र सिंह कर दिया है। जो कि सही है। मेरे पुत्र को अद्वितीय महेन्द्र सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **महेन्द्रभान सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल ग्राम खानपुर, पो. मसेनी, जिला-फर्रूखाबाद**

# जिम और 'जवानी की मशीन' सीज, एसआईटी गठित

**करोड़ों की ठगी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर में इजराइल की ऑक्सीजन थेरेपी मशीन के जरिए बुजुर्गों को 25 साल जैसा जवान बनाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी के मामले में पता चला है कि फरार आरोपी दंपति ने नेटवर्क मैनेजमेंट की तरह मल्टीलेवल स्कीम लागू कर 1000 से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। पुलिस ने शनिवार देर शाम जिम और ऑक्सीजन मशीन को केस प्रापर्टी बनाकर सीज कर दिया। 8 सदस्यीय एसआईटी टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि जिम संचालक दंपति राजीव दुबे व रश्मि दुबे एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार हैं। विवेचक ने जिम और ऑक्सीजन थेरेपी देने वाली मशीन को सीज कर दिया है।


पुलिस ने किदवई नगर में जिम को सीज कर दिया है। अमृत विचार

● दंपति ने नेटवर्क मल्टीलेवल स्कीम के जरिए 1000 से ज्यादा लोगों को शिकार बनाया

दंपति का बैंक और कॉल डिटेल खंगाला जा रहा है। मामले की जांच के लिए उनकी अध्यक्षता और इंस्पेक्टर किदवई नगर बहादुर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई है। एसएसआई बाबूपुरवा अवधेश कुमार शुक्ला, एसआई प्रदीप कुमार सिरोही, साउथ जोन से सर्विलांस प्रभारी अजय कुमार गंगवार, साइबर सेल प्रभारी सनित कुमार मलिक, किदवईनगर थाने की महिला दरोगा देवकी, कांस्टेबल मोहित कुमार व साउथ जोन के साइबर सेल में तैनात कांस्टेबल अबरार हुसैन टीम के सदस्य हैं।

### जो पीड़ित सामने आएंगे दर्ज होगी एफआईआर

डीसीपी साउथ ने बताया कि स्वरूपनगर के प्रभु अपार्टमेंट निवासी आरोपी जिम संचालक दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद दो दर्जन से अधिक पीड़ित सामने आए हैं। इनमें धर्मेंद्र कुमार, संजीव कुमार पाठक, राजीव यादव, अभिषेक मिश्रा आदि ने रविवार को तहरीर देने की बात कही है। तहरीर मिलने पर और एफआईआर दर्ज की जाएंगी। फरार दंपति पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई कर अपराध से कमाई गई उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी।

### विवेचक से अधिवक्ता ने किया संपर्क

डीसीपी ने बताया कि मामले के विवेचक से दंपति के अधिवक्ता ने संपर्क कर पक्ष रखने की बात कही है। दंपति ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में अपील की है। याचिका खारिज कराने के लिए मामले के विवेचक ने रिपोर्ट तैयार की है।

### दंपति की नेताओं के साथ फोटो वायरल

आरोपी दंपति को कई नेताओं के साथ फोटो सोशल मीडिया पर शनिवार को वायरल हुई। इसमें जिम के उद्घाटन के समय एक वरिष्ठ माननीय और दूसरे विधायक भी हैं। साइबर सेल पता लगा रहा है कि फोटो किसने वायरल की है।

### तमाम पीड़ितों ने 70 से 80 लोगों को नेटवर्क में जोड़ा

जिम संचालक राजीव दुबे और उनकी पत्नी रश्मि दुबे ने 2 साल पहले साकेतनगर में रिवाइवल वर्ल्ड नामक संस्था खोली थी। आरोप है कि दोनों ने शहर के लोगों को झांसा दिया कि इजराइल से 25 करोड़ रुपये में मंगाई मशीन के जरिये ऑक्सीन थेरेपी देकर 64 वर्ष के बुजुर्ग को भी 25 साल जैसा युवा बनाया जा सकता है। इसके बाद नेटवर्क मैनेजमेंट की तरह स्कीम चलाई। लोगों को ग्रुप बढ़ाने के एवज में 30 प्रतिशत छूट का लालच दिया गया था। इस पर तमाम लोगों ने 70 से 80 लोगों को जोड़ लिया था। ऐसी ही ठगी की शिकार स्वरूपनगर निवासी पीड़िता रेनू सिंह चंदेल ने 20 सितंबर को दंपति के खिलाफ किदवईनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## एक नजर

### आरा मशीन साफ करते फिसला बुजुर्ग, मौत

**कानपुर।** फजलगंज क्षेत्र के विजय नगर निवासी रामप्रकाश (60) गड़रियनपुरवा की एक आरा मशीन फैक्ट्री में काम कर रहा था। बेटे अंकित ने बताया कि वह आरा मशीन साफ कर रहे थे, तभी पैर फिसलने से गिर गए। कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल पहुंचे तो सांसें थम चुकी थी। पत्नी रामश्री ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** जूही क्षेत्र में परमपुरवा जालपा नगर निवासी मोहम्मद अल्तमश (22) ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के बड़े भाई फरीद ने बताया कि अल्तमश चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। बताया कि वह लोग खुद बहुत अंचभित हैं, कि मां परवीन कमरे के बाहर काम कर रही थी इस दौरान उसने अंदर जाकर फांसी लगा ली।

### कैमरा का तार काटकर चोरी

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र के गडरियनपुरवा में विजय नगर निवासी राहुल वैध की ओम साई ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। पीड़ित के अनुसार रोज की तरह वह सुबह फर्म पहुंचे तो ऑफिस का ताला टूटा पड़ा था। वहां का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था तथा गुल्लक से नकद 60 हजार रुपये चोरों ने पार कर दिए थे। पीड़ित के अनुसार चोरों ने पहले सीसीटीवी के तार काटे इसके बाद घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डांडिया में नाम बदलकर घुस रहे युवक की पिटाई

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पीटा, 2 नामजद व 4 अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र पर शहर में जगह-जगह डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसे लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कहा था कि कार्यक्रमों में एक समुदाय के लोगों के प्रवेश को लेकर निगरानी की जाएगी। मोतीझील में आयोजित डांडिया रास में बजरंग दल और वीएचपी कार्यकर्ता लोगों का आधार कार्ड चेक कर उन्हें भीतर जाने की इजाजत दे रहे थे। इसी दौरान एक युवक कथित तौर पर नाम बदलकर एंट्री चाहता था। इस युवक को पकड़ लिया गया। उसे दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने पर कमिश्नरेट पुलिस सक्रिय हुई और जानकारी कर दो नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

स्वरुप नगर थानाक्षेत्र में स्थित मोतीझील लाजपत भवन में शुक्रवार रात डांडिया रास का कार्यक्रम चल रहा था। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एंट्री गेट पर मोर्चा संभाल रखा था। आधार कार्ड चेक करने के बाद ही लोगों को पंडाल में एंट्री करने की अनुमति दे रहे थे। इस दौरान एक युवक उन लोगों के हाथ लग गया। दोनों पक्षों में पहले बहस हुई। इसके बाद युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। उसके कपड़े तक फाड़ डाले गए। कार्यक्रम में शामिल लोगों का कहना था कि हिंदूवादी संगठनों को आधार कार्ड चेक कर एंट्री देने का अधिकार किसने दिया। यह काम पुलिस का था। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी के अनुसार स्वरूप थाना क्षेत्र में एक डांडिया के कार्यक्रम में कुछ लोगों द्वारा एक मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसको संज्ञान में लेते हुए दरोगा रवि कुमार की तहरीर पर पिंटू परमार निवासी कर्नलगंज, मोहित कुमार निवासी जाजमऊ व तीन से चार अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यदि किसी को कोई शिकायत हो तो पुलिस या डायल 112 पर शिकायत करनी चाहिए। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।


मोतीझील में युवक को पीटते लोग। फोटो वीडियोग्रैब

● घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हुई सक्रिय, कई लोगों से की गई पूछताछ

# बेटे के सामने चाकू से फाड़ दिया था पत्नी का पेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आंतरिक रक्तस्त्राव से गई जान

● आरोपी पति को सीसामऊ पुलिस ने भेजा जेल

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र के द्वारिकापुरी बाजार में पत्नी की पति ने डेढ़ वर्षीय बेटे के सामने ही एक बार में ही चाकू पेट में गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जब तक परिजन उसे अस्पताल ले जाते तब तक उसी सांसे थम गईं थीं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी पति को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। वहीं मां पूजा देवी का आरोप था कि वह लगातार दहेज के लिए बेटी को परेशान कर रहा था, जिस कारण तीन महीने से बेटी उनके पास रह रही थी।

द्वारिकापुरी बाजार निवासनी मां पूजा देवी ने बताया था कि चार साल पहले बेटी शिवानी ने अमन निवासी चाचा नेहरू हॉस्पिटल बासमंडी चौराहा के साथ अपनी मर्जी से प्रेम विवाह किया था। बताया कि शादी के बाद उसे डेढ़ वर्ष पुत्र आयुष है। गुरुवार देर शाम को शिवानी द्वारिकापुरी बाजार स्थित मायके में थी, तभी पति अमन मायके पहुंचा। यहां पहले दोनों में जमकर विवाद हुआ, पति ने पत्नी को दहेज की मांग पूरी न होने पर जमकर मारापीटा। इसके बाद उसके पेट में बेटे के सामने चाकू मार दिया। परिजन उसे गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचे। इलाज के दौरान शुक्रवार को शिवानी की मौत हो गई। पति वैन से भाग निकला था। जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन सघन चेकिंग शुरू कराई थी। पुलिस ने करीब आधा सैकड़ा वैन सवारों को रोककर पूछताछ की। जिसके बाद वह हत्थे चढ़ गया था। सास पूजा का आरोप है, कि वह अक्सर बेटी शिवानी को तलाक देकर दूसरी शादी करने जाने की धमकी देता था। मां के अनुसार हत्या करने के समय जब नाती मां की छाती से लिपट कर रोया तो सबको जानकारी हो सकी। इस संबंध में थाना प्रभारी सीसामऊ हिमांशु चौधरी ने बताया कि फोरेंसिक को मौके से चाकू बरामद हो चुका है। मामले की जांच एसीपी सीसामऊ कर रहे है। बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। अभी तक तो मामला दहेज हत्या का ही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# निषाद राज से मिले राम कुटिया में किया विश्राम

**कानपुर।** राम-सिया और लक्ष्मण को देखकर निषाद राज आनंदित हुए और गांव वालों को बुलाकर बताया कि प्रभु राम हमारे नगर आए हैं। इनका परिवार के साथ मिलकर स्वागत करों। सभी राम की सेवा में लग जाते हैं। कंदमूल, फल खिलाने के बाद राम के विश्राम के लिए कुटिया बनाते हैं। शनिवार को चंद्रिका देवी रोड डिप्टी पड़ाव में निषाद राज के यहां विश्राम लीला देख लोग आनंदित हो उठे।

अयोध्या से वन गमन को निकले राम आर्य सुमंत के रथ में सवार होकर वन की ओर जाते हैं। राम पहला विश्राम तमसा नदी के तट पर करते हैं। उसके बाद निषाद राज के यहां पहुंचते हैं। यहां राम-सिया व लक्ष्मण को देखकर निषाद राज आनंदित होते हैं। ग्राम वासियों को बुलाकर बताते हैं कि यह सबके लिए सौभाग्य है, इसलिए सभी मिलकर राम का स्वागत करें। कंदमूल व फल खिलाकर विश्राम के लिए कुटिया बनाते हैं। आसन बिछाकर राम से विश्राम का आग्रह करते हैं। राम निषाद राज को पौराणिक कथाएं सुनाते हैं। मंचन में श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनीत त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विजय त्रिवेदी, प्रधानमंत्री विकास बाजपेई, पार्षद आकर्ष बाजपेई कोषाध्यक्ष पुनीत त्रिपाठी, रंगमंच संयोजक दिनेश शुक्ला रहे।

● चंद्रिका देवी रोड डिप्टी पड़ाव में हुआ रामलीला का मंचन

# राम-सिया ने लिए सात फेरे, पुष्प वर्षा कर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जानकी की मांग में सिंदूर भरते प्रभु राम, पार्श्व में गए जा रहे मंगलगीत यह मनोहारी दृश्य परेड रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला का। यहां प्रभु राम ने सिया, भरत ने मांडवी, लक्ष्मण ने उर्मिला और शत्रुघ्न ने श्रुतिकीर्ति के साथ सात फेरे लिए तो जय- जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। इससे पहले मेस्टन रोड स्थित रामलीला भवन से निकाली गई बारात के मनोहारी दृश्य से ने हर किसी का मन मोह लिया।

शोभायात्रा श्री रामलीला भवन से शुरू हुई जो प्रयाग नारायण मंदिर शिवाला, चूड़ी बाजार,बड़ा चौराहा, अस्पताल रोड, नवीन मार्केट, परेड फल मंडी, नारायणी धर्मशाला होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। अश्व पर सवार राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की मनोहारी जोड़ी हर किसी का मन मोह रही थी। जिन रास्तों से प्रभु की बारात निकली लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। महाराज जनक ने दशरथ जी को विवाह समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा। दूत का संदेश सुनकर वे फूले नहीं समाए और बारात लेकर पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का विवाह हुआ। पदाधिकारियों ने जानकी, मांडवी, श्रुतिकीर्ति और उर्मिला के पांव पूजे। यहां संस्था के प्रधानमंत्री कमल किशोर अग्रवाल, अमरनाथ मेहरोत्रा, आलोक अग्रवाल, हरीश बंसल, वीरेंद्र अग्रवाल, अजय रहे।


परेड की रामलीला में प्रभु राम की तीनों भाइयों भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ बारात निकली। अमृत विचार

● श्रीरामलीला सोसायटी की ओर से परेड में रामलीला

**महाकुंभ का आमंत्रण** करौली शंकर महादेव के साथ दर्शन-पूजन कर किया अभिषेक, गुरु गोरखनाथ की भेंट की गई प्रतिमा

# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को करौली शंकर ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी रविंद्रपुरी जी महाराज शनिवार को करौली शंकर महादेव धाम पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं ने उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। करौली शंकर महादेव के साथ उन्होंने महादेव का दर्शन पूजन व अभिषेक किया।

रवींद्र पुरी जी महाराज ने करौली शंकर को रुद्राक्ष की माला पहनाकर और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। करौली शंकर ने भी उनका सम्मान किया और गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा भेंट की। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने उन्हें प्रयागराज में 2025 में लगने वाले महाकुंभ में अपना खालसा लगाने के लिए आमंत्रित किया। प्रयागराज में आयोजित अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक शामिल होने जा रहे रविंद्रपुरी महाराज ने करौली शंकर महादेव से कई विषयों पर चर्चा की। करौली शंकर महादेव ने खालसा लगाने के उनके आमंत्रण को स्वीकार कर लिया। रविंद्रपुरी जी महाराज ने महादेव धाम में होने वाली बाबा जी एवं मां कामाख्या की आरती व माता महाकाली के महाभिषेक में हिस्सा लिया।

करौली शंकर महादेव ने उन्हें गोसेवा, गंगा प्रदूषण मुक्ति और युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिए स्कूल- कॉलेजों में चलाए जा रहे अभियान के बारे में बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ ही कर्नाटक व अन्य राज्यों में युवाओं को संस्कारित बनाने, सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए प्राण प्रण से लगने के लिए उन्हें प्रेरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण, गंगा घाट पर प्रत्येक रविवार को होने वाली महाआरती व अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यों से उन्हें परिचित कराया। युवाओं को संस्कारित बनाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए करौली शंकर महादेव द्वारा चलाए जा रहे अभियान की रविंद्र पुरी महाराज ने सराहना की।


करौली शंकर महादेव धाम में दर्शन-पूजन करते अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी रविंद्रपुरी महाराज। अमृत विचार

# वाहन चालकों की नजर मिली कमजोर

**कानपुर।** मार्ग दुर्घटनाओं में वृद्धि का बड़ा कारण चालकों की आंखें कमजोर होना भी है। आंखों में मोतियाबिंद के बाद भी चालक वाहन चला रहे हैं। शनिवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आरटीओ कार्यालय में चालकों के परीक्षण कैंप में यह बात सामने आई।

डॉ. आरके तिवारी, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. संतोष उपाध्याय ने 593 चालकों के स्वास्थ्य और आंखों का परीक्षण किया। उजाला सिगनस हेल्थ केयर सविर्सेस काकादेव एवं सीएमओ, कनिका हॉस्पिटल हर्ष नगर ने कैंप लगाया। 18 चालकों को मोतियाबिंद, 5 को नाखूना, 75 की आंखें कमजोर मिलीं। 402 चालक शुगर की बीमारी से ग्रसित मिले। आरटीओ राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ विदिशा सिंह, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, अंबुज भास्कर, कहकशां खातून, आरके वर्मा, डीके सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप


रेलवे अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने रेलवे के डीइएन को ज्ञापन सौंपा

**कानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व महानगर अध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह ने शनिवार को कोपरगंज साइडिंग, झकरकटी में आवंटित प्लाटों का लाइसेंस शुल्क दो वर्षों से जमा न किए जाने पर प्रयागराज मंडल के डीइएन आयुष सिंह से मुलाकात की और समस्या पर चर्चा करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञानेश मिश्र ने डीइएन से कहा कि साइडिंग, आवंटित प्लाटों के शहर में कई लाइसेंसी हैं। आवंटी व्यापारी लगभग 40 वर्षों से प्लाटों पर व्यापार कर रहे हैं। सभी व्यापारी निर्धारित लाइसेंस शुल्क जमा करते है। अवंटियों में कई की मृत्यु के बाद रेलवे ने प्लाटों का का आवंटन परिवार के सदस्यों को छोड़कर दूसरों के नाम कर दिया है। आवंटी 2022 तक लाइसेंस शुल्क सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय कैंट में जमा करते आ रहे थे, लेकिन दो वर्षों से अब वहां जमा नहीं हो रहा है। न ही कुछ स्पष्ट कारण बताया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि व्यापारियों को शुल्क जमा करने में राहत दी जाए। डीइएन ने आवंटित प्लाटों का एग्रीमेंट करने व लाइसेंस शुल्क लेने पर नियमानुसार विचार करने का व्यापारियों को आश्वासन दिया। इस मौके पर टिंबर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतहरुद्दीन व उपाध्यक्ष ओमकारनाथ मल्होत्रा, सरदार गुरुविंदर सिंह, ओमप्रकाश ओमर, सुरेन्द्र जायसवाल आदि रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

### शक्ति आराधना में आदि शक्ति के स्वरूपों का वर्णन

**कानपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से शनिवार को मां दुर्गा पैलेस भवानीनगर में शक्ति आराधना कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शक्ति आराधना में आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी दिव्येश्वरानंद ने आदि शक्ति माता के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया। महराज के शिष्य-शिष्याओ ने मंच से माता के भजनों का गायन कर लोगों को आनंदित किया। मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे। शक्ति आराधना में क्षेत्रीय लोगों की भीड़ रही। महाराज ने माता आदि शक्ति के सभी स्वरूपों का बखान किया। कार्यक्रम में पार्षद निर्देश सिंह चौहान, जिला महामंत्री राम बहादुर यादव, राकेश सिंह चौहान, दिलीप सिंह ,सागर भदौरिया, राजेन्द्र यादव आदि रहे।


भोजन वितरण करते विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

### श्रीराम रसोई में 10 रुपये में भरपेट भोजन

**कानपुर।** बाबा सिद्धेश्वर सेवा समिति की ओर से रावतपुर गांव मंदिर प्रांगण में श्रीराम रसोई का शुभारंभ शनिवार को कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया । इस मौके पर निशुल्क स्वस्थ कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें सभी प्रकार की जांचें व दवा वितरण किया गया। यहां ओपीडी सेंटर की सुविधा रहेगी, जिससे लोगों को लाभ मिलता रहे। इस मौके पर महापौर प्रमिला पांडे, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, भाजपा नेता शैलेंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे। बाबा सिद्धेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ शिविर, मेडिकल कैंप व श्री राम रसोई में 10 रुपये में जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कराया जाएगा। हर दिन दोपहर 12 से 2 बजे तक और शाम को 6 :30 से 8 :30 बजे तक श्रीराम रसोई का संचालन होगा। लोगों की संख्या बढ़ने पर रसोई का समय भी बढ़ा दिया जाएगा। यहां आने वाले जरूरतमंद को खाली पेट वापस नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उदित अग्रवाल, रोहित गुप्ता, नमित गुप्ता, कल्पित गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनीष चौधरी और राहुल चंदेल आदि रहे।


मोतीझील में आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करतीं सफाई अभियान की ब्रांड अंबेसडर मन्नत मां। अमृत विचार

### 251 घंटे सफाई से इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम

**कानपुर।** 25 सितंबर को संगीत टॉकीज डिप्टी पड़ाव से शुरू नगर निगम का अनवरत महा अखंड सफाई अभियान शनिवार को मोतीझील में आकर खत्म हो गया। 251 घंटे अनवरत सफाई अभियान को पूरा कर नगर निगम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हो गया। सफाई अभियान में कुल 1580 सफाई कर्मचारियों ने 1 हजार किमी. सड़क की सफाई की। इस दौरान कर्मचारियों ने 9500 किलो मीटर नालियों की सफाई, 5800 मीटर ग्रीन बेल्ट की सफाई, 20 एतिहासिक स्थल और घाटों की सफाई, 20 सीटी-पीटी, 39 मंदिरों की सफाई की और 207 मीट्रिक टन कूड़े को निस्तारण किया। नगर निगम मुख्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड के प्रतिनिधि दिनेश पांडेय ने महापौर को प्रमाण पत्र दिया। ब्रांड एंबेस्डर मंगला मुखी मन्नत मां ने सफाई कर्मचारियों सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय कुमार, डॉ. अमित सिंह गौर, डिपो इंचार्ज रफजुल रहमान आदि रहे।

### किदवई नगर के रामेश्वरम् मंदिर में कन्या भोज

**कानपुर।** किदवई नगर के-ब्लाक स्थित रामेश्वरम् मंदिर में शनिवार को भारत विकास परिषद ने कन्या भोज व पूजन का आयोजन किया। परिषद के सदस्यों ने करीब 40 कन्याओं का पूजन करने के बाद उनको भोज कराया। कन्याओं को टीका, पूजन व भोज कराने के बाद सभी को दक्षिणा प्रदान की। सचिव आत्म प्रकाश दीक्षित ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार सनातन धर्म में नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना व व्रत का अत्यधिक महत्व है, मां दुर्गा के प्रतीक स्वरूप कन्या पूजन किया जाता है। एमएल अग्रवाल, प्रमोद दादू, मनोज कुमार विश्नोई, आत्म प्रकाश दीक्षित, शिखा दादू, अर्चना गोयल, अरूण कुमार जय, रवि प्रकाश त्रिवेदी, ममता शर्मा, आरती त्रिवेदी, यससी खरे, सतीश दीवान, पंकज विश्नोई, शक्ति मिश्र, गीता गुप्ता, सुजाता गुप्ता, साधना गुप्ता मौजूद रहे।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से युवक की चली गई जान

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के भीतरगांव में पंखा लगाने के दौरान युवक करेंट की चपेट में आ गया। बेहोशी की हालत में परिजन सीएचसी भीतरगांव ले गए, जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



आकाश।

भीतरगांव निवासी रविंद्र का 18 वर्षीय पुत्र आकाश शनिवार दोपहर घर में फर्राटा लगा रहा था तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में परिजन उसे सीएचसी भीतरगांव ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना से परिजन बेहाल हो गए चौकी प्रभारी नवनीत कुमार ने बताया कि युवक की मौत करंट से बताई जा रही है।

चप्पल हाथ से छूटा तो मारा डंडा, भागते हुए एसडीएम के पास पहुंचा लेखपाल

# महिला ने लेखपाल को चप्पल से पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

- घटना से घाटमपुर तहसील दिवस में मची अफरा-तफरी
- मारपीट में घायल लेखपाल को अस्पताल में भर्ती कराया

**अमृत विचार:** तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने लेखपाल को पहले चप्पल से पीटा, फिर हाथ से चप्पल छूटी तो डंडे से पिटाई कर दी। लेखपाल भागते हुए एसडीएम के पास पहुंचा। मारपीट में सिर पर डंडा लगने से घायल लेखपाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



अस्पताल में भर्ती लेखपाल।

शनिवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारी शिकायतें सुन रहे थे। यहां अमौली गांव की 62 वर्षीया सुशीला देवी अपने नाती के साथ प्रार्थना पत्र देने आई थी। बुजुर्ग महिला ने एसडीएम यादुवेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि काफी दिनों से उसकी जमीन का दाखिल खारिज का मामला लंबित है। उसने एसडीएम को बताया कि दाखिल खारिज करने के नाम पर वह हल्का लेखपाल को 700 रुपये दे चुकी है, लेकिन अभी तक उसका काम नहीं हुआ।

महिला की शिकायत सुनने के बाद एसडीएम ने लेखपाल को बुलाया और उसे कड़ी फटकार लगाई। जिस समय एसडीएम फटकार लगा रहे थे, उस समय लेखपाल बुजुर्ग महिला को टेढ़ी नजरों से देख रहा था। एसडीएम ने महिला को मामला निपटाने का भरोसा दिया तो वह हाल के बाहर चली गई। इसी बीच लेखपाल सीताराम भी पीछे-पीछे पहुंच गया और एसडीएम से शिकायत करने पर खरी-खोटी सुनाने लगा। उसने महिला को धमकाने वाले लहजे में अब काम करा लेने का उलाहना दिया। इससे गुस्साई महिला ने चप्पल उतारी और लेखपाल पर जड़ दिया। लेखपाल ने महिला के हाथ से चप्पल छीनने के लिए धक्का दिया तो बुजुर्ग महिला ने डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद लेखपाल भागते हुए एसडीएम के पास पहुंच गया। पीछे से महिला भी जा पहुंची और लेखपाल के धमकाने की बात बताई। एसडीएम ने महिला को लंबित प्रकरण निपटाने का भरोसा देकर घर भेज दिया। लेखपाल ने अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया।



घाटमपुर तहसील में लेखपाल को पीटती महिला।

> इस प्रकरण की जांच तहसीलदार लक्ष्मीकांत वाजपेई को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> -यादुवेंद्र सिंह, एसडीएम

## सार-संक्षेप



ओवरब्रिज के नीचे जलती लाइट। अमृत विचार

### हाईवे में दिन में भी जलती हैं लाइटें

**बिठूर।** मुख्यमंत्री द्वारा बिजली बचाये जाने की उपभोक्ताओं से अपील की जाती है। वहीं सरकारी विभागों पर इसका असर नहीं दिखता। मामला राष्ट्रीय राजमार्ग 37 का है। यहां महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज से जयपुरिया स्कूल मंधना तक दोपहर में हाईवे की लाइटें चालू रहती हैं। लेकिन कोई इस पर ध्यान नहीं देता।

### बारिश से बेसहारा महिला का गिरा कच्चा घर, गृहस्थी दबी

**पतारा।** ब्लॉक के ग्राम बरनाव में बारिश के दौरान कच्चे घर की छत गिर गई। इससे विधवा महिला की गृहस्थी दब गई खराब हो गई वहीं परिवार के सिर छिपाने की भी समस्या हो गई। महिला ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। बरनाव गांव की विधवा रेखा 46 वर्ष ने बताया कि उनके पति आदित्य सिंह की करीब 6 वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी। तीन बच्चे, पुत्री विनीता, दो पुत्र इंद्रेश सिंह, आशीष सिंह के साथ मजदूरी कर घर गृहस्थी चलाती है। दो साल पहले से उसे विधवा पेंशन मिलनी शुरू हुई है, जिससे उसे मदद मिली थी, लेकिन गत दिनों हुई बारिश से उसके कच्चे घर की छत ढह गई। इससे उसकी काफी गृहस्थी उसमें दबकर खराब हो गई। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



बरनाव गांव में गिरा कच्चा घर।

### रेवना पुलिस ने 2 वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के रेवना पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के हवाले से पुलिस ने जेवरात व तमंचा बरामद किया है। इन अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है। उक्त अभियुक्तों के खिलाफ फतेहपुर, उन्नाव, कानपुर नगर सहित कई जिलों में संगीन धाराओं में मामले दर्ज है। फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव निवासी उमर उर्फ साजिद, अरबाज पुत्र निषार निवासी निमिया खेड़ा थाना सजेती कानपुर नगर को थाना प्रभारी जसवंत सिंह व उप निरीक्षक धर्म कुशवाहा, अखिलेश सिंह, सेतु सिंह एवं चौकी प्रभारी चंद्र प्रकाश मिश्रा ने गिरफ्तार दोनों को जेल भेजा है। रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेवना मार्ग के बीच सरैया मोड पर एक देसी तमंचा 32 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, ग्राम असधन थाना सजेती में लूट गए जेवरात व नकद रुपये बरामद हुए हैं। इनका कई जनपदों में आपराधिक इतिहास है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**बिल्हौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने आए एक वृद्ध की ट्रेन हादसे में मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 10 बजे की है। जब अस्पताल में दवा लेने देवकली गांव के कामता प्रसाद रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे तभी ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। कस्बा इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी शिनाख्त देवकली गांव के कामता प्रसाद 70 के तौर पर की गई। जो अस्पताल में बीमारी की दवा लेने आए थे।

# आंधी-तूफान के साथ बारिश ने मचाई तबाही

## पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, मोटर साइकिलें क्षतिग्रस्त, पेड़ गिरने से बाधित रहा कानपुर-फतेहपुर हाईवे

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** महाराजपुर सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार शाम तेज आंधी-तूफान के साथ आई बारिश से दर्जनों पेड़ और कई खंभे गिर गए। इससे कुछ देर के लिए कानपुर-फतेहपुर हाईवे बाधित रहा। महाराजपुर में ब्रह्मदेव मंदिर के पास एक पेड़ टूटकर दुकानों के ऊपर गिर गया। इससे दो दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। कुछ देर के लिए हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।

महाराजपुर, भदासा, चांदनपुर, खोजऊपुर, ऐमा, हाथीपुर, सलेमपुर सहित लगभग 30 गांवों में शनिवार शाम तूफान ने जमकर तबाही मचाई। ब्रह्मदेव मंदिर के पास खड़ा यूकेलिप्टस का बड़ा पेड़ दुकानों को तोड़ते हुए हाईवे पर जा गिरा। पेड़ की चपेट में आकर दीपक तिवारी व सुरेश सैनी की दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। मंदिर आए भक्तों की बाइकें चपेट में आ गईं। कानपुर से फतेहपुर लेन में पेड़ गिर जाने से हाईवे कुछ देर के लिए बाधित रहा। एसडीएम नर्वल ऋषभ वर्मा राजस्व व पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पेड़ कटवाकर हाईवे पर आवागमन चालू कराया गया। वहीं के बिजली के पोल टूट जाने से सरसौल व महाराजपुर बिजली घरों से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।



ब्रह्मदेव हनुमान मंदिर के पास गिरा पेड़। अमृत विचार



पेड़ गिरने से रसूलाबाद मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

### तेज हवाओं में गिरे पेड़, विद्युत आपूर्ति बाधित

**बिल्हौर।** अचानक मौसम के बदले मिजाज से शनिवार शाम को बिल्हौर के आसपास के गांव में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसमें कई पेड़ धराशाई हो गए। बिल्हौर रसूलाबाद मार्ग पर खजूरी गांव के समीप कई पेड़ गिर कर पूरा मार्ग बाधित कर दिया। इस दौरान बड़ी मशक्कत के बाद यातायात दोबारा शुरू हो सका। वाहनों का जाम मार्ग पर लगा रहा इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति में लगे कई विद्युत के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए हालांकि कानपुर देहात क्षेत्र के कई गांव की विद्युत आपूर्ति भी पूरी तरह ठप्प है इसके अतिरिक्त मौसम में आए तेजी से बदलाव के बाद हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है अधिक बारिश होने के चलते बिल्हौर, ककवन क्षेत्र के धान खेतों में कई प्रकार के रोग लग गया है ।

# फांसी के फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**बिधनू ।** थाना क्षेत्र के डहरीपुरवा निवासी युवक का शव शनिवार दोपहर को घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका मिला। घर वालों का कहना है कि उसने आत्महत्या कर ली है। परिजन आनन फानन में किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

बिधनू थाना के अंतर्गत डहरीपुरवा गांव निवासी किसान बलवान यादव का 22 वर्षीय बड़ा बेटा मनीष यादव घर में रह कर खेती किसानी का काम करता था। छोटे वाले भाई विकास के मुताबिक बड़ा भाई मनीष शनिवार की सुबह शराब पी कर घर आया और झगड़ा कर रहा था जिसके चलते वह कमरे में जाकर पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।




कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन करते छात्र।

# पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों ने किया हंगामा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सजेती कस्बा में एक पैरामेडिकल कॉलेज पर रिजल्ट न देने का आरोप लगाकर हंगामा किया। छात्रों ने कॉलेज संचालक पर जाल-साजी का आरोप लगाया। इस दौरान प्रदर्शन कर रोड जाम करने की कोशिश की। मौके पर पहुंचे एसीपी और एसडीएम ने विद्यार्थियों को समझाकर मामला शांत करवाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने एसडीम यादुवेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि यह कॉलेज फर्जी है। जहां उनके परीक्षा देने के 1 साल बाद भी रिजल्ट नहीं आया है।

शनिवार को छात्रों ने एकलव्य स्कूल में पहुंच कर हंगामा काटा। छात्रों ने सड़क जाम करने का प्रयास भी किया। सूचना पर एसडीएम और एसीपी को हुई। इन दोनों अधिकारी एसीपी रंजीत कुमार सिंह एसडीएम यादुवेंद्र सिंह ने सजेती एकलव्य स्कूल पहुंचकर छात्रों को समझने का प्रयास किया और कार्रवाई का अश्वासन भी दिया। बताते चलें कि यहां पर पढ़ने वाले छात्र वेद प्रकाश, दिलीप, किरण देवी, रचना ,दिलीप, खुशी सचान, निधि सचान समेत दर्जनों छात्रों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सजेती थाना क्षेत्र के सजेती कस्बा में एकलव्य पैरामेडिकल कॉलेज में डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी के छात्र इसमें कुछ छात्र प्रथम वर्ष की परीक्षा भी दे चुके हैं लेकिन रिजल्ट अभी तक नहीं आया है। छात्रों ने एकलव्य पब्लिक स्कूल में पहुंचकर पहले हंगामा किया बाद में सड़क जाम का प्रयास किया। मौके पर घाटमपुर के एसीपी रंजीत कुमार सिंह, एसडीएम यादुवेंद्र सिंह ने पहुंचकर छात्रों को समझाया।



छात्रों को समझाते एसडीएम यादुवेंद्र सिंह व एसीपी रंजीत कुमार। अमृत विचार

- रोड जाम करने की कोशिश की, एसडीएम, एएसपी ने मौके पर पहुंच कर समझाया

### 30 सितंबर तक रिजल्ट देने का दिया था आश्वसन

छात्रों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एकलव्य पब्लिक स्कूल के मालिक ही प्रधानाचार्य का का कार्य देखते है। जिसकी भूमिका संदिग्ध है। छात्रों ने बताया कि विद्यालय प्रधानाचार्य ने कहा था कि 30 सितंबर तक सभी छात्रों को रिजल्ट दे दिया जाएगा। परंतु 30 सितंबर के बाद भी 5 दिन गुजर जाने के बाद भी रिजल्ट नहीं आया। जिससे उत्तेजित छात्रों ने हंगामा हैं।

# धर्म की हानि होने पर प्रभु लेते हैं अवतार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** उत्तरीपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे स्वामी हरिदासजी महाराज के द्वारा महाभारत के मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया गया।

महाराज ने कहा कि भीष्म पितामह की प्रतीज्ञा के आगे गोविंद को अस्त्र उठाना पड़ा। पितामह के तीरों की बौछार से अर्जुन के बाजूबंद और धनुष कट गया तब गोविंद ने देखा कि अब तो अर्जुन बहुत ही परेशान है। लगता है पितामह अर्जुन का अंत ही कर देंगे। इस पर प्रभु रथ से उतरे और अस्त्र उठा लिया। इस पर पितामह ने धनुष बाण जमीन में रख दिया और गोविंदा के आगे नतमस्तक हो गए। प्रभु से कहने लगे प्रभु मैं समझ गया कि आपने हमारी रक्षा के लिए अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ा है। महाभारत के युद्ध के उपरांत द्वारिका का प्रसंग सुनाते हुए अर्जुन और युधिष्ठिर का संवाद सुनाया और कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब प्रभु अवतार लेते हैं। कथा का आयोजन मेवालाल राठौर परिवार के द्वारा कराया जा रहा है। लायर्स एसो. बिल्हौर के कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा के द्वारा महाराज को माला पहनकर आशीर्वाद लिया गया।



हरिदास महाराज से आशीर्वाद लेते भक्त।

तहसील समाधान दिवस

एसडीएम और एसीपी ने सुनीं फरियादें, मातहतों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

# 112 फरियादें आईं, मौके पर 4 का हुआ निस्तारण

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील समाधान दिवस पर शनिवार को 112 शिकायतें आईं। एसडीएम, एसीपी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर 112 शिकायतों में से 4 शिकायतों का हाथों हाथ निस्तारित किया।

शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम यादुवेंद्र सिंह व एसीपी रंजीत कुमार सिंह, तहसीलदार लक्ष्मी कांत वाजपेई, खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि ने पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए भेजा। जिसमें राजस्व विभाग की 53, पुलिस विभाग 25, खंड विकास अधिकारी 22, नगर पालिका दो, विद्युत विभाग की तीन, पीडब्ल्यूडी विभाग की एक ,खाद विभाग की दो, जिला समाज कल्याण विभाग की एक यानि 112 शिकायतें आईं।



तहसील दिवस में शिकायतें सुनते एसीपी रंजीत कुमार सिंह व एसडीएम यादुवेंद्र सिंह। अमृत विचार

### चौपाल में महिलाओं को दी मिशन शक्ति की जानकारी

**बिल्हौर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवें चरण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विकासखंड क्षेत्र के फत्तेपुर ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं को इकट्ठा कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया और उनको सुरक्षा से संबंधित सरकारी योजनाएं, पुलिस हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया। इस दौरान मौके पर उपनिरीक्षक कीर्ति सीमा, महिला कांस्टेबल पूजा व उप निरीक्षक राघवेंद्र तथा विनीत के द्वारा क्षेत्र थाना ककवन की महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त उनको महिला अपराधों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की अपील की।

# मृतकों के नाम आवास, जीवित के काट रहे नाम

**घाटमपुर।** घाटमपुर कस्बा के गांधीनगर निवासी प्रभु दयाल पुत्र घसीटे ने तहसील दिवस में पहुंचकर एसडीएम को बताया कि वह एक गरीब व्यक्ति है। जिसके रहने के लिए आवास नहीं है। वह किराए के घर में रह रहा है। उसका नाम पहली सूची में आसरा आवास योजना में शामिल किया था। और उसका नाम दूसरे सर्वे तक बना रहा। परंतु तीसरे सर्वे में उसका नाम काट दिया गया। प्रभु दयाल ने एसडीएम से फरियाद कर पुनः जांच करा कर आवास दिलाए जाने की मांग की है। प्रभु दयाल ने बताया कि तीसरे सर्वे में मृतकों के नाम आवास आवंटित किए गए। परंतु जो जीवित गरीब है। जिनके पास रहने के लिए छत नहीं है। उनका नाम काट दिया गया।




थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस आयुक्त पश्चिम बृजेन्द्र द्विवेदी। अमृत विचार

# रात्रि गश्त में तेजी लाएं, दिए निर्देश

- अपर पुलिस आयुक्त पश्चिम बृजेन्द्र द्विवेदी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**चौबेपुर।** अपर पुलिस आयुक्त पश्चिम बृजेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार देरशाम चौबेपुर थाने का औचक निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात गश्त बढ़ाई जाए ताकि अपराधों पर लगाम लगाया जा सके।

अपराध पर नियंत्रण के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अनुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान में अपर पुलिस आयुक्त पश्चिम ने शनिवार देर रात चौबेपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की गणना किए जाने के अलावा मिशन शक्ति अभियान, विवेचना निस्तारण व निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाये जाने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त में तेजी लाए जाने की बात कही। लगभग आधा घंटे तक यहां रुके अपर पुलिस आयुक्त ने कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की कोताही न बरते जाने की सख्त हिदायत दी।


मुक्ता देवी मंदिर में महिलाओं और बेटियों सुक्षा उपायों की जानकारी देतीं महिला पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# बेटियों को बताए सुरक्षा के उपाय

संवाददाता, शिवली/मूसानगर

- शक्ति दीदी अभियान के तहत किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के तहत शिवली और मूसानगर क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

शिवली के स्वामी भास्करानंद आश्रम व माता शुम्बहा मंदिर में पुलिस कर्मियों ने भ्रमण किया। इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय ने वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 व 102, फायर बिग्रेड 101, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, चाइल्ड एब्यूज व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। महिला सुरक्षा दल मूसानगर की कांस्टेबल मायावती ने बाजार व मुक्तेश्वरी देवी मंदिर में महिलाओं से कहा कि डरने और घबराने की जरूरत नहीं है। हेल्पलाइन नंबरों पर काल कर मदद लें। मुक्ता देवी मंदिर में शोहदों की निगरानी कर मेले में महिलाओं को योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

# विकास दुबे को घेरते ही चलने लगी थीं गोलियां


बिकरू कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बचाव पक्ष के वकील ने दरोगा अजहर इशरत से दागे सवाल
- दबिश के दौरान बिकरू गांव के रास्तों पर नहीं लगा था पुलिस फोर्स
- एंटी डकैती कोर्ट में 9 अक्तूबर को होगी मामले की सुनवाई

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के मुख्य मामले में शनिवार को पांच आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष की जिरह में अभियोजन गवाह ने बताया कि बिकरू गांव जाने के लिए तीन-चार रास्ते हैं। उनमें कहीं भी पुलिस फोर्स नहीं लगा था। विकास दुबे को घेरने के लिए जैसे ही पुलिस पार्टियां पहुंचीं तो ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए कवर फायरिंग करते हुए आड़ ली, जिससे पुलिस विकास दुबे के मकान को घेर नहीं सकी। अदालत में अब मामले की सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

कानपुर नगर जनपद के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर कुख्यात विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर बिल्हौर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट के न्यायाधीश अमित मालवीय के समक्ष चल रही है। मौजूदा समय में अभियोजन गवाह सब इंस्पेक्टर अजहर इशरत से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है।

शनिवार को आरोपी बालगोविंद, शिवम् दुबे, संजय उर्फ संजू दुबे, क्षमा दुबे और विपुल दुबे की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रेमचंद्र त्रिपाठी व पवनेश कुमार शुक्ला ने गवाह से जिरह की और बिकरू गांव पहुंचने वाले रास्तों के संबंध में सवाल दागे। सवालों का जवाब देते हुए गवाह अजहर इशरत ने कहा कि इस वक्त याद नहीं आ रहा है, फिर भी तीन-चार रास्ते होने का अनुमान है। बचाव पक्ष के वकील ने पूछा कि दबिश के दौरान क्या सभी रास्तों पर पुलिस फोर्स लगाया गया था, इस पर गवाह ने कहा कि प्रवेश वाले रास्तों में पुलिस फोर्स नहीं लगा था।

बचाव पक्ष के कारण पूछने पर गवाह ने कहा कि सीओ ने रास्तों पर फोर्स क्यों नहीं लगाया? इसकी मुझे जानकारी नहीं है। बचाव पक्ष ने यह भी सवाल किया कि क्या विकास दुबे के घर के चारों ओर पुलिस बल पहुंचा था। गवाह ने बताया कि पुलिस पार्टी विकास दुबे को घेरने के लिए आगे बढ़ी तो चारों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग चालू हो गई, जिस पर पुलिस ने बचने के लिए कवर फायरिंग करते हुए आड़ ले ली, जिससे विकास दुबे का घर नहीं घेरा जा सका।

गवाह ने स्वीकार किया कि आरोपी शिवम दुबे और बालगोविंद के घटना में शामिल होने के कारण अपने बयान में उनका नाम लिया है, लेकिन इनकी कोई विशिष्ट भूमिका नहीं बताई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले में पांच आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष की अधिवक्ता ने जिरह पूरी की है। इस मामले में शेष आरोपियों की ओर से जिरह के लिए बचाव पक्ष के अधिवक्ता के अदालत उपस्थित नहीं होने पर जिरह नहीं हो सकी। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 9 अक्टूबर की तिथि नियत की है। इस दौरान सभी आरोपी अदालत में उपस्थित रहे।

# हादसे में युवक की मौत, रोड जाम

## रूरा-मिंडाकुआं मार्ग पर हादसा, देर शाम तक गुस्साए लोगों ने नहीं उठने दिया शव

संवाददाता, रूरा

- तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक में मारी टक्कर
- गुस्साए परिवार वालों को समझाती रही रूरा पुलिस


विनय उर्फ कल्लू।


सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर जाम लगाए लोग और मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रूरा-मिंडाकुआं मार्ग पर जिनई गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और देर शाम तक शव नहीं उठने दिया। पुलिस परिवार वालों को समझाने की कोशिश करती रही।

रूरा थाना क्षेत्र के मुलही निवासी विनय उर्फ कल्लू कुशवाहा (32) वैल्डिंग का कार्य करता था। शनिवार की शाम वह अपने ट्रैक्टर में लगाने के लिए लकड़ी की मई बनवाने जिनई गया था। वहां से उसका भाई ट्रैक्टर लेकर घर पहुंच गया। पीछे से विनय अपनी बाइक से घर जा रहा था, तभी जिनई गांव के पास मिंडाकुआं की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे विनय उर्फ कल्लू की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में युवक की मौत की सूचना पर मां शारदा, परिजन पिंकी, पुत्री तान्या, लाडो आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। खबर मिलते ही परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर को सड़क पर बीचोबीच खड़ा कर जाम लगा दिया। जाम लगाने से दोनों तरफ से आवागमन बाधित हो गया। हादसे और जाम की सूचना पर पहुंचे एसआई अतेंद्र कुमार ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक परिजनों ने शव को नहीं उठने दिया।

परिवार वालों की मांग थी कि पिकअप चालक को गिरफ्तार किया जाए और परिवार को आर्थिक मुआवजा दिया जाए। देर शाम तक पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास करती रही। सड़क जाम नहीं हटने पर दरोगा ने पुलिस अधिकारियों को मामले की सूचना दी। घटनास्थल पर परिवार वाले रोते-बिलखते रहे और गांव वाले कार्रवाई की आवाज उठाते रहे।

# दुकानदार की हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

फॉलोअप

संवाददाता, रूरा

- रूरा क्षेत्र के गदनपुर में नहर में डुबो कर मारा था
- एक आरोपी अभी भी फरार पुलिस तलाश में जुटी


आरोपी विमल कश्यप।

**अमृत विचार।** गदनपुर गांव में शराब पीने के बाद दुकानदार को पीटने के बाद नहर में फेंककर हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

रूरा थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव में शराब पीने के दौरान हुए मारपीट कर नहर में फेंके जाने के से चाय-समोसा दुकान संचालक प्रेमशंकर कश्यप की गुरुवार की रात मौत हो गई थी। परिजनों ने शव को नहर से निकाल कर काफी देर तक हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे एएसपी राजेश पांडेय के समझाने पर परिजनों ने शव को उठाने दिया था। मृतक के पुत्र ब्रजेश ने गेंदामऊ के विमल कश्यप व रज्जन के खिलाफ पिता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव घर पहुंचा था, लेकिन मृतक के बेटे अशोक के न आने पर उसका इंतजार किया गया। शनिवार को परिजनों ने शव का खेरेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार हो गया है। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने आरोपी विमल कश्यप निवासी गेंदामऊ को गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप


बाघपुर रामलीला में मंथरा का अभिनय करती कलाकार। अमृत विचार

### रामलीला में केवट संवाद ने छोड़ी छाप

**शिवली।** क्षेत्र में दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शिवली के साकेत धाम व लंका मैदान के साथ ही कस्बा बाघपुर में भी मनोरम लीलाओं का मंचन किया गया। बाघपुर मेला में रामलीला के अंतर्गत राम वनगमन एवं केवट संवाद लीला का सजीव मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो उठे। दासी मंथरा के बार-बार कान फूंकने पर अपने लाडले राम को वन जाने का का वर कैकेई ने मांगा। इधर राम के वन चले जाने पर व्याकुल दशरथ की दिन पर दिन दशा खराब हो गई और अंत में उन्होंने राम-राम कहकर अपने प्राण त्याग दिए। इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष शंकर प्रसाद चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष ओंकारनाथ त्रिवेदी, सतीश चंद्र शुक्ला, पारस त्रिवेदी, अनुराग तिवारी, सुशील मिश्रा, कुसुम त्रिवेदी, संजय वर्मा, राजकुमार वर्मा, सुशील शुक्ला, मनु चतुर्वेदी समेत कमेटी के लोग उपस्थित रहे।


मूसानगर में चेकिंग करता बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड। अमृत विचार

### त्योहारों के मद्देनजर बम निरोधक दस्ते ने की चेकिंग

**मूसानगर।** नवरात्र व दशहरा त्योहारों के मददेनजर शनिवार को पुलिस ने डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता के साथ मुख्य बाजार, सर्राफा मार्केट, मुगल रोड, गजनेर रोड चौराहा आदि जगहों पर सघनता से चेकिंग की। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कोई संग्दिध वस्तु मिलने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। उपनिरीक्षक श्रीराम पटेल ने दुकानदारों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों में ध्यान न दें। संग्दिध व्यक्तियों व अराजक तत्वों की जानकरी तत्काल थाने में दें। पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। अभियान में डॉग स्क्वायड के हेड कांस्टेबल यदुवीर सिंह, प्रताप सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्राली सीज


अवैध मिट्टी खनन में सीज ट्रैक्टर ट्राली।

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कठारा गांव में बीते कई दिनों से अवैध खनन की जानकारी पुलिस को मिल रही थी। शनिवार को सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने अवैध खनन पर एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी लदे पकड़ लिया। जिसे सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# करंट लगने से शिक्षिका और युवक की गई जान

संवाददाता राजपुर/पुखरायां

- राजपुर के रतापुर और भोगनीपुर के दुर्गदासपुर गांव में हुए हादसे


अनारिका कटियार।

**अमृत विचार।** राजपुर क्षेत्र के रतापुर में पानी की मोटर के करंट से शिक्षिका की मौत हो गई। वहीं पुखरायां क्षेत्र के दुर्गदासपुर गांव में तार जोड़ते समय युवक की करंट से मौत हो गई।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के रतापुर निवासी देवेंद्र कटियार ने बताया कि वह पत्नी अनारिका कटियार (40) और एकलौते पुत्र अंश के साथ राजपुर में शिवदत्त कटियार के मकान में किराये पर रहते हैं। पत्नी न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर में शिक्षिका थीं। शनिवार सुबह अनारिका घर में पोंछा लगा रही थी, तभी पानी की मोटर के करंट की चपेट में आ गई। पीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम न कराने की बात कहकर शव रतापुर ले गए। शिक्षिका की मौत पर विद्यालय प्रबंधक महादेव सिंह चौहान ने परिवार को सांत्वना दी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मामले की सूचना नहीं मिली है।

उधर, भोगनीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गदासपुर के बलराम सिंह ने बताया कि पारिवारिक भाई प्रशांत कुमार (18) नवरात्र पर गांव में चल रहे अखंड पाठ की जगह तार जोड़ते के समय अचानक करंट की चपेट में आ गया। पुखरायां सीएचसी में डॉ. गोविंद प्रसाद ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी पर मां रमाकांति, भाई जीतू आदि बिलखते रहे।

# दुर्व्यवहार में वकील का हुआ निष्कासन

**कानपुर देहात।** एकीकृत बार एसोसिएशन ने महिला अधिवक्ता से दुर्व्यवहार के आरोपी अधिवक्ता को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। बार काउंसिल को भी कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है।

महामंत्री संजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि महिला अधिवक्ता वंदना गुप्ता ने अधिवक्ता संतोष दीक्षित व उनके सहयोगी अधिवक्ता के खिलाफ दुर्व्यवहार, मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित हुई थी। समिति की जांच में घटना की पुष्टि होने पर कार्यकारणी की बैठक में विचार विमर्श के बाद आरोपी अधिवक्ता संतोष दीक्षित को छह वर्ष के लिए सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। आरोपी अधिवक्ता व उनके सहयोगी अदभुद दुबे के खिलाफ कार्रवाई के लिए बार काउंसिल को पत्र भेजा गया है। बैठक में अध्यक्ष राधे श्याम कटियार, सरोज दीक्षित, अर्पित सचान, गौरव कटियार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संदलपुर ब्लाक अध्यक्ष बने जितेंद्र

संवाददाता, संदलपुर


संदलपुर ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

- शैक्षिक महासंघ की ब्लाक कार्यकारिणी का निर्वाचन और शिक्षक सम्मान समारोह

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विकासखंड संदलपुर की ब्लाक कार्यकारिणी का निर्वाचन व सम्मान समारोह बीआरसी संदलपुर में संपन्न हुआ।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को नामांकन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी जिला मंत्री विवेक पाल एवं पर्यवेक्षक नौशाद अहमद की देखरेख में प्रारंभ हुई। अध्यक्ष पद पर जितेंद्र पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष के लिए मुकेश बाबू, महामंत्री को प्रताप सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर आशुतोष त्रिपाठी ने नामांकन कराया। जांच के बाद किसी भी पद पर एक से अधिक प्रत्याशी न होने पर सभी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। दोपहर में शिक्षक सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त अध्यापक शिवनाथ बाजपेई, रामस्वरूप संखवार, रामनारायण कटियार, बलराम सिंह राठौर व शिवनाथ मिश्रा को नवीन कार्यकारिणी द्वारा अंगवस्त्र, गीता की पुस्तक एवं प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

जिला संगठन मंत्री अनंत त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ स्वाध्याय स्वावलंबन और सम्मान की भावना से शैक्षिक समस्याओं को हल करने के लिए संघर्षरत है। ब्लाक कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शुक्ला, उपाध्यक्ष महिला सुदीक्षा पांडेय, उपाध्यक्ष संग्राम सिंह, मुकेश सिंह सेंगर, संयुक्त मंत्री राजेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री रीता शर्मा, मीडिया प्रभारी विश्व दीपक, आईटी सेल प्रभारी शशिकांत त्रिपाठी, महिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमारी, महामंत्री प्रिया तिवारी को मनोनीत किया गया। ब्लॉक संगठन मंत्री के पद पर अमित कुमार द्विवेदी का मनोनयन जिला संगठन मंत्री अनंत त्रिवेदी ने किया। इस दौरान यादुवेंद्र सिंह सेंगर, जिला प्रवक्ता देवेंद्र तिवारी, अमित कुमार तिवारी, एआरपी मोहम्मद शमी, गौरव सिंह राजपूत, वीरेंद्र कुमार, अनंत स्वरूप, नवीन कुमार, निर्मल कुमार, विमल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

मिला आश्वासन | सिकंदरा में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की फरियाद

# अफसरों की मौजूदगी में 207 शिकायतों में 21 का हुआ समाधान

संवाददाता, सिकंदरा



सिकंदरा तहसील में शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

**अमृत विचार।** तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 207 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 21 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने फरियादियों की समस्या सुनकर वहां मौजूद अफसरों को तत्काल प्रभाव से निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं जलभराव व साफ-सफाई जैसे शिकायतकर्ताओं के लिए डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए डीपीआरओ व ईओ को निर्देशित किया कि टीम बनाकर साफ-सफाई अभियान चलाया जाए।

सिकंदरा के शास्त्री नगर निवासी रईस अहमद ने प्रार्थना पर देकर बताया कि नगर पंचायत सिकंदरा के अशोक नगर में उनका एक पुश्तैनी मकान है, जो नगर पंचायत के अभिलेखों में घर के तौर पर 99 संख्या पर अंकित है। आरोप है कि नगर पंचायत अधिकारियों ने कूटरचित तरीके से अभिलेखों में छेड़छाड़ व नक्से में दर्ज मकान के नक्से में भी फेरबदल कर दिया। पीड़ित ने पूर्व में जमा किए गए गृह कर टैक्स की रसीद व नक्शे की चौहद्दी की फोटो कॉपी भी दिखाई। डीएम ने दो सदस्य टीम बनाकर नायब तहसीलदार सिकंदरा सुधीर कुमार को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

इस मौके एसडीएम सिकंदरा एसएन शुक्ला, सीओ संजय वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं भोगनीपुर तहसील में एसडीएम सर्वेश कुमार ने शिकायतों को सुना। चौकी गांव के जितेंद्र ने बताया कि मकान के बगल में एक विद्युत पोल लगा है। जिसमे कोई विद्युत तार नहीं है। खाली पोल के सहारे कभी मकान में चोरी हो सकती हैं। जिसे हटवाया जाए।

अंगदपुर गांव के रहने वाले पीयूष कुमार ने बताया कि गांव में भूमि गाटा संख्या 442 है, जोकि खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद गांव के कुछ लोग अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा किए हुए हैं। दिसस में 175 शिकायतें आईं। इनमें से छह का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान सीओ संजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सूर्य प्रकाश सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे थे।


मैथा तहसील में शिकायतें सुनतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व एसडीएम। अमृत विचार

### मैथा तहसील में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सुनीं शिकायतें

**शिवली।** मैथा तहसील में महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने समस्याएं सुनी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक शिकायत निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मवैया गांव के रजत शुक्ला ने बताया कि छह माह पहले बने आयुष्मान केंद्र की छत बरसात में टपकने लगी। प्रभारी चिकित्साधिकारी मैथा डॉ. सिद्धार्थ पाठक ने बताया कि इमारत अभी हैंडओवर नहीं हुई है। दिवस में कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर एसडीएम सुरभि शर्मा, तहसीलदार प्रिया सिंह, नायब तहसीलदार अनुरुद्ध कुमार, बीडीओ महिमा विद्यार्थी, प्रभारी सीडीपीओ सुमन लता यादव, पूर्ति निरीक्षक गौरव राजपूत, एसएसआई लक्ष्मण सिंह, बाघपुर चौकी प्रभारी दयानंद झा आदि लोग मौजूद रहे।

# कौरू गांव में गड्ढों में तब्दील सड़क

**संदलपुर।** बिरहाना चौराहे से झींझक मुख्य मार्ग के कौरू गांव के पास सड़क के बीचोबीच बने गहरे गड्ढे परेशानी का सवब बने हुए हैं। रात के समय गड्ढों के दिखाई न देने पर लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

सड़कों को गड्ढामुक्त करने के आदेश के बावजूद बदहाल सड़कों की मरम्मत कराने में अधिकारी गंभीर नहीं हैं। कौरू गांव के ग्रामीणों का कहना है कि बिरहाना चौराहे से झींझक मार्ग पर गड्ढे से कई लोग चुटहिल हो चुके हैं। दिन में में तो गड्ढे दिखाई दे जाते है, लेकिन रात में पता नहीं चलता और लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। सड़क पर गड्ढे महीनों पहले हो चुके हैं। सुनवाई न होने पर लोगों ने खुद से इन गड्ढे को मिट्टी और पत्थरों से भर दिया था, लेकिन जैसे ही बरसात आई तो गड्ढे से मिट्टी बह गई और फिर से सड़क बदहाल हो गई।

**समन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
(आर्डर 5, कायदा के व 5 मजमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)

न्यायालय उपजिलाधिकारी
तहसील मैथा कानपुर देहात
मुकाम जिला बअदालत
टी0–202403400703938
अन्तर्गत धारा– धारा–134 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम भुजपुरा, मैथा कानपुर देहात
डॉ हर्षिता भदौरिया
बनाम
चंद्रेश पुत्र देवीदीन, निवासी– ग्राम भुजपुरा, मैथा कानपुर देहात
साकिन मुद्दई मुद्दाअलेह

वाजेह हो कि आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08 माह 10 सन् 2024 वक्त बमुकाम असलिता या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर अहम मुतलका मुकदमा का जवाब दे सके, या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसा सावालात का दे सके हाजिरी और जवाब देरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनको शहादत पर नीव जुमला दस्तावेज जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों उसी रोज पेश कीजिए ।
और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा ।
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 04 बतारीख 10 माह 2024 सन् जारी किया गया है।

दस्तखत
असिस्टेन्ट कलेक्टर
तहसील मैथा

# माल बरामद करने गई पुलिस टीम की लुटेरे से हुई मुठभेड़

## एक लुटेरे के पैर में लगी गोली, सर्राफ से हुई लूट का पुलिस ने 5 घंटे में किया खुलासा, चारों लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे, जेवर व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर चौकी क्षेत्र स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर के पास शुक्रवार रात हुई सराफा व्यवसायी पिता-पुत्र से 12 लाख की लूट के खुलासे के लिए लगी पुलिस टीम को 5 घंटे में ही बड़ी सफलता मिल गई। वारदात को अंजाम देने वाले चारों बाइक सवार लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। लूट में शामिल एक बदमाश को पुलिस माल बरामदगी के लिए ले जा रही थी तभी उसने झाड़ियों से बैग में छुपाकर रखे तमंचे से फायर कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे गोली मारकर पकड़ने का दावा किया है।


लूट का आरोपी।

दही थानांतर्गत आवास विकास निवासी विमल की पावा गांव में सोने चांदी की दुकान है। उसने बताया कि बीती शुक्रवार रात वह स्कूटी से दुकान बंद कर पिता के साथ बिक्री के 40 हजार रुपये व सोने चांदी के करीब 12 लाख से अधिक के जेवर बैग में रखकर लौट रहा था। विमल के मुताबिक उन्नाव-हरदोई मार्ग पर दोस्ती नगर नहर से जैसे ही वह आगे बढ़ा बाइक सवार चार लुटेरे उसके पीछे लग गए। फायर ट्रेनिंग सेंटर के पास एक ने बाइक उसकी स्कूटी के आगे लगा दी। वहीं दूसरी बाइक सवार लुटेरे ने उसके तमंचा लगा दिया। विरोध करने पर मारपीट करने के साथ उसकी स्कूटी व जेवरात से भरा बैग लेकर भाग गए। उसके मुताबिक बैग में करीब 12 लाख की ज्वैलरी थी। आईजी लखनऊ रेंज प्रशांत कुमार भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। एसपी ने सर्विलांस व एसओजी को सदर कोतवाली पुलिस के साथ लगाया। शनिवार सुबह एसपी दीपक भूकर ने घटना का 5 घंटे के अंदर ही खुलासा होने की जानकारी देते हुए बताया कि 4 लुटेरों को पकड़ लिया गया है। बताया कि लूट में शामिल राहुल निवासी गल्ला मंडी नौबस्ता कानपुर को पुलिस माल बरामदगी के लिए ले जा रही थी तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंघुपुर मार्ग पर उसने झाड़ी में छुपाकर रखा बैग निकालने के दौरान उसी में रखे तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जबाव में पुलिस की ओर से हुई फायरिंग में वह घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगने से उसे अस्पताल भेजा गया। एसपी ने बताया कि उसके तीन साथी शरीफ निवासी कांशीराम कालोनी थाना रामकोट सीतापुर, यहीं के सूरज यादव पुत्र राम नरेश व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गंजमुरादाबाद निवासी बंटी पुत्र बबलू हैं। पुलिस ने राहुल का इलाज कराकर जेल भेज दिया। उसके पास से साढ़े 17 हजार नकद व जेवरात बरामद हुए हैं।

### मनी ट्रेडिंग के मामले के एक आरोपी गिरफ्तार

**बांगरमऊ उन्नाव।** कथित मनी ट्रेडिंग के नाम पर नगर व क्षेत्र के सैकड़ों निवेशकों से करोड़ों रुपये हड़पने के आरोपी अंजुम पुत्र सोनेलाल को पुलिस ने पकड़ कर कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बांगरमऊ पुलिस के अनुसार कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला खत्रियाना निवासी अंजुम अली पुत्र सोनेलाल ने कथित मनी ट्रेडिंग के नाम पर 15 से 25 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज देने का झांसा देकर नगर व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये हड़प लिये थे। रुपये वसूलने के लिए निवेशकों ने पुलिस पर काफी दबाव बनाया था। निवेशकों के दबाव के चलते पुलिस ने अंजुम अली सहित कई लोगों के विरुद्ध ठगी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पुलिस पहले भी कई लोगों को जेल भेज चुकी है। इसी कड़ी में शनिवार को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हरदोई बाईपास के पास से अंजुम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बैग लूटकर भागे बदमाशों को दबोचा

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


पकड़े गए लुटेरे को लूटा गया सामान बरामद करने को ले जाते पुलिस कर्मी।

**अमृत विचार।** ऑटो से रिश्तेदारी में मुंडन में शामिल होने जा रही महिला शिक्षामित्र से बाइक सवार लुटेरे उसका हैंड बैग छीनकर भाग निकले। शोर सुनकर किसी काम से आए हेड कांस्टेबल ने 3 किमी पीछा कर दो लुटेरों को दबोच लिया। पुलिस को पीछे लगा देख लुटेरे महिला का बैग फेंककर भागे।


पीड़ित शिक्षामित्र।

वहीं घटना में शामिल तीसरे बदमाश की तलाश में पुलिस लगी है। लखनऊ के बुद्धेश्वर मोहल्ला निवासी गुड्डी देवी हसनगंज क्षेत्र के धौरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र है। शनिवार को वह क्षेत्र के चंदौली बुजुर्ग गांव के मजरा भवानी खेड़ा निवासी बहन के यहां उसके बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने अपने घर से ऑटो से बेटे अक्षय (14) व बेटी हनी (8) के साथ बहन ननद के साथ जा रही थी। तभी हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान मार्ग पर सुनसान जगह पीछे से आए एक बाइक सवार 3 लुटेरों ने किनारे बैठी गुड्डी का हैंडबैग छीनने का प्रयास किया। छीनाझपटी में महिला ऑटो रिक्शा से नीचे गिरकर घायल हो गई और बदमाश बैग लेकर फरहदपुर-न्योतनी सम्पर्क मार्ग से भाग निकले।

**● सिपाही ने अकेले 3 किलोमीटर पीछा कर 2 लुटेरों को पकड़ा**

किसी काम से गए कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल मृत्युंजय प्रसाद ने लुटेरों के पीछे बाइक दौड़ा दी। करीब 3 किमी पीछा कर मोहान तिराहे पर उसने 2 लुटेरों को दबोच लिया। वहीं पुलिस को पीछे लगा देख 1 लुटेरा हैंडबैग फेंककर भागने में सफल रहा। कांस्टेबल की सूचना पर एसएचओ चंद्रकांत मिश्र फोर्स के साथ पहुंचे और बाग में फेंका गया हैंडबैग बरामद कर लिया। जिसमें 6000 रुपये, एक मोबाइल व अन्य सामान रखा मिला। पूछताछ में लुटेरों की पहचान महेश यादव निवासी पालीटेक्निक 1090 कामता रोड लखनऊ व कृष्णा निवासी बुद्धेश्वर लखनऊ के रूप में हुई है।

लूट में शामिल फरार चिन्ना निवासी बुद्धेश्वर लखनऊ की तलाश में पुलिस टीम लगी है। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि दो लुटेरे पकड़े गए हैं। जिनसे पूछताछ चल रही है। लुटेरे महिला का उसके घर से पीछा कर रहे थे। करीब 22 किमी दूर सुनसान जगह देख वारदात को अंजाम दिया।

## सार-संक्षेप

### क्यूआर कोड से भुगतान कर ले सकते हैं रेल का जनरल टिकट


टिकट काउंटर पर लगाया गया क्यूआर कोड।

**उन्नाव।** रेलयात्रा के समय खिड़की से टिकट खरीदते समय कभी-कभी यात्रियों के पास फुटकर पैसे न होने के चलते उन्हें टिकट नहीं मिल पाती थी। जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती थी। लेकिन अब स्टेशन पर क्यूआर स्लिप लगा दी गई है। जिससे कोई भी यात्री अपने मोबाइल से कहीं का भी भुगतान कर टिकट ले सकेगा। साथ ही टिकट का भुगतान करने के लिए यूटीयस, मोबाइल एप, एटीवीएम क्यूआर कोड सहित पीओएस और यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान व्यवस्था होने से अब यात्रियों द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर अपना यात्री टिकट आराम से ले सकते हैं। स्टेशन अधीक्षक सुधांशु मोहन ने बताया कि नकद भुगतान के साथ क्यूआर कोड से टिकट लेने की सुविधा अभी जनरल टिकट लेने पर शुरू की गई है। यह सुविधा सिर्फ जनरल टिकट यात्रियों के लिए लागू की गई है।

### लोगों को बताए एचआईवी से बचाव के तरीके

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी के आदेशानुसार सीएचसी कर्मियों द्वारा क्षेत्र के एक कॉलेज में स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों की जांच की गई। सीएचसी से आईसीटीसी महेश कुमार द्वारा सूर्य प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज में स्वास्थ्य कैंप लगाकर 30 लोगों की एचआईवी, एचबी व शुगर आदि की जांच की गई। जिसमें सब नार्मल रहा। इस दौरान आईसीटीसी सीएचसी पुरवा से महेश कुमार, सहयोगी जतिन दीक्षित व डिग्री कॉलेज से प्रधानाचार्य डॉ. वंशीधर विश्वकर्मा के अलावा कॉलेज के सभी टीचर शामिल रहे। महेश कुमार द्वारा एचआईवी से बचाव के तरीके बताए गए।

### 10 अक्टूबर से शुरू होगी अधिवक्ताओं की रामलीला

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन द्वारा बीते 89 वर्षों से आयोजित रामलीला 10 अक्टूबर को मुकुट पूजन के साथ शुरू होगी। बार एसोसिएशन महामंत्री अरविंद दीक्षित ने बताया कि वकीलों वाले रामलीला मैदान में 10 अक्टूबर को शाम चार बजे जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला की मौजूदगी में गणेश पूजन व ध्वजारोहण के साथ रामलीला शुरू होगी। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा 18 अक्टूबर तक मंचन किया जायेगा। बार एसोसिएशन ने सभी अधिवक्ताओं व जिला वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### गैंगस्टर को 7 साल की हुई सजा

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत तकिया निगोही गांव निवासी सुरेश पर गैंग बनाकर लोगों को धमकाने व आपराधिक गतिविधि से धन अर्जन करने पर 22 दिसंबर-2006 को फतेहपुर चौरासी थाना के तत्कालीन एसओ शिव बालक की तहरीर पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। आईओ एके राय ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 29 मार्च-2007 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से केस कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को मुकदमे की सुनवाई में एडीजे शिप्रा आर्य ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलील व पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य के आधार पर सुरेश को 7 साल की सजा सुनाई है।

# ढाई माह से फरार आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**● 22 जुलाई को दो गुटों में हुए झगड़े का है आरोपी**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में गांव मऊ के चर्चित झगड़े में शामिल ढाई माह से फरार चल रहे आरोपी शुभम मिश्रा ने शनिवार को नाटकीय ढंग से कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि इस प्रकरण में शामिल कई आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हैं।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ में बीती 22 जुलाई को दो गुटों में से एक गुट की ओर से करीब आधा सैकड़ा लोगों ने विरोधी गुट पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थर और असलहों से हमला कर दिया था। इसमें कई लोग घायल हुए थे। कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष के अलाउद्दीन पुत्र अनवर की तहरीर पर 25 नामित व 20 अज्ञात के खिलाफ गोली मारने, घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, महिलाओं से छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें कार्रवाई करते हुए पुलिस अब तक कई आरोपियों को जेल भेज चुकी है। लेकिन घटना के मुख्य आरोपी जावेद व शुभम मिश्रा अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाए थे। करीब ढाई माह से फरार चल रहे शुभम पुत्र रामभजन मिश्रा निवासी शंकरपुर बाबागंज जिला बहराइच ने शनिवार को नाटकीय ढंग से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हालांकि घटना में नामित मुख्य आरोपी जावेद सहित अभी भी कई आरोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं।

# फसल का सर्वे करने गए युवक को चोर समझकर पीटा

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी तेज प्रताप सिंह द्वारा फसलों का सर्वे करवाया जा रहा है। इस ऑनलाइन सर्वे में सरकार द्वारा पता लगाया जा रहा है कि किस खेत में कौन सी फसल बोई गई है।

इसका सर्वे करने तेज प्रताप सिंह थानाक्षेत्र के सराय कटियान बीते बुधवार को गए थे। साथ में उनका छोटा भाई दुष्यंत सिंह भी था। तभी गांव के कुछ लोग आए और उन्हें चोर समझकर उनका आधार कार्ड सहित अन्य जानकारी करने लगे। जिस पर उसने तहसील द्वारा सर्वे करवाने की बात कही। इसके बाद भी कुछ ग्रामीणों ने उनके गाली गलौज की और पिटाई भी कर दी। इसके बाद शनिवार को तेज प्रताप ने दही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# 3 थानाक्षेत्रों के 4 स्थानों से चोरों ने पार किया लाखों का सामान

उन्नाव। जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं और इसे लेकर फैली अफवाहों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों व कस्बा के मोहल्लों में लोग रतजगा करने को मजबूर हैं। बीती रात भी बांगरमऊ, अजगैन व पुरवा क्षेत्र में चोर घरों और दुकान में धावा बोलकर नकदी, जेवर व अन्य कीमती सामान उठा ले गए। सूचना पर संबंधित क्षेत्र की पुलिस ने जांच कर पीड़ितों को कार्रवाई का भरोसा दिया है।


दुकान में चोरों द्वारा तोड़ी गई गुल्लक।


चोरों द्वारा फैलाया गया घर का सामान।

**केस 01** **बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा टोला में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित पुलिस चौकी के सामने अखिलेश का मकान व उनके पड़ोस में विक्रम प्रताप की सिंह इंटर प्राइजेल नाम से कृषि यंत्र की दुकान है। अखिलेश ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ बीती शुक्रवार रात अपने घर में सो रहा था। कृषि यंत्र विक्रेता विक्रम शाम को अपनी दुकान बंद कर दूसरी मंजिल पर चला गया। तभी रात में चोर पीछे से छत के जरिए अखिलेश के मकान में दाखिल हुए और अलमारी का ताला तोड़कर जेवर, नकदी व मोबाइल समेत दो लाख का सामान बटोर ले गए। चोर विक्रम की दुकान में पीछे से घुस आए और गुल्लक तोड़कर उसमें रखे 25 हजार रुपये नकद और दो चांदी के सिक्के लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर लौट गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद निवासी अनुराग पुत्र नरेंद्र सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसके बाग में सरकारी नलकूप संख्या 475-जी की कोठरी में नलकूप के मोटर का स्टार्टर, बैट्री, सोलर पैनल व 15 किलो वायर रखा था। जिसे बीती रात चोर उठा ले गए। सुबह बाग पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई।

**केस 02** **नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र क जगदीशपुर गांव में शैलेंद्र पुत्र कुमेदान सिंह व उनके परिवार के शिशिर कुमार व सुमित अन्य लोग एक ही घर में अलग-अलग कमरे में रहते हैं। परिवार के सदस्य खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए। देररात चोर मौका पाकर घर के पास भूसे की कच्ची कोठरी में घुसे और मकान की पक्की दीवार में सेंध लगाकर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे से लाखों के जेवर सहित 65 हजार की नकदी पार कर दी। सुबह सोकर उठे परिजनों को चोरी की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।


अजगैन कोतवाली अंतर्गत घर में लगी सेंध।

**केस 03** **पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलवी खेड़ा निवासी छविनाथ पाल अपनी पत्नी गुलाब देई के साथ शनिवार सुबह आठ बजे खेत गए थे। उनकी 20 वर्षीय नातिन प्रीति घर में थी। जिसने नौ बजे नाना को फोन कर घर में चोर के घुस आने की जानकारी दी। इस पर वह ग्रामीणों के साथ पहुंचा तो प्रीति अचेत पड़ी थी। कमरे में रखी अलमारी खुली थी और उसमें रखे 10 हजार रुपये व एक लाख के जेवर गायब थे। पुलिस को सूचना देकर उसने प्रीति को सीएचसी में भर्ती कराया। पूछताछ में प्रीति ने पुलिस को बताया कि उसने घर में एक युवक को घुसते देखा। जिसके बाद वह अचेत हो गई। करीब 10 साल से प्रीती ननिहाल में रहती है और वह तीन वर्षों से माइग्रेन की बीमारी से पीड़ित है। जिसका लखनऊ से इलाज चल रहा है। एसएचओ राकेश गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। युवती के मोबाइल की काल डिटेल निकलवाई गई है। जिसमें एक युवक से कई बार बात होना पाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**केस 04** **फतेहपुर चौरासी।** थानांतर्गत कस्बा निवासी संत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर से 600 मीटर दूर पिथन संपर्क मार्ग पर उसके खेत है। कृषि कार्य के लिए खेत में उसने कोठरी बनाकर ट्यूबवेल लगा रखा है। शनिवार सुबह वह खेत पहुंचा तो कोठरी की कच्ची छत से दाखिल हुए चोरों ने वहां रखी 15 बोरी डीएपी खाद, इंजन का हत्था सहित अन्य उपकरण पार कर दिये थे।

# आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा की

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव


एसडीएम को ज्ञापन देते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डासना के महंत दीपक त्यागी उर्फ नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के संबंध में दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय में काफी रोष है।

यहां के काज़ी शहर सैय्यद जियाउल आरफीन ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में काज़ी शहर और अइम्मा इकराम ने कहा कि डासना के दीपक त्यागी उर्फ यति नरसिंहानंद द्वारा एक मंच से पैगंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की तौहीन की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यति नरसिंहानंद द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से देश में अमन शांति भंग होने का खतरा है। इस दौरान सीओ अरविंद चौरसिया, कोतवाल राजेश त्रिपाठी व मोहम्मद नईम आदि मौजूद रहे। ज्ञापन में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज खान, नायब इमाम ईदगाह मौलाना फैसल बिलाल जामई, सैयद मोहम्मद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां, कारी अब्दुल मुबीन आदि रहे।

# युवती व विवाहिता से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कोर्ट के आदेश पर नगर के दो अलग-अलग मोहल्ला निवासी युवती व विवाहिता ने कोतवाली में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि छह माह पूर्व उसके पति की गैर मौजूदगी में जिला सीतापुर के दो रिस्तेदार उसके घर आए और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस के कार्रवाई न करने पर उसने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं, नगर के ही एक अन्य मोहल्ला निवासी युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बीते 10 वर्षों से नगर के मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी एक युवक शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाता रहा। जब उसने युवक पर शादी का दबाव डाला तो उसने शादी से इंकार कर दिया। शनिवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

# किसान सम्मान निधि पाकर खिले चेहरे

संवाददाता, औरास


किसान सम्मान निधि का लाइव प्रसारण देखते विधायक व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में शनिवार को राजकीय कृषि बीज भंडार द्वारा किसानों के कल्याणकारी योजनाओं के लिए क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने किसानों को संबोधित किया तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 18वीं किस्त जारी होने का विधायक व मंडल अध्यक्ष औरास बृजेश त्रिपाठी ने लाइव वीडियो का प्रसारण ब्लॉक सभागार में किसानों के साथ सुना गया। तथा मंडल अध्यक्ष ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी अजय सिंह द्वारा किसानों को आ रही समस्याओं का निस्तारण करने के लिए कार्यालय में अपने जरूरी पेपर लेकर आने को कहा। जिससे समस्या का समाधान हो सके।

**जरा याद करो कुर्बानी** | 125वीं जयंती पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर हुई चर्चा, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जिले के प्रथम सांसद भी बने

# आजादी की लड़ाई के नायक थे विशम्भर दयाल त्रिपाठी

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव



गोष्ठी में मौजूद लोगों को संबोधित करते विद्यालय के शिक्षक। अमृत विचार


बाबू भगवती चरण वर्मा को श्रद्धांजलि देते सभ्रांत लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में क्रांतिकारी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व. विश्वम्भर दयाल त्रिपाठी की 125वीं जयंती पर शनिवार को स्वतंत्रता आन्दोलन में स्व. त्रिपाठी का योगदान विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत दुबे ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए जिला ही नहीं बल्कि संपूर्ण प्रदेश उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने स्व. विश्वम्भर दयालु त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कहा कि उन्होंने जिले के शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाविद्यालय के प्रधान कुलानुशासक डॉ. नलिन कुमार सिंह ने कहा कि आजादी की लड़ाई के नायक और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जिले के प्रथम सांसद पंडित विश्वंभर दयाल त्रिपाठी का जन्म 5 अक्टूबर 1899 को बांगरमऊ के मोहल्ला महा ब्रह्मनान टोला में हुआ था। गोष्ठी में डॉ. नवनीत कौर, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. कुलदीप शुक्ला व अनिल कुमार आदि शिक्षकों के साथ हर्ष, गीतेश पटेल, दिव्यांशी, सज्जन कुमार, दीपक, श्याम व अनिकेश आदि छात्र-छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में डॉ. मनीषा बाजपेई, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. विकास बाजपेई, अमित कुमार, विनीत कुमार, डॉ. अनुराग, डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला व डॉ. विमलेश आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बताया गया कि विश्वंभर दयाल त्रिपाठी की 125वीं जयंती पर महाविद्यालय में रविवार को वन्य जीव संरक्षण कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता 15 अक्टूबर को 'उन्नाव के प्रमुख स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों का योगदान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, 23 अक्टूबर को स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता, 7 नवम्बर को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व 18 नवम्बर को पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होंगे।

### पुण्यतिथि पर बाबू भगवती चरण वर्मा को दी श्रद्धांजलि

**सफीपुर उन्नाव।** कस्बे में जन्मे हिंदी सम्राट साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की 45वीं पुण्यतिथि पर कस्बे के भगवती चरण वर्मा पार्क में श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम व नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में गोष्ठी आयोजित हुई। जहां उपस्थित लोगों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व प्रवक्ता दिवाकर द्विवेदी ने कहा कि भगवती चरण वर्मा ने हिंदी साहित्य में लेखन व पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य किया। अर्चना परिषद सफीपुर के अध्यक्ष व चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने कहा कि भगवती चरण वर्मा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रेरणा से वकालत छोड़ दी। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव, विमलेश अवस्थी, राकेश श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुप्ता किरण, नागेंद्र सिंह सेंगर, विनोद कुमार मिश्र, संजीव गुप्ता, कमलेश गुप्ता, मंजू सिंह आदि रहे।

# मानसिक रूप से बीमार युवकों ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानाक्षेत्र में युवक का शव घर के सामने नीम के पेड़ से लटका मिला। वहीं अचलगंज में शुक्रवार को फंदे से लटके मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शनिवार को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया। दोनों के परिजनों ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार बताया है। वही परिजनों में कोहराम मचा रहा।

**केस 01** **उन्नाव।** मौरावां थानाक्षेत्र के गांव सुखई खेड़ा निवासी संतराम (42) मानसिक बीमार था। उसका लखनऊ के एक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। परिजन लगातार उसकी निगरानी रखते थे। शुक्रवार देररात किसी समय वह घर से बाहर निकल आया। इसके बाद शनिवार भोरपहर चार बजे घर के सामने नीम के पेड़ में गमछे के फंदे से उसे लटका देख परिजनों ने गमछा काटकर उसे नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे आलोक के मुताबिक पिता बीते छह माह से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे।

**केस 02** अचलगंज थानाक्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव निवासी मंगल (40) की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके चलते वह पत्नी रामदेवी से अक्सर मारपीट करता था। नाराज होकर रामदेवी अपने पुत्र वंश (12) व आदित्य (8) को लेकर दो माह से मायके पुरवा चली गई थी। शुक्रवार को गांव में ब्रह्मभोज में शामिल होने वह बच्चों के साथ आई थी। घर पहुंचने पर उसने दरवाजा खटखटाया लेकिन, अंदर से उत्तर न मिलने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची। जहां मंगल का शव साड़ी के फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए।

# भूमाफिया के कब्जे से जमीन छुड़ाने की लगाई गुहार

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : जिलाधिकारी के सामने पहुंची 183 शिकायतों में मात्र 15 का हुआ निस्तारण, शेष के जल्द निस्तारण के दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को जिले की 6 तहसीलों में आयोजित हुआ। जिसमें जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बांगरमऊ तहसील में किया गया। इसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जन समस्याएं व शिकायतें सुनीं।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को फरियादियों की भारी भीड़ रही। इसमें 183 शिकायती पत्र पंजीकृत हुए। जिनमें 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। नगर के मोहल्ला चौधराना निवासी सपा नेता व पूर्व मंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह बेबी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा कि नगर की नौनिहालगंज बाजार स्थित अपनी जमीन पर वह दुकानें बनवाना चाहते हैं। दुकानों का मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ मानचित्र दिया था। लेकिन काफी समय बाद भी नगर पालिका ने दुकानों का मानचित्र स्वीकृत नहीं किया है। जिससे वह काफी परेशान हैं। वहीं क्षेत्र के गांव मदार नगर के मजरा पंचू पुरवा निवासी प्रियांशु गुप्ता ने दिये पत्र में कहा कि बीती 13 नवंबर को सशस्त्र डकैत उनके घर घुस गए थे। परिजनों से मारपीट करने के बाद डकैत उनके घर से लाखों के जेवर तथा नकदी ले गए थे। घटना में शामिल आधा दर्जन डकैतों में से चार डकैत पुलिस हिरासत में भी रहे। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक डकैतों से लूट का माल बरामद नहीं किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत हरियावर के प्रधान पति विमल कुमार ने शिकायती पत्र देकर गांव निवासी अपात्र लोगों के अंत्योदय कार्डों की जांच कराने की मांग की। कस्बा फतेहपुर चौरासी निवासी गिरधारी लाल पुत्र कल्लू ने शिकायती पत्र में कहा कि बांगरमऊ के मोहल्ला प्रेमगंज स्थित उसकी जमीन पर कुछ भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है। गिरधारी लाल ने भूमाफियाओं के चुंगल से जमीन मुक्त करने की मांग की। जिलाधिकारी ने एसडीएम को जमीन को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया। ग्राम अवैक निवासी गंगादेई पत्नी गंगाराम ने शिकायती पत्र में कहा कि उसके घर में लगा विद्युत मीटर खराब है। जो इस्तेमाल से अधिक यूनिट दर्शा रहा है। गंगादेई ने मीटर बदलवाने की मांग की। समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 91, पुलिस विभाग के 26, विकास विभाग के 12, समाज कल्याण विभाग के 5, खाद्य एवं रसद विभाग के 4, शिक्षा विभाग के 2, चकबंदी विभाग क 12 तथा अन्य 31 समेत कुल 183 शिकायती पत्र पंजीकृत हुए। इनमें मात्र 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, एसडीएम नम्रता सिंह, सीओ अरविंद चौरसिया, तहसीलदार राम आसरे व प्रभारी


बांगरमऊ तहसील में जन समस्याएं सुनते जिलाधिकारी गौरांग राठी व अन्य।

● बांगरमऊ तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का तहसील सभागार में आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। एसडीएम नवीन चंद व एएसपी प्रेमचंद, सीओ माया राय ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। इस दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान 56 मामले दर्ज हुये। जिसमें 4 का निस्तारण हो सका। इस मौके पर तहसीलदार रामशंकर, बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, ईओ विनीत श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत छोटेलाल, सर्किल के थाना प्रभारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुधन, विद्युत, कृषि, क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व निरीक्षक विभाग अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके साथ ही सदर, पुरवा, बीघापुर व हसनगंज तहसीलों में भी अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजन हुआ।

### साहब! एसओ ने घर से उठवाकर थाने में पीटा और 20 हजार लेकर छोड़ा

■ **बांगरमऊ।** संपूर्ण समाधान दिवस पर फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव गजफ्फरपुर पैसरा निवासी वाहन चालक शानू पुत्र इस्लामुद्दीन ने जिलाधिकारी को दिये शिकायतीपत्र में थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। उसने बताया कि थाने के एक रामलखन और एक सिपाही बीते शुक्रवार उसे जबरन घर से उठा लाए और हवालात में बंद कर दिया। एसपी दीपक भूकर के निरीक्षण के दौरान एसओ ने उसे हवालात से निकालकर एक कमरे में बंद कर दिया। एसपी के जाने के बाद एसओ ने उसे कमरे से निकलवाया और उसकी जमकर पिटाई करते हुए कहा कि एक लाख रुपए तुरंत मंगवाकर दो। ऐसा न करने पर उसे जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन करने के आरोप में जेल भेज देंगे। बताया कि उसने डर के कारण अपने मित्र से 14 हजार और घर से 6000 रुपये मंगाकर एसओ को दिये। तब पुलिस ने देरशाम कहीं शिकायत न करने की धमकी देते हुए उसे थाने से भगा दिया। पीड़ित ने डीएम से दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।


क्षेत्र में पालिका की ओर से कराई जाती फागिंग। अमृत विचार

# संचारी रोगों के रोकथाम के लिये हुई साफ-सफाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर अक्टूबर माह में गंगाघाट नगर पालिका की ओर से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शनिवार को द्विवेदी नगर में पालिका की ओर से साफ सफाई कराकर छिड़काव कराया गया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को वार्ड पांच द्विवेदी नगर में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव करने के बाद मोहल्ले में रहने वाले लोगों को जागरूक भी किया। साथ ही रात के समय फागिंग भी कराई गई। इस बावत ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी तरह पालिका के 28 वार्डों में अभियान के तहत साफ सफाई कराने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा।

# बारिश खत्म, अब शुरू कराएं प्रस्तावित कार्यः साक्षी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

● सांसद व जिलाधिकारी ने की समन्वय समिति की बैठक

● 15 अक्टूबर तक जिले की सड़कों के गड्ढे भरवाने को कहा

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में शनिवार को जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों के साथ सांसद साक्षी महाराज व जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में सांसद ने राष्ट्रीय मार्ग, राज्य मार्ग, अन्य मार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मार्ग व मंडी परिषद के मार्ग, रेलवे पुल व अंडर पास, रिंग रोड, छोटे व बड़े पुल निर्माण आदि के स्वीकृत व प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान सांसद ने कहा कि जिले के जन प्रतिनिधियों के समन्वय से जिले का विकास बेहतर होगा। कार्य योजना तैयार करना बैठक का मुख्य उद्देश्य है। अब बारिश समाप्त हो चुकी है इसलिए स्वीकृत नई सड़कों व सम्पर्क मार्गों पर निर्माण व मरम्मत आदि शुरू करें। सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप व तय सीमा के अंदर ही पूरे करायें। उन्होंने कहा कि सभी गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़े जायें। जिन सड़कों का निर्माण पूर्ण हो गया है उनका जल्द से जल्द लोकार्पण कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेन्द्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राव सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में बैठक करते जनप्रतिनिधि व सांसद साक्षी महाराज।

## जीने से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के कटहा दलनारायनपुर के नया खेड़ा निवासी एक राजमिस्त्री शनिवार सुबह छत पर कुछ काम से गया था, नीचे उतरने के दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे नीचे आ गिरा। परिजन उसे अस्पताललेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।नया खेडा निवासी राजेन्द्र गौतम (65) राज मिस्त्री का काम करता था। शनिवार सुबह वह छत पर कुछ काम से गया था, नीचे उतरने के दौरान जीने से नीचे आ गिरा। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत बताया।

# श्याम महोत्सव में पूरी रात झूमे भक्त

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात सहजनी में आयोजित श्याम महोत्सव में भक्त बाबा के प्रति श्रद्धा और भक्ति के साथ पूरी रात झूमते रहे। महोत्सव के दौरान बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें अलौकिक ज्योति जलाई गई। भजन गायकों ने बाबा के गीतों से माहौल को भक्तिरस से भर दिया। इस आयोजन में श्री श्याम प्रभु के दिव्य विग्रह का विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग, फूलों की होली, निशान उत्सव, विशाल कीर्तन, श्याम रसोई एवं महाआरती का आयोजन किया गया। महोत्सव में खाटू वाले बाबा के सुरीले भजन भक्तों को मंत्रमुग्ध करते रहे। शीश के दानी महाबलवानी, खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है जैसे भजनों ने सभी को भक्तिमय कर दिया। महोत्सव में शामिल सभी भक्तों ने बाबा की भक्ति में लीन होकर रातभर झूमते हुए अपनी श्रद्धा अर्पित की।


महोत्सव के दौरान बाबा का किया गया भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

# बारिश के चलते भीषण गर्मी से मिली राहत, हुआ जलभराव

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर में बीते कुछ दिनों से बारिश न होने से तेज धूप और भीषण तपिश से लोगों को शनिवार को राहत मिली। बारिश न होने से बीते कुछ दिनों से शहर के लोग गर्मी से बेहाल थे। शनिवार सुबह लोग तेज धूप होने से भीषण गर्मी से बेहाल थे। शाम को धूप के बीच हुई बारिश से लोगों को सुकून मिला। सुबह से बादलों बीच रुक-रुककर धूप देखने को मिल रही थी। लेकिन, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। शाम को कुछ देर की बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। वहीं देरशाम तक आसमान पर बादल छाए रहे। इससे रात को फिर बारिश होने की उम्मीद है। वहीं शहर की कई सड़कों पर कुछ ही देर की बारिश से भीषण जल भराव और कीचड़ हो गया। जिससे लोग इधर-उधर से बचकर निकलते नजर आये। कुछ देर झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना होने से गर्मी से भी राहत मिली।


शहर में बारिश के बाद निकलते राहगीर। अमृत विचार

# गणेश पूजन के साथ रामलीला की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन गार्डेन में रामलीला महोत्सव का उद्घाटन रामलीला समिति के अध्यक्ष राकेश सिंह ने गणेश पूजा, ध्वजारोहण व सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ किया।

सबसे पहले आचार्यों द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ श्री गणेश पूजन कराया गया। इसके बाद कमेटी अध्यक्ष ने यजमान के रूप में महोत्सव की शुरुआत में पूजा अर्चना की। जिसमे प्रथम दिवस की नारद मोह, रावण दिग्विजय से रामजन्म तक की लीला सम्पन्न हुई। रामलीला समिति के संयोजक राम तनेजा, महामंत्री जीयस भदौरिया, कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला, स्वागताध्यक्ष अजय शुक्ला, केजी अग्रवाल, महिला अध्यक्ष निम्मी अरोड़ा, शोभा पांडे, उमा शुक्ला, नवयुवक मंडल से प्रथम श्रीवास्तव, प्रियांशु पाण्डे आदि मौजूद रहे।


शहर के आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन गार्डेन में गणेश पूजा करते कमेटी अध्यक्ष।

**शिव धनुष टूटते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडालःशुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को ऋषि आश्रम समिति की ओर से स्वामी नारदानंद दशहरा महोत्सव एवं श्री राम लीला मंचन के दौरान संध्या वंदन, रावण बाणासुर संवाद, जनक विलाप, धनुष भंग की लीला का आयोजन हुआ।

श्री सार्वजनिक रामलीला समिति की ओर से गोपीनाथपुरम में शनिवार को लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन हुआ। जो सुबह तक चला। मंचन के दौरान शिवधनुष टूटते ही पंडाल में मौजूद लोगों ने जय जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

वहीं धनुष टूटने के साथ सीता स्वयंवर की खबर मिलने पर परशुराम जनकपुरी में स्वयंवर स्थान पर आ जाते हैं। हाथ में फरसा लिए क्रोधित हो धनुष तोड़ने वाले को सामने आने, सहस्त्रबाहु की तरह दंडित होने और न आने पर वहाँ उपस्थित सभी राजाओं को मारे जाने की धमकी देते हैं। उनके क्रोध को शांत करने के लिए राम आगे बढ़कर कहते हैं कि धनुष-भंग करने का बड़ा काम उनका कोई दास ही कर सकता है। परशुराम इस पर और क्रोधित होते हैं कि दास होकर भी उसने शिवधनुष को क्यों तोड़ा। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच जबरदस्त संवाद होते रहे जिनका वहां पर मौजूद लोगों ने सुबह तक आनंद उठाया।

# हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कल्लूपुरवा निवासी एक बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना तब हुई जब वह मवेशियों के लिए चारा लाने के लिए हाईवे पर जा रहा था। सुबह करीब साढ़े आठ बजे, लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी।

कल्लूपुरवा निवासी 75 वर्षीय प्यारेलाल मवेशियों की देखरेख का काम करते थे और सुबह के समय हाईवे के किनारे से होकर चारा लाने के लिए जा रहे थे। कल्लूपुरवा मोड़ के पास हुई इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया, जिन्होंने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने शुरू में शव का पोस्टमार्टम कराने से मना किया, लेकिन पुलिस ने समझा-बुझाकर शव का पंचनामा भरा और आवश्यक विधिक कार्रवाई के तहत पोस्टमार्टम कराने पर सहमति दी।

नवरात्र का तीसरा दिन

सुबह से लेकर देररात तक मंदिरों में लग रही भक्तों की भीड़, देवी की जयकारों से गूंज रहा माहौल

# मां चंद्रघंटा के दर्शन के लिये उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवरात्र के तीसरे दिन दुर्गा के स्वरूप में मां चंद्रघंटा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर देर रात तक दुर्गा मंदिरों में खासी भीड़ देखने को मिली। वहीं घरों में भक्तों ने विधि विधान से माता की पूजा अर्चना की।

शनिवार को मां चंद्रघंटा के स्वरूप के दर्शन के लिए, मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि मां चंद्रघंटा की विधिविधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। गांधीनगर स्थित काली मंदिरों, कंचन नगर में कंचना मंदिर, पोनी रोड स्थित सोमा गौरी, झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, चंपापुरवा में मंशा देवी व दुर्गा मंदिर समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।


मां चंद्रघंटा के रूप में विराजी कंचना माता।


दुर्गा मंदिर में सजाया गया रामदरबार।


दुर्गा मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार


पुरवा में देवी मंदिर के बाहर लगी भक्तों की भारी भीड़। अमृत विचार

### देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

■ **उन्नाव।** नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को शहर के विख्यात कल्याणी देवी, अन्नपूर्णा देवी व दुर्गा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। भोरपहर से ही भक्त मां के दर्शनों के लिए मंदिर पहुंचने शुरू हो गए थे। भीड़ अधिक होने से श्रद्धालुओं को लाइन लगाकर दर्शन करना पड़ा। शनिवार को मंदिरों में माता रानी के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की गई। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में स्थित देवी मंदिरों में माता के जयकारों से परिसर गुंजायमान होते रहे। इसके अलावा लाउड स्पीकरों पर बजते भजनों से आसपास का वातावरण भक्तिमय होता रहा। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, फल-फूल, रोली, सिंदूर व चूड़ी आदि चढ़ाकर प्रसन्न किया। भक्त माता के जयकारे लगाते रहे। देरशाम मंदिरों व घरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। फतेहपुर चौरासी की मां शीतला माता, बांगरमऊ की मां राजराजेश्वरी देवी, सफीपुर स्थित मां शंकरी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

### जग जननी मां दुर्गा मंदिर में हुआ आरती और भजन

■ **पुरवा।** नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा मन्दिरों में धूमधाम से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहें हैं। साथ ही मां दुर्गा की आरती व जगराते भी हो रहे हैं। क्षेत्र के गांव सेमरीमऊ स्थित 300 वर्ष पूर्व बने विशाल जगत जननी मां दुर्गा के पवित्र मंदिर की भक्तों के हृदय में महकती आस्था है। इस नवरात्र पर माता रानी का दरबार सजाया गया और ग्रामवासियों ने माता रानी के भव्य आरती घंटे, घड़ियाल व शंखनाद के साथ रोज शाम आरती की जा रही हैं। इस कड़ी में शनिवार को ग्राम वासियों ने एक साथ मिलकर माता रानी की आरती कर जयकारे लगाए। इस कार्यक्रम में मुख्य आयोजक सुधाकर शुक्ला, ओम शुक्ला, करन, कथा वाचक मनमोहन त्रिपाठी, दया शुक्ला, दीपाली, श्रेयांस, प्रतिमा, सचिन, प्रियम, शिवा सैनी, आस्था आदि मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा पंडालों में भी जुट रही भक्तों की भीड़

■ **उन्नाव।** शहर में देवी मंदिरों के साथ अब दुर्गा पूजा पंडाल भी सजने लगे हैं। इसी क्रम में शहर के एबी नगर में दुर्गा पूजा पंडाल में भक्तों की खासी भीड़ पहुंच रही है। शनिवार को भी भक्तों ने पंडाल में पहुंचकर देवी मां के दर्शन कर पूजन-अर्चन भी किया।

## सार-संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने नकली सिरप मामले में हाईकोर्ट का आदेश किया रद

**शुक्लागंज उन्नाव।** शक्ति नगर मोहल्ले में खांसी की दवा बनाने वाले अजय बाजपेई के यहां करीब साढ़े तीन साल पहले गंगाघाट पुलिस ने छापेमारी कर खांसी के सिरप बरामद किये थे। जिस पर वादी अजय बाजपेई हाईकोर्ट चले गये थे। कोर्ट के निर्देश पर हाल ही में दो औषधि निरीक्षण अजय संतोषी, नवीन कुमार व गंगाघाट कोतवाली में तैनात रहे दरोगा रोहित पांडे, अबु कासिम, कांस्टेबल राजेश कुमार, मुकेश कुमार व कृष्ण प्रताप के खिलाफ तत्कालीन एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये थे। जिस पर पुलिस कर्मी सुप्रीम कोर्ट चले गये। जहां कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के 25 नवंबर 2021 के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें जब्त करने वाले पक्ष के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ अधिनियम की धारा 58(1)(बी) के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। यह आदेश बिना अपीलकर्ताओं को सुनने के पारित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का निर्देश जारी होने से पहले अपीलकर्ताओं को अपना मामला पेश करने का मौका नहीं दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसने उच्च न्यायालय द्वारा की गई अन्य टिप्पणियों में हस्तक्षेप नहीं किया है और इस बात पर जोर दिया कि जमानत आवेदन से संबंधित निष्कर्ष अंतिम निर्धारण के रूप में काम नहीं करेंगे। इसने निर्देश दिया कि ट्रायल कोर्ट को उच्च न्यायालय के निष्कर्षों से प्रभावित हुए बिना, प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। यह निर्णय कानूनी कार्यवाही में उचित प्रक्रिया के महत्व को रेखांकित करता है, विशेष रूप से मादक द्रव्य कानून के तहत गंभीर आरोपों से जुड़े मामलों में। मामले से संबंधित लंबित आवेदनों का भी न्यायालय द्वारा निपटारा किया गया।

### जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण संपंन

**औरास।** विकासखंड औरास में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल योजना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें शुक्रवार से शनिवार तक चले दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व एएनएम को ब्लॉक सभागार औरास व स्वास्थ्य केंद्र सभागार में जल जीवन मिशन का परिचय, उद्देश्य, ग्राम जल और स्वच्छता समिति जल गुणवत्ता आदि विषयों को मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर राजेंद्र प्रताप सिंह ने हित ग्राहियों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के संयोजक मनोरमा मंडल के जिला समन्वयक सुरेंद्र प्रताप सिंह, राजू वर्मा, कुलदीप राजपूत ने जल संचयन और जल प्रबंधन को बढ़ावा देने व जल शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के विषय पर विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग।

# देवरूप मां की उपासना अतिप्राचीन



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं "वे अविनाशी-अमर्त्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊंचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो।" (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है।

मां प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व मां के कारण ही है। मां न होती तो हम न होते। मां स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में "या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः" कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। मां का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए मां को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है। हमारी भाषा में निकटता के लिए 'उप' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'उप' बड़ा प्यारा है। इसी से 'उपनिषद' बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ 'उप-वास' निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियमपालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में "नियम से भोजन करने का व्रत" कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत् प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं।

ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं "वे अविनाशी-अमर्त्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊंचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियां सुनो।" (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप मां की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में 'जल माताएं' आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन का जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं: विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया है: तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6)

ऋग्वेद अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है "जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति है।" ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं-"मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूं। मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूं। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूं आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3)

सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य है ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं "ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं।" (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, "ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मर्यादा मार्ग से ही चलती है।" (वही, 3) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियां है, "वे सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं, छोटे से दूर नहीं होती, बड़े का त्याग नहीं करती।" (वही, 6) यहां समत्व दृष्टि की सीधी चर्चा है। ऋग्वेद में "सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती है।" (1.123.2) प्रार्थना है कि "हमारे मुख दिव्य स्तुति गान करें। बुद्धि सत्कर्मों को प्रेरित करें।" (वही, 6) ऊषा सतत् प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी और सूर्य देव के पहले आएंगी।" (वही, 8)

भारत का लोकजीवन देवी उपासक है। वह सब तरफ माता ही देखता है। देवी उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद के ऋषि समाज व्यवस्था से ही सामग्री लेते हैं, जो देखते हैं, वही गाते हैं। वे द्रष्टा ऋषि हैं। यहां पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये ऋग्वेद में तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव।" (1.13.9)एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः' कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः। यहां भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। फिर कहते हैं "सजोषा इडा देवे मनुष्ये-इडा देवी मनुष्यों देवों के साथ यज्ञ अग्नि के समीप आयें और सरस्वती वाक्शक्ति के साथ पधारें।" सरस्वती पहले नदी हैं, माता हैं। बाद में वे ज्ञान की देवी हैं, माता तब भी हैं। यज्ञ में मन्त्र पाठ के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। यज्ञ की विभिन्न क्रियाओं को देवी रूप कल्पित करके उन्हें होत्रा, इडा आदि नाम दिए गये। इडा यज्ञ कर्म की प्रतीक है, यज्ञ की अग्नि भारत है, यज्ञ में काव्य पाठ करने वालों की वाणी भारती है। मन की चंचलता कर्म साधना में बाधक है। मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। ऋषि उनका आवाहन करते हैं "प्र शुकैतु देवी मनीषा"। (7.34.1)

प्रत्यक्ष देखे, सुने और अनुभव में आए दिव्य तत्वों के प्रति विश्वास बढ़ता है, पक्का विश्वास प्रगाढ़ भावदशा में श्रद्धा बनता है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, "श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः"-हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) यहां श्रद्धा जीवन और कर्म की शक्ति हैं, श्रद्धा से ही श्रद्धा की याचना में गहन भावबोध है। श्रद्धा का मतलब अंधविश्वास नहीं है। श्रद्धा विशेष प्रकार की दिव्य चित्त दशा है और प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धा भगस्य मूर्धनि। (10.151.1) देवी उपासना प्रकृति की विराट शक्ति की ही उपासना है। मूर्ति, बिम्ब और प्रतीक नाम ढेर सारे हैं-दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी या सिद्धिदात्री आदि कोई नाम भी दीजिए। देवी दिव्यता हैं। माँ हैं। सो पालक हैं। भारत स्वाभाविक ही नवरात्रि उत्सवों के दौरान शक्ति उपासना में तल्लीन है।

# जीवन अनिश्चितताओं का नाम



सार यह कि जो अपने हाथ में नहीं है, उसके बारे में व्यर्थ सोचना क्या? जो प्रत्यक्ष वर्तमान है, उसको खूबसूरत बनाने के निरंतर प्रयास में लगे रहें, इसी में जीवन की सार्थकता है। जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी हो चाहे न हो फिल्म आनंद' के नायक ने 1971 में हमें यह ज्ञान दिया था।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कल क्या होगा, कोई नहीं जानता। दार्शनिकों और विचारकों ने अपने अपने ढंग से इसमें दिशा और नित्यता खोजने का प्रयास किया है। फिल्म आनंद का यह संवाद किसने नहीं सुना होगाः"बाबू मोशाय, जिंदगी और मौत ऊपर वाले के हाथ है जहांपनाह, जिसे न आप बदल सकते हैं न मैं, हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं,जिनकी डोर ऊपर वाले के उंगलियों में बंधी है। कब, कौन, कैसे उठेगा, ये कोई नहीं बता सकता।"

उर्दू के महान शायर जौक ने कहाः"लाई हयात आए कजा ले चली चले, अपनी खुशी न आए न अपनी खुशी चले"- (जिंदगी ने हमें बिना पूछे धरती पर ला रखा, फिर एक दिन मौत आई और बिना पूछे उठा ले चली। न अपनी खुशी से आए, न अपनी खुशी से विदा हुए।)

शेक्सपियर के नाटक हैमलेट' का नायक कहता हैः- "गौरैया भी जब मर कर गिरती है तो ईश्वर के ही खास विधान से। अगर मौत को आज ही आना है तो वह आज ही आएगी, कल नहीं, अगर उसे कल आना है तो वह कल आएगी, आज नहीं और यदि आज नहीं भी आएगी, तो एक न एक दिन तो आएगी ही। मौत का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना ही असली चीज है।

जैसे कि बुद्ध तैयार थे। इस धराधाम से विदा लेने का उनका वक्त आ पहुंचा था। बुद्ध ने सामने अपने परम शिष्य आनंद को शोक-संतप्त और विह्वल खड़ा देखा तो बोलेः- "हे आनंद! तुम्हें जगत का रहस्य समझना चाहिए। यह जगत परिवर्तनशील है। यहां जो भी जन्म लेता है, अवश्य मरता है। इस लोक में कुछ भी स्वाधीन नहीं है,कोई भी प्राणी अमर नहीं है। यदि प्राणी अमर होते तो जीवन परिवर्तनशील नहीं होता। फिर मुक्ति का क्या महत्व होता?"

यदि आप आत्मा और परमात्मा में विश्वास करते हैं तो आपको और भी निश्चिंतता पूर्वक जीना चाहिए। गीता का यह श्लोक बहुतों के लिए अनवरत प्रेरणा का स्त्रोत रहा हैः "वासांसि जीर्णानि यथा विहाय/ नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।।

तथा शरीराणि विहाय जीर्णा/ न्यन्यानि संयाति नवानि देही।।"- जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्रों को ग्रहण करता है, उसी प्रकार आत्मा पुराने शरीरों को त्यागकर नए शरीरों को प्राप्त करती है। सार यह कि जो अपने हाथ में नहीं है, उसके बारे में व्यर्थ सोचना क्या? जो प्रत्यक्ष वर्तमान है,उसको खूबसूरत बनाने के निरंतर प्रयास में लगे रहें,इसी में जीवन की सार्थकता है। जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी हो चाहे न हो फिल्म आनंद' के नायक ने 1971 में हमें यह ज्ञान दिया था।

# मानव एवं वन्य जीवों में बढ़ता संघर्ष



डॉ .जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

इस समस्या का समाधान केवल जागरूकता और संरक्षण के माध्यम से ही संभव है। वन्य जीवों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## वन्य जीव सप्ताह पर विशेष

अभी हाल की घटनाएं यह साबित कर रही हैं कि मानव और वन्य जीवों में निरंतर संघर्ष बढ़ रहा है,जिसके अंतर्गत अभी पिछले सप्ताह के तराई परिक्षेत्र में बाघ के हमले में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी तथा घागरा नदी के कछारों में रहने वाले भेड़ियों के आतंक से दस इंसानों की असमय मृत्यु हो गई, जो इस तरफ इशारा कर रही हैं कि इंसानों और वन्यजीवों के मध्य संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है और यह एक गंभीर व जटिल समस्या बन चुका है। इसका मुख्य कारण दोनों के प्राकृतिक आवासों और संसाधनों में हो रही कमी है। समय के साथ, मानव जनसंख्या का विस्तार तेजी से हुआ है और इसके साथ ही शहरीकरण, कृषि और उद्योगों का भी विकास हुआ है। इन सभी ने मिलकर वन क्षेत्रों को काफी हद तक नष्ट कर दिया है, जिससे वन्य जीवों का जीवन संकट में पड़ गया है। वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों के खत्म होने से वे भोजन और पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर बढ़ते हैं, जिससे दोनों के बीच सीधा संघर्ष उत्पन्न होता है।

वन्य जीवों का जीवन उनके प्राकृतिक आवासों पर आधारित होता है, जहां वे भोजन, पानी और सुरक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन जब जंगलों को काटा जाता है और मानव अपने विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करता है तो जानवरों के लिए उनके जीने के साधन सीमित हो जाते हैं। इस स्थिति में वे अक्सर भोजन और पानी की तलाश में मानव बस्तियों में प्रवेश कर जाते हैं। उदाहरण के तौर पर, हाथी, बाघ, तेंदुए, भेड़िए और अन्य वन्य जीव गांवों और खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर देते हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है और उनके बीच जानवरों के प्रति आक्रोश बढ़ता है। इस संघर्ष का परिणाम यह होता है कि कई बार इंसान जानवरों को मारने या नुकसान पहुंचाने के लिए हिंसक उपाय अपनाते हैं, जिससे वन्य जीवों की संख्या में कमी आती है और कुछ प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच जाती हैं।

यह समस्या और भी गहरी तब होती है जब इंसान और वन्य जीव आमने-सामने होते हैं। वन्य जीवों के इंसानी बस्तियों में प्रवेश करने से न केवल फसलों का नुकसान होता है, बल्कि कई बार वे इंसानों पर भी हमला कर देते हैं। बाघ, तेंदुआ जैसे शिकारी जानवर गांवों में घुसकर मवेशियों व इंसानों पर हमला कर देते हैं, ऐसे में कई बार जान भी चली जाती है। ऐसी घटनाओं से इंसानों और जानवरों के बीच भय और क्रोध की भावना उत्पन्न होती है, जिससे संघर्ष और भी बढ़ जाता है। इस संघर्ष के समाधान के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारों द्वारा अभी हाल में हाथी कॉरिडोर,बाघ परिक्षेत्र इसके उदाहरण हैं, जहां वन्य जीव सुरक्षित रह सकें।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से इस संघर्ष को कम करने में मदद मिल सकती है,जिसमें सैटेलाइट इमेजरी और ड्रोन की मदद से वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। इससे न केवल उनके आवासों की सुरक्षा की जा सकती है, बल्कि इंसानों और जानवरों के बीच टकराव को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा, बफर जोन का निर्माण भी एक महत्वपूर्ण कदम है,जहां इंसानों और जानवरों के बीच एक सुरक्षित दूरी बनी रहती है।

वन्य जीवों और मानव के बीच बढ़ते संघर्ष का एक और महत्वपूर्ण कारण जनसंख्या वृद्धि है। जैसे-जैसे मानव जनसंख्या बढ़ती जा रही है,वैसे-वैसे अधिक भूमि की आवश्यकता हो रही है। इसके लिए जंगलों को काटकर नई बस्तियां बसाई जा रही हैं,जो वन्य जीवों के आवासों को नष्ट कर रही हैं। इसके कारण जानवरों और इंसानों के बीच टकराव की घटनाएं बढ़ रही हैं,जो कई बार हिंसक रूप भी ले लेती हैं।

इस समस्या का समाधान केवल जागरूकता और संरक्षण के माध्यम से ही संभव है। वन्य जीवों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को यह समझाने की जरूरत है कि वन्य जीव हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका संरक्षण जरूरी है। स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों में इस मुद्दे पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग वन्य जीवों के महत्व को समझ सकें और उनके संरक्षण के लिए कदम उठा सकें।

इसके अलावा, वन्य जीवों की रक्षा के लिए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम बनाए गए हैं, जिसके अंतर्गत वन्य जीवों के शिकार पर प्रतिबंध है और उनका संरक्षण कानून सुनिश्चित किया गया है। हालांकि इन कानूनों का सही तरीके से पालन करवाना एक चुनौती बना हुआ है, क्योंकि विकास और आर्थिक लाभ के लिए कई बार इन नियमों की अनदेखी की जाती है। वन्य जीव संरक्षण के लिए कानूनों का सख्ती से पालन और जागरूकता जरूरी है।

संघर्ष को कम करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। सरकारें, समाज और हर व्यक्ति को इस दिशा में कदम उठाने होंगे ताकि हम मानव और वन्य जीवों के बीच एक संतुलित और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकें। विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाना ही इस संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान है। जब इंसान और वन्य जीव दोनों एक साथ सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से रहेंगे, तभी इस समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा।

# आर्थिक उन्नति के लिए बुनियादी ढांचे का विकास जरूरी



शिवांश सक्सेना
प्रधानाचार्य, रामपुर

अभी भी बड़ी संख्या में लोग सरकारी नौकरी के जाल से पीड़ित हैं,जिसका मतलब है कि आज युवा सरकारी नौकरी की ओर आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि वे इसे किसी अन्य व्यवसाय या पेशे की तुलना में अधिक मूल्यवान मानते हैं।

रेल, सड़क, वायुमार्ग और समुद्री मार्गों के विकास के साथ-साथ भारत के आर्थिक विकास के द्वार खुल रहे हैं। सरकार लगातार महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुताबिक वर्तमान शासन द्वारा नियोजित 100 से अधिक परियोजनाएं हैं, जो देश के आर्थिक विकास में योगदान देकर मदद करती हैं। बेहतर बुनियादी ढांचा, निवेश को आकर्षित करता है। औद्योगिक उत्पादन को प्रोत्साहित करता है,जो रोजगार के अवसर पैदा करता है।

भारत में भूमि अधिग्रहण के मामले में क्या होगा? इस बारे में कोई स्पष्ट और अखिल भारतीय स्पष्टता नहीं है। लोग इसे अपनी आजीविका के लिए खतरा मानते हैं, जो तकनीकी रूप से उनके हिसाब से सही है। सरकार को यह सोचना चाहिए कि जब व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा होगा तो विभिन्न परियोजनाओं के कारण उसे अच्छा क्यों लगेगा? एक और समस्या जिसका सामना आम जनता को करना पड़ता है। वह सरकारी अधिकारी और बाबू, जो अधिकार सिंड्रोम के साथ जी रहे हैं, इसका मतलब है कि वे सोचते हैं कि आम लोग बस एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें काम करवाने के लिए विनती करनी चाहिए या रिश्वत देना चाहिए। इससे न केवल प्रशासनिक ढांचा कमजोर होता है, बल्कि जनता का मनोबल भी कमजोर होता है।

अभी भी बड़ी संख्या में लोग सरकारी नौकरी के जाल से पीड़ित हैं,जिसका मतलब है कि आज युवा सरकारी नौकरी की ओर आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि वे इसे किसी अन्य व्यवसाय या पेशे की तुलना में अधिक मूल्यवान मानते हैं। लाखों युवा कुछ और करने की बजाय इस जाल में अपने बहुमूल्य वर्ष बर्बाद कर देते हैं, जितने वर्ष अपने सरकारी नौकरी की तैयारी में निकाल देते हैं। इतने समय अगर कोई निजी नौकरी या व्यवसाय करते तो ज्यादा कमा लेते। इन कुछ चुनौतियों का समाधान करके और अवसरों का लाभ उठाकर भारत अपनी आर्थिक क्षमता को अनलॉक कर सकता है, जिससे उसके नागरिकों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके।

# नवरात्र का वैज्ञानिक आधार





प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

हमारी चेतना के अंदर सत, रज और तम तीनों प्रकार के गुण व्याप्त हैं। प्रकृति के साथ इसी चेतना के उत्सव को नवरात्रि कहते हैं। इन नौ दिनों में पहले तीन दिन तमोगुणी प्रकृति की आराधना करते हैं, दूसरे तीन दिन रजोगुणी और आखरी तीन दिन सतोगुणी नवरात्र का वैज्ञानिक आधार मनीषियों ने रात्रि के महत्व को अत्यंत सूक्ष्मता के साथ वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में समझने और समझाने का प्रयत्न किया।

वैदिक काल में देवियों का स्थान उच्चतम स्तर पर था। "देवी" शब्द का लिखित प्रयोग भी सर्वप्रथम ऋग्वेद में ही प्राप्त होता है। ऋग्वेद मंडल दस का "आत्म-सूक्तम" देवी तत्व का विशद विश्लेषक है। मां के ममतामयी रूप में ईश्वरीय सत्ता को आत्मसात करने की परिकल्पना संभवतः वेदों से भी पुरानी है। वैदिक मनीषियों ने भी इसे मान्यता दी है। अंबिका, गौरी, उमा, हैमवती, कालरात्रि, लक्ष्मी, सरस्वती, मही, दुर्गा, गायत्री आदि इसके प्रतीक हैं। धेनु, धरती, नदियों व वनस्पतियों तक में देवी शक्ति का साक्षात्कार किया गया है। अर्थववेद में तो पत्नियों, औषधियों और विदुषी नारियों, यहां तक कि प्रत्येक स्त्रीलिंगी प्रत्ययों में देवीत्व के दर्शन दिए गए हैं। नवरात्र शब्द से 'नव अहोरात्रों (विशेष रात्रियां) का बोध' होता है। इस समय शक्ति के नवरूपों की उपासना की जाती है, क्योंकि 'रात्रि' शब्द सिद्धि का प्रतीक माना जाता है। भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों ने रात्रि को दिन की अपेक्षा अधिक महत्व दिया है। यही कारण है कि दीपावली, होलिका, शिवरात्रि और नवरात्र आदि उत्सवों को रात में ही मनाने की परंपरा है। इन नवरात्रों में लोग अपनी आध्यात्मिक और मानसिक शक्ति संचय करने के लिए अनेक प्रकार के व्रत, संयम, नियम, यज्ञ, भजन, पूजन, योग-साधना आदि करते हैं।

नवरात्र के पीछे का वैज्ञानिक आधार यह है कि पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा काल में एक साल की चार संधियां हैं,जिनमें से मार्च व सितंबर माह में पड़ने वाली गोल संधियों में साल के दो मुख्य नवरात्र पड़ते हैं। इस समय रोगाणु आक्रमण की सर्वाधिक संभावना होती है। ऋतु संधियों में अक्सर शारीरिक बीमारियां बढ़ती हैं। अतः उस समय स्वस्थ रहने के लिए तथा शरीर को शुद्ध रखने के लिए और तन-मन को निर्मल और पूर्णतः स्वस्थ रखने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया का नाम 'नवरात्र' है। प्रकृति ही पृथ्वी का मूल है, जिसने इस संसार के प्राणियों को जन्म दिया है। यही पालनकर्ता है और यही संहारकर्ता भी। इस संसार में जब विपत्तियां आती हैं तो वही प्रकृति रूपा मां अनेक रूपों तथा नामों से इस पृथ्वी पर स्थूल रूप से प्रकट होती है और समस्त बाधाओं को दूर व अनाचार को समाप्त कर सदाचार को पुनः स्थापित कर अपने लोक (धाम) चली जाती है।

ऐसी मातृशक्ति को हम दुर्गा भुवनेश्वरी आदि नामों से जानते हैं। समस्त देव शक्तियां उसी देवी के अंश तथा रूप हैं। यही कारण है कि विश्व भर में उस निराकार शक्ति का स्त्री रूप में ही विभिन्न रूपों तथा नामों से पूजन किया जाता। नवदुर्गा वास्तव में नौ औषधियां हैं, दुर्गाकवच में लिखा है ये रहस्य-मार्कण्डेय चिकित्सा पद्धति के अनुसार प्रथम शैलपुत्री (हरड़)-प्रथम रूप शैलपुत्री माना गया है। इस भगवती देवी शैलपुत्री को हिमावती हरड़ कहते हैं। यह आयुर्वेद की प्रधान औषधि है, जो सात प्रकार की होती है। हरीतिका (हरी) जो भय को हरने वाली है। पथया-जो हित करने वाली है। कायस्थ-जो शरीर को बनाए रखने वाली है। अमृता (अमृत के समान), हेमवती (हिमालय पर होने वाली), चेतकी-जो चित्त को प्रसन्न करने वाली है। श्रेयसी (यशदाता) व शिवा कल्याण करने वाली। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार नौ औषधि के रूप में मनुष्य की प्रत्येक बीमारी को ठीक कर स्वस्थ करती है। अतः मनुष्य को इनकी आराधना एवं सेवन करना चाहिए। ऋतु संधि के दौरान रोगाणुओं के हमले से रक्षित करने के लिए नवरात्रि मनाई जाती है।

नवरात्रि के दौरान सात्विक भोजन करने से पाचन तंत्र भी आराम महसूस करता है। दरअसल सात्विक भोजन हल्का होने की वजह से शुद्ध और संतुलित रहता है। नवरात्रि के दिनों में हवन किए जाते है, जिससे वातावरण को शुद्धता मिलती है। इससे कई बीमारियों से बचाव होता है और तन-मन भी शुद्ध होता है।

# गांधीजी की प्रतिमा के प्रतिस्थापन से सौंदर्यीकरण की शुरुआत



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजाद भारत के योजनाकार और इंजीनियर नगर की बुनियादी समस्याओं का स्थायी एवं पुख्ता समाधान ढूंढने के बजाय सौंदर्यीकरण पर जोर दे रहे हैं।



जब सियासी नेतृत्व कमजोर और जन सरोकारों से विमुख हो जाता है तो ऐसी स्थिति में अफसरशाही अपनी मनमर्जी करने पर उतर आती है। 'लोक' में 'तंत्र' हावी हो जाता है। अफसरान खुद को व्यापक समाज के भाग्य विधाता समझने लगते हैं। सियासी तौर पर नेतृत्व विहीन नैनीताल में ऐसा ही देखने-सुनने को मिल रहा है।

नैनीताल के प्रवेश द्वार तल्लीताल में स्थित बस स्टेशन के सामने नैनी झील की ओर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की आदमकद सुंदर मूर्ति लगी हुई है। नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन चेयरमैन किशन सिंह तड़ागी के प्रयासों से आज से करीब 63 साल पहले यहां पर गांधीजी की मूर्ति बनी। 15 अक्टूबर,1971 को तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के.सी.पंत ने इस मूर्ति का अनावरण किया था। गांधीजी की मूर्ति के आगे एक चबूतरा बना हुआ था,जहां छोटी जनसभाएं और धरना प्रदर्शन हुआ करते थे। कुछ समय पहले सरकारी अफसरों ने सड़क को चौड़ा करने की नीयत से चबूतरे को छोटा कर दिया। चबूतरा छोटा होने से कुछ गाड़ियों के अटाने की जगह बेशक बढ़ गई,लेकिन विश्व शांतिदूत, सत्य और अहिंसा के प्रबल पैरोकार राष्ट्रपिता गांधीजी की छत्रछाया में सभा-धरना- प्रदर्शन करने की गुंजाइश खत्म हो गई। कुछ दिन पहले लोक निर्माण विभाग, नैनीताल के अधिशासी अभियंता के हवाले से अखबारों में खबरें छपी हैं कि झील के किनारे लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को यहां से विस्थापित कर गांधी ग्राम, ताकुला में स्थापित करने की योजना है और इस स्थान पर गांधीजी की नई प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव है। काबिल-ए-गौर यह कि ऐसा सौंदर्यीकरण के नाम पर किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर राष्ट्रपिता की करीब छह दशक पुरानी जानी-पहचानी प्रतिमा को विस्थापित करने की बात समझ से परे है। इधर कुछ दशकों से सरकारी इंतजामिया नगर की सेहत और सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी समस्याओं को सरासर नजरअंदाज कर सौंदर्यीकरण पर जोर दे रहा है। नैनीताल को सौंदर्यीकरण की नहीं, प्रकृति प्रदत्त सौंदर्य को महफूज रखने की दरकार है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से नैनीताल की खूबसूरती है। नैनी झील ही नैनीताल की प्राण संजीवनी है। झील यहां के लोगों को रोजी-रोटी, रोजगार, भोजन-पानी, पहचान और आत्मसम्मान देती है। यहां के जीवन का संपूर्ण ताना-बाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। पिछले कई वर्षों से झील की सालाना नाप-जोख नहीं हो पाई है। मोटर मार्ग, बाजार क्षेत्र, अश्व एवं पैदल मार्ग समेत नैनीताल नगर में करीब एक सौ किलोमीटर लंबी सड़कें हैं। इसमें से वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब अट्ठारह किलोमीटर है। बाकी सड़कें पैदल या अश्व मार्ग हैं। इन सभी पैदल सड़कों में भी दोपहिया और चौपहिया वाहनों का एकछत्र राज कायम हो गया है। इनमें से अधिकांश पैदल सड़कों की हालत खराब है। सौंदर्यीकरण के झंडाबरदार लोक निर्माण विभाग ने वर्षों से नगर के पैदल मार्गों की सुध नहीं ली है। गड्ढे युक्त इन सड़कों में सुरक्षित पैदल चलना मुश्किल हो गया है। नैनीताल की पहाड़ियां और वन क्षेत्र कूड़े के ढेरों से अटे हुए हैं। बरसात में यह कूड़ा नालों के द्वारा झील के गर्भ में समा रहा है। नगर में जगह-जगह सीवर ओवर फ्लो हो रहा है,सीवर का गंदा पानी झील में निर्बाध रूप से समा रहा है। नगर के अधिकांश नालों का वजूद खतरे में है। अनियंत्रित एवं अनियोजित यातायात के चलते पैदल चलना दूभर हो गया है। नगर में गाड़ियों की इतनी भीड़ हो गई है कि पैदल चलने के लिए इंच भर भी जगह नहीं बची है। एक दौर में यांत्रिक यातायात से निरापद नैनीताल नगर में जाम अब आम हो गया है।

नगर में गाड़ियों के रेंगने को भी सड़कें नहीं बची हैं, 'दूरदर्शी' अफसरान पार्किंग सुविधा में इजाफा करने में जुटे हैं। सवाल यह कि जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगी तो ऐसी सूरत में पार्किंग सुविधा बढ़ाने के क्या मायने हैं? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है। इंतजामिया की तदर्थवादी सोच के चलते नैनीताल नगर समस्याओं के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। दूसरी ओर आजाद भारत के योजनाकार और इंजीनियर नगर की बुनियादी समस्याओं का स्थायी एवं पुख्ता समाधान ढूंढने के बजाय सौंदर्यीकरण पर जोर दे रहे हैं।

# सिपाही को मारपीट कर लूटी नकदी व मोबाइल

संवाददाता, सौरिख (कन्नौज)

- कन्नौज के सौरिख क्षेत्र में हुई वारदात, एक हिरासत में

**अमृत विचार।** हमीरपुर जनपद में तैनात जखा गांव के एक सिपाही को मारपीट कर लुटेरों ने नकदी और मोबाइल लूट लिया। घटना उस समय हुई, जब सिपाही शुक्रवार की शाम गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होकर वैन से साथियों के साथ अपने घर जा रहा था। सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने एक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

क्षेत्र के जखा निवासी दीपक कुमार पुत्र सरमन शाक्य हमीरपुर जनपद के कुरारा थाने में सिपाही के पद पर तैनात है। वह गुरुवार को छुट्टी पर घर आया था। शुक्रवार को दोस्त की गोद भराई कार्यक्रम में साथियों के साथ शंकरपुर निवासी मानसिंह की वैन लेकर इटावा गया था। वापस लौटते समय जैसे ही वह सौरिख से कबीरपुर जाने वाले मार्ग पर पहुंचा, तभी चार-पांच बाइक पर सवार कई लोग वैन के सामने आ गए और बीच में बाइक खड़ी कर वैन रोक ली। चालक मान सिंह को पीटने लगे। जब सिपाही ने वीडियो बनाना चाहा तो लुटेरों ने उसका मोबाइल और जेब से 50 हजार रुपये लूट लिया।

घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और लुटेरों की तलाश की। पुलिस ने एक को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह का कहना है कि सिपाही ने मौखिक सूचना दी थी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# जले पटाखा व्यवसायी पिता-पुत्र की मौत

संवाददाता, असोथर (फतेहपुर)

- असोथर थाना क्षेत्र के सातों धरमपुर का मामला, एसपी ने किया मौका-मुआयना
- पटाखा बनाने के बाद कारखाने से बाहर रस्सी बनाते समय रगड़ से बारूद में लगी आग

**अमृत विचार।** असोथर थाना क्षेत्र के सातों धरमपुर में पटाखा बनाकर कारखाने से बाहर रस्सी बनाते समय व्यवसायी पिता-पुत्र के शरीर में आग लग गई। इससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान दोनों की बारी-बारी से मौत हो गई। एसपी धवल जायसवाल ने घटना स्थल पहुंच कर निरिक्षण कर जांच पड़ताल की।


चांद बाबू।

असोथर थाना क्षेत्र के सातों धरमपुर निवासी चांद बाबू और उसका पुत्र आशियान देर शाम को पटाखा कारखाने में काम कर रहे थे। काम के दौरान शरीर में बारूद लग गया। इसके बाद दोनों खेत में रस्सी बनाने लगे। बताते हैं कि रस्सी बनाते समय रगड़ से चिंगारी निकली और शरीर में लगी बारूद से आग लग गई। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जाता है कि इस दौरान रखा बारूद भी जल गया। जानकारी होने पर परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार को दोनों की मौत हो गई। इधर जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। एसपी ने बताया कि पटाखा कारखाने में किसी भी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है, कारखाने के बाहर रस्सी काटते समय घटना हुई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


घटना की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल। अमृत विचार

### पटाखा बनाने का जारी हुई था लाइसेंसः एसपी

मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि दोनों को पटाखा बनाने के दौरान ज्वलनशील पदार्थ के कारण आग लगी। घटना के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया और पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी फैक्ट्री के आस-पास जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि मार्च 2025 तक लाइसेंस का आदेश था। आदेश में दस किलो बारूद व 50 किलो पटाखा रखने का लाइसेंस जारी किया गया था।

# फतेहपुर में युवती की हत्या कर शव फेंका

## सदर कोतवाली के चौफेरवा के पास रोड किनारे मिला शव

संवाददाता फतेहपुर



- युवती के शव की नहीं हो सकी पहचान, पुलिस शिनाख्त कराने के प्रयासों में जुटी

**अमृत विचार।** एक अज्ञात युवती का खून से सना शव सुनसान सड़क पर पड़ा मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा पावर हाउस के पास राहगीरों ने जब देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अब महिला की शिनाख्त में जुटी है और सोशल मीडिया पर उसकी फोटो डाल कर पहचान कराने में जुटी है।

सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा और डीएसपी सुशील कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि महिला के चेहरे और नाक पर गहरे चोट के निशान थे, जिससे खून बह रहा था। प्रारंभिक जांच में महिला की उम्र 26 साल आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया, महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पहचान के लिए प्रयास जारी हैं। फिलहाल घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला, जिससे जांच में मुश्किल आ रही है।

रात 11 बजे के करीब शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस टीम हत्या के कारणों और अपराधियों का पता लगाने के लिए सक्रिय हो गई है। इलाके में दहशत का माहौल है और लोग इस घटना के पीछे की सच्चाई जानने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस की टीमें हर बिन्दु पर जांच कर रही हैं ताकि जल्द से जल्द मामले का खुलासा हो सके।

## चित्रकूट में बस पलटी 12 यात्री हुए घायल

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** कमासिन से कर्वी आ रही निजी बस पलटने से 12 सवारियां घायल हो गईं। इनको सीएचसी में भर्ती कराया गया।

दुर्घटना शनिवार शाम लगभग 4 बजे की है। कहेटा गांव के पास एक निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। बस सड़क किनारे पलट गई। इसमें रमा पत्नी ज्ञानेंद्र निवासी तरौंहा, विद्या गौतम पत्नी ओंकार निवासी भरतकूप, गायत्री पत्नी गरीबदास निवासी डोमनखेरा आदि लगभग 12 सवारियों को चोटें आईं। इन्होंने बताया कि वे लोग अमिलिया गांव से कमासिन से कर्वी जाने वाली प्राइवेट बस में बैठे थे। सवारियों के मुताबिक, आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में चालक ने इससे नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। बस में करीब चालीस सवारियां थीं। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# अदालत ने हत्यारोपी को किया दोष मुक्त

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाकरपुर का मामला
- 18 वर्षीय युवक का शव कुएं से हुआ था बरामद

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाकरपुर में करीब आठ वर्ष पूर्व एक 18 वर्षीय युवक अभिषेक का शव कुएं से बरामद होने पर दो लोगों के विरुद्ध लिखाये गये हत्या के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सैफ अहमद ने अभियुक्त जनक सिंह को दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया।

अभियोजन के कथानक के अनुसार वादी मुकदमा अशोक कुमार ने सदर कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। उसने कहा था कि वह 25 जुलाई 2016 को परिवार की चाची के देहान्त हो जाने की सूचना पर अपने परिवार सहित दिल्ली से ग्राम वाकरपुर स्थित घर पर आया था। चाची के क्रियाकर्म के उपरान्त वादी और उसका पुत्र अभिषेक छत पर लेट गए थे। कुछ समय बाद बारिश होने के कारण वादी छत से नीचे उतर आया और उसका पुत्र हल्की बूंदा बादी होने के कारण छत पर लेटा रहा।

आधे घंटे बाद पत्नी छत पर देखने गई तो पुत्र नहीं मिला। एक दिन बाद बगल के कुएं में शव मिला। इसमें गांव के ही जनक सिंह व प्रहलाद सिंह पर हत्या कर कुएं में फेंकने का केस दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना कर दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र पेश किया। विचारण के दौरान आरोपी प्रहलाद सिंह की मृत्यु हो गई। अभियोजन व बचाव पक्ष को सुनने के बाद एडीजे. सैफ अहमद ने आरोपी जनक सिंह को आरोपों से दोष मुक्त कर दिया।

## सार-संक्षेप


कन्नौज की विजेता टीम के साथ मौजूद कोच।

### मंडल स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में कन्नौज विजेता

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** इटावा के जन सहयोगी इंटर कॉलेज में हुई मंडल स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में जिले की टीम विजेता बनी। आकाश एजूकेशन सेंटर टीम व कन्नौज वॉलीबाल टीम के मैनेजर लोकेंद्र सिंह ने बताया कि अंडर 17 बालक वर्ग ने पहले फर्रुखाबाद, फिर कानपुर नगर को हराया। फाइनल में मेजबान इटावा को हराकर जीत दर्ज की। अंडर 19 बालक वर्ग ने पहले कानपुर देहात फिर कानपुर नगर को हराया। फाइनल में औरैया की टीम को शिकस्त देकर जीत पाई। डीआईओ एस डॉ. पूरन सिंह, मैनेजर डॉ. आरके कटिया ने टीम को जीत की बधाई दी।

### अदालत के आदेश पर चाकू से हमले की रिपोर्ट

**सौरिख।** डाकघर में तैनात डाक कर्मी ड्यूटी से घर जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर डाक कर्मियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के गांधीनगर निवासी अवनीश कुमार सकरावां के डाकघर में उप डाकपाल हैं, जबकि कस्बे के ही ऋषि भूमि इंटर कॉलेज चौराहा निवासी सुखवेंद्र बीरपुर शाखा में डाकपाल हैं। 28 अगस्त को वीरपुर डाकघर में सहायक शाखा डाकपाल मोहद्दीनगर निवासी ज्ञानचंद सकरावा डाकघर शराब के नशे में देरी से पहुंचा था। अवनीश का आरोप है कि जब शराब के नशे और देरी से आने पर एतराज जताया गया तो धमकियां देने लगा। इसी दौरान स्टूल से गिर गया, जिससे उसे चोट लगी। इसी बात को लेकर 29 अगस्त को अवनीश और सुखवेंद्र ड्यूटी के बाद घर जाने को तैयार हुए, तभी ज्ञानचंद्र के बेटे विपिन, माइकल व भतीजा दिव्यांशु अन्य लोगों के साथ पहुंचे और ज्ञानचंद को परेशान करने का आरोप लगाते हुए गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर विपिन ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे सुखवेंद्र घायल हो गया। मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट दर्ज न होने पर सुखवेंद्र ने अदालत की शरण ली।

### नाले में नहाने गए किशोर की डूबने से हुई मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के गुरदहा गांव के पास बह रहे श्याम नाले में नहाने गया किशोर डूब गया। परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल आए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गुरदहा गांव निवासी सत्यम (14) पुत्र धर्मेंद्र शनिवार की दोपहर बच्चों के साथ गांव के निकट से निकले श्याम नाले में नहाने गया था। नहाते समय वह पानी में डूब गया। अन्य बच्चों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। ग्रामीणों व परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। ग्रामीण गोताखोरों की मदद से किशोर को पानी से निकलकर कस्बे के सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। वह निकट गांव उरदना के शांति देवी कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया पानी से डूब जाने से मौत हुई है।

### ओला प्रभावित गांवों के किसानों को मिलेगा बीज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी होने के अवसर पर ब्लॉक सभागार में अधिकारियों ने कहा कि ओला प्रभावित गांवों के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर दो हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 50 फीसदी अनुदान पर बीज दिए जाएंगे। अलसी, चना, मटर, लाही की दो किलो बीज की किट दी जा रही है। एडीओ कृषि मृत्युंजय सिंह ने बताया कि ओला प्रभावित गांवों के किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर दो हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए बीज उपलब्ध है। इसके अलावा चना मटर सरसों अलसी के मिनी किट किसानों को निशुल्क प्रदान किया जा रहे हैं। बीज गोदाम प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि गेहूं को छोड़कर सभी बीज हैं।

# किशोरियों से छेड़खानी में 4 लोगों को 10 साल कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**07** साल पहले गुरसहायगंज क्षेत्र में हुई थी घटना

- अदालत ने अभियुक्तों पर जुर्माना भी लगाया
- छेड़खानी करने के बाद घर में लगाई थी आग



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने किशोरियों से छेड़खानी करने और शोर मचाने पर घर में आग लगाकर धमकाने के मामले में चार अभियुक्तों को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर 13,500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर चार महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि 23 फरवरी 2017 की रात वह बच्चों के साथ घर में सो रही थी। रात करीब बारह-एक बजे अचानक चार-पांच लोग दीवार फांदकर घर के अंदर घुस आए और उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद उसकी बेटियों के कपड़े फाड़कर छेड़खानी करने लगे। उसके चीखने-चिल्लाने पर बाहर निकलते समय घर में आग लगा दी और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी दी।

महिला ने एफआईआर में यह भी बताया था कि तीन लोगों को वह पहचानती है। इसके पुलिस ने एफआईआर के आधार पर इस मामले में गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरीनवादा, समधन के रहने वाले आमिर पुत्र जयसू, आजम और महतिया पुत्र सत्तू के खिलाफ संबंधित धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले की विवेचना के दौरान एक और आरोपी भूरा उर्फ सलीम का नाम शामिल किया गया।

विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अलका यादव ने आरोपी आजम, भूरा उर्फ सलीम, कासिम उर्फ महतिया और आमिर को गवाहों के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार दिया और शनिवार को सभी अभियुक्तों को 10-10 साल के कठोर कारावास व 13500-13500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने जुर्माना की राशि पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने के आदेश दिए हैं।

# स्कूटी में गलत नंबर प्लेट लगाकर आते थे शोहदे

संवाददाता फफूंद, औरैया


नदी में तलाश करती एसडीआरएफ टीम।

- छात्रा के नदी में कूदकर जान देने का मामला
- शोहदों की स्कूटी का नंबर बाइक का निकला

**अमृत विचार।** शोहदों के पीछा करने से तंग आकर एक गांव निवासी छात्रा ने फफूंद के पास जुआ पुल से सेंगुर नदी में कूद कर अपनी जान दे दी। शनिवार को उसका शव पुल से 1 किमी. दूर बरामद हुआ।

छात्रा की मां ने बताया कि बेटी ने बताया था कि स्कूटी सवार कुछ लड़के पीछा करते हैं, जिससे वह परेशान रहती थी। शुक्रवार को स्कूटी सवार लड़कों ने पीछा किया तो उसने पिकेट पुलिस से बताया था। तब पुलिस वाले घर तक छोड़ कर गए थे। इसके बाद तय किया था कि उसे बस से ट्यूशन के लिए भेजेंगे. लेकिन बेटी को लगता था कि पापा को पता चल गया तो ट्यूशन बंद करा देंगे। इसलिये उसने सहेली के साथ साइकिल से ही आना जाना जारी रखा। छात्रा की सहेली ने बताया कि स्कूटी सवार युवक अक्सर साइकिल के आगे-पीछे घूमते थे, जिससे काफी डर लग रहा था। छात्रा ने अपनी कॉपी पर स्कूटी का नंबर UP 79 B 3776 लिख रखा था। जब यह नंबर चेक किया गया तो यह नंबर एक बाइक का निकला। पुलिस आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे की स्कूटी सवार शोहदों को पकड़ा जा सके। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मिक्सर मशीन से गिरा मजदूर, चली गई जान

**उरई।** माधौगढ़ के गड़ेरना के पास मिक्सर मशीन से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मिहोना के ग्राम अचलपुरा म.प्र निवासी राकेश 35 वर्ष बंगरा में अपनी ससुराल में रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार की सुबह वह लेंटर डालने वाली मिक्सर मशीन पर काम करने के लिए गोपालपुरा गया हुआ था। रात को काम करके वह मशीन पर बैठकर घर लौट रहा था। ट्रैक्टर चालक मशीन लेकर जैसे ही गड़ेरना के पास पहुंचा। तभी ब्रेकर पर झटका लगने से मजदूर राकेश मशीन से नीचे गिर गया और उसके ऊपर से मिक्सर का पहिया चढ़ गया। तभी मजदूरों ने घायल अवस्था में इलाज के लिए बंगरा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंगरा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार सिंह पहुंचे और परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पंचर बनवाते समय जैक गिरा, खलासी की मौत

कार्यालय संवाददाता, उरई

- कानपुर देहात के सरौठा गांव का निवासी था खलासी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में ट्रक के टायर का पंचर बनवाते समय जैक फिसलने से हेल्पर उसी के नीचे आकर दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरौठा निवासी अतर सिंह 22 वर्ष पुत्र राम सोबरन ट्रक पर हेल्पर था। जो चालक देव सिंह के साथ शुक्रवार की शाम को ट्रक पर गया था। तभी शहर कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड पर मंडी गेट के पास ट्रक पंचर हो गया था। इसके बाद चालक ने सड़क किनारे ट्रक खड़ा किया और हेल्पर से जैक लगाकर टायर बदलने के लिए कहा।

इस दौरान हेल्पर ने पहले पहिए के बोल्ट ढीले कर दिए, इसके बाद उसने ट्रक के नीचे लेटकर जैक लगाया। जैक लगाने के बाद जैसे ही वह ट्रक के नीचे से बाहर निकलने लगा तो जैक हट गया और वह ट्रक के नीचे दब गया।

मौजूद लोगों ने क्रेन की मदद से ट्रक के नीचे दबे हेल्पर को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और और खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए।

फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**कंपनी पर आरोप** — बांदा जीआरपी ने शुरू की पूरे मामले की जांच, रेलवे स्टेशन पर डेरा डालकर सबूत जुटाने की कोशिश

# रेलवे के पीडब्ल्यूआई ने अज्ञात पर दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रेलवे ट्रैक और प्लेटफार्म के बीच लकड़ी के बोटे रखे होने के मामले में रेलवे के पीडब्ल्यूआई की तहरीर पर देर रात कार्यदायी संस्था के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद जीआरपी बांदा ने जांच शुरू करते हुए रेलवे स्टेशन में डेरा डालकर सबूत जुटाने में लग गई है।


रेलवे स्टेशन में जांच करती जीआरपी। अमृत विचार

शुक्रवार की सुबह 8.30 बजे कानपुर से मानिकपुर जा रही मेमू ट्रेन कस्बे के प्लेटफार्म संख्या तीन और रेलवे लाइन संख्या चार में लकड़ी के बोटे रखे होने पर डीरेल होते-होते बची थी। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी थी और वॉकी-टॉकी से सहायक स्टेशन मास्टर उल्लास श्रीवास्तव को सूचना दी थी। सहायक स्टेशन मास्टर ने लकड़ी के बोटे हटवाकर ट्रेन को रवाना किया था। इसके बाद रेल पथ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार ने निर्माण में लगी केपीटीएल कंपनी को जिम्मेदार ठहराया था। कंपनी पल्ला झाड़ते हुए कह रही है कि 17 जुलाई को रेलवे लाइन रेलवे हैंडओवर कर दी गई थी। इस घटना से कंपनी का कोई लेना देना नहीं है। जांचोपरांत रेल पथ निरीक्षक की तहरीर पर जीआरपी थाना बांदा में मुकदमा संख्या 38/24 धारा 150 (क) दर्ज करके केपीटीएल के अज्ञात कर्मियों को नामजद किया गया है। घटना के लिए कौन-कौन जिम्मेदार है इसके सबूत जुटाने के लिए शनिवार सुबह से जीआरपी ने स्टेशन में डेरा जमा लिया है। मामले की जांच जीआरपी के दरोगा शेरे आलम खान कर रहे हैं। रेल पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार का कहना है कि उनको यह मालूम नहीं है कि कौन-कौन लोग मौके पर कार्य करा रहे थे। उन्होंने मुकदमा अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज करा दिया है। जीआरपी जांच कर दोषियों को नामजद करके कार्रवाई करेगी।

### मेमू की घटना के बाद सतर्क किए गए की-मैन

शुक्रवार को केपीटीएल कर्मियों की लापरवाही से डिरेल होते-होते बची मेमू ट्रेन के बाद रेलवे विभाग में पटरियों की निगरानी के लिए कीमैनों को सतर्क किया है। यमुना साउथ बैंक से इंगोहटा तक कार्य कर रहे 18 कीमैन को सतर्क रहकर निगरानी के निर्देश दिए गए है। शुक्रवार की घटना के बाद रेलवे विभाग अलर्ट हो गया है। रेलवे पटरियों की सुरक्षा के लिए कीमैन को सतर्क किया गया है। यमुना साउथ बैंक से सुमेरपुर तक दिन में 4 तथा रात में 8 कीमैन निगरानी के लिए लगे हैं। इसी तरह सुमेरपुर से इंगोहटा तक दिन में 2 तथा रात में 4 कीमैन लगे है। अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि लाइनों की निगरानी को बढ़ाया गया है।

### 84 किमी लंबे रेल पथ की सुरक्षा को महज तीन कर्मी तैनात

रेल सुरक्षा बल के पास 84 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन के लिए महज तीन कर्मी हैं। उन्हें तीन सुरक्षा कर्मियों के भरोसे इंगोहटा से लेकर भीमसेन जंक्शन तक सुरक्षा की जिम्मेदारी है। किसी तरह की घटना होने पर यही तीन कर्मी इस 84 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में भाग दौड़ करते हैं। शुक्रवार को कस्बे के रेलवे स्टेशन में मेमू ट्रेन के डिरेल होते-होते बचने की घटना के साढ़े तीन घंटे बाद आरपीएफ मौके पर आ सकी थी। रेलवे सुरक्षा बल का थाना जूही कानपुर में है। उसकी एक चौकी घाटमपुर में संचालित है। इस चौकी में एक एसआई तथा दो कांस्टेबल तैनात हैं। एक कांस्टेबल का पैर फैक्चर होने के कारण यह मेडिकल लीव पर है। मौजूदा समय में महज दो कर्मी हैं। शुक्रवार को सुबह 8 .30 बजे जब मेमू ट्रेन डिरेल होते-होते बची तब आरपीएफ घाटमपुर से सड़क मार्ग होकर साढे तीन घंटे में स्टेशन आ पाई थी। चौकी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि भीमसेन जंक्शन से इंगोहटा रेलवे स्टेशन तक 84 किमी रेल लाइन है। यहां महज दो आरपीएफ कर्मी कर रहे हैं।

# दौड़ लगाते वक्त 3 किशोरों को वाहन ने कुचला, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में दौड़ लगा रहे तीन किशोरों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। एक की मौत हो गई जबकि दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थानां क्षेत्र के गांव नगला पंजाब याकूतगंज निवासी राजकुमार का 14 वर्षीय पुत्र हर्ष, नीरज का 14 वर्षीय पुत्र केशव व रामवृक्ष का 15 वर्षीय पुत्र रजत फतेहगढ़ कानपुर मार्ग पर दौड़ लगा रहे थे। तभी पाल गेस्ट हाउस के पास अज्ञान वाहन ने तीनों को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल लोहिया भेजा। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जय सिंह ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया। रजत और केशव की हालत गंभीर है। भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। मृतक किशोर की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। दादी किशोरी और माँ सविता का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते दें कि जिले में सुवह भारी संख्या में युवा सेना व पुलिस भर्ती में फिजिकल पास करने के लिए दौड़ का अभ्यास करते हैं। कुछ लोग सुबह मॉर्निंग वॉक करने के लिए निकलते है।

लोगों का कहना है कि वाहन चालकों की असावधानी से इस तरह के हादसे कई बार हो चुके हैं। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


अस्पताल में रोती-बिलखती हर्ष के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

- 2 साथी गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती कराया गया

# स्टेडियम के बाहर कमरे में मिला सीरिंज का ढेर

## खिलाड़ियों के नशीली दवाओं के इंजेक्शन लेने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खिलाड़ी अब जिला और मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में भी नशीली दवाओं के इंजेक्शन का इस्तेमाल कर रहे हैं। शनिवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्टेडियम के बाहर बने कमरे में सीरिंज का ढेर मिलना इस बात की ओर इशारा कर रहा है। माना जा रहा है कि 68 वीं जनपदीय एथलेटिक प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों ने इसका इस्तेमाल किया होगा। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। सिर्फ आशंका जताई जा रही है।

**नैन्ड्रोलसोल्ड, स्टेनाजोल, आइब्रुफेन जैसी नशीली दवा**

जिला एथलेक्टिक संघ के सचिव साहिबे आलम ने बताया कि खिलाड़ियों की ओर से क्षमता बढ़ाने के लिए नैन्ड्रोलसोल्ड, स्टेनाजोल, आइब्रुफेन जैसी दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। ज्यादातर ऐसी दवाएं एथलीट खिलाड़ी इस्तेमाल करते हैं। ये सांस न फूलने में मददगार होती हैं।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रतियोगिता चल रही है। शनिवार को ग्राउंड के पास खाली कमरे में नशीली दवाओं के इंजेक्शन मिलने से सनसनी फैल गई। नशीली दवाओं का प्रयोग युवा खिलाड़ियों के बीच प्रदर्शन बढ़ाने के लिए किया जा सकता है, जो न केवल खेल की भावना के खिलाफ है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

● प्रतियोगिता के आयोजकों के अनुसार खिलाड़ी और कोचों से की जा रही पूछताछ

प्रतियोगिता के आयोजकों के अनुसार खिलाड़ियों और उनके कोचों से पूछताछ की जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि किसने इन इंजेक्शनों का इस्तेमाल किया था।

# फिर हिंसक हुए सियार, 2 गांव में 9 ग्रामीणों को किया घायल

संवाददाता, जहानाबाद (पीलीभीत)

● मीरपुर के सात व बरात बोझ के दो घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार:** जिले में एक बार फिर सियार हिंसक हो उठे। शुक्रवार रात जहानाबाद क्षेत्र के दो गांवों में सियारों ने तीन महि

जिले में सियार के हमले करीब दो माह पूर्व शुरू हुए थे। उस दौरान सियारों के हमलों में 30 से अधिक लोग घायल हुए थे। इसके बाद हमले रुक गए। शुक्रवार रात जहानाबाद के गांव मीरपुर में सियार ने हरचरण, केदारनाथ और चंदन पर हमला कर घायल दिया।

इसके बाद हमला नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने सोचा कि सियार चला गया होगा। शनिवार सुबह करीब पांच बजे ग्रामीण रोजमर्रा के काम के लिए घरों से निकले। तभी सियार ने खुशबू, कैलाश चंद्र, ज्ञान स्वरूप और रामेश्वर दयाल को घायल कर दिया।

इस बीच जहानाबाद के ही दूसरे गांव बरातबोझ में सियार ने पूरनलाल की पत्नी प्रेमवती और परमेश्वरी की पत्नी रेखा देवी को घायल कर दिया। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में उपचार किया गया। सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने कहा कि टीम द्वारा ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। ग्रामीणों ने अपील है कि घर से हाथ में लाठी-डंडे लेकर निकलें।

# दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



**अमृत विचार:** 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की लखनऊ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने शनिवार सुबह ही जिलाधिकारी आवास घेर लिया, फिर सभी कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर पहुंच गए। जहां हंगामा होता रहा। जिलाधिकारी ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, तब परिजन माने। शाम को आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया।

शहर से सटे एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी के साथ 20 सितंबर को गांव के ही एक युवक ने चाकू से डराकर दुष्कर्म किया था। लोकलाज के चलते परिजनों ने मामला छुपा लिया और घर में ही इलाज कराते रहे। किशोरी की हालत बिगड़ने पर पहली अक्तूबर को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत और बिगड़ने पर गुरुवार को लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। शनिवार को गुस्साए परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव लेकर सदर कोतवाली जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें गुरु गोविंद चौक पर रोक लिया। इस पर वे शव लेकर कचहरी की तरफ बढ़े तो पुलिस ने जिला महिला अस्पताल के पास एंबुलेंस रोक ली। शव पोस्टमार्टम हाउस ले जाने का दबाव बनाने लगे। पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए परिवार वाले

● परिजनों ने जिलाधिकारी आवास पर किया हंगामा आरोपी किया गया गिरफ्तार

तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। नियमानुसार पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। शव का डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है।

–पवन गौतम, एएसपी

पहले जिलाधिकारी आवास, फिर कार्यालय पहुंचे और हंगामा किया। जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल से पुलिस के रवैये की शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया तब परिजन शांत हुए। डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया है और वीडियोग्राफी कराई है। देर शाम आरोपी अरशद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# पिता ने नहीं दिए पैसे तो बेटे ने मां को तमंचे के साथ फोटो भेजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● पूना में एलएलबी की पढ़ाई कर रहा युवक गिरफ्तार

**अमृत विचार :** एलएलबी के छात्र ने पूना जाने के लिए पैसे न देने पर अपने परिजनों को ही जान से मारने की धमकी दे दी। उसने मां को व्हाट्सएप पर तमंचे के साथ फोटो भेजे और लिखा कि जिस दिन कारतूस मिल जाएंगे उस दिन जान से मार देगा। मां ने जनसुनवाई पोर्टल पर बेटे की शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बेटा पीलीभीत के एक गांव से तमंचा खरीदकर लाया था।

कोतवाली की मठ की चौकी के इंचार्ज वेद सिंह ने बताया कि आलमगीरीगंज निवासी नवीन अग्रवाल खाली पीपों का व्यापार करते हैं। उनकी पत्नी मनीषा अग्रवाल का आरोप है कि उनके व्हाट्सएप पर उनके बेटे अंश ने तमंचे के साथ फोटो भेजा और धमकी दी कि जिस दिन कारतूस मिल जाएंगे उसी दिन मां-बाप को जान से मार देगा। बेटे की धमकी वह डर गईं और उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी। शिकायत के बाद वह मनीषा के साथ मठ की चौकी के पास पीपल वाली गली में पहुंचे और अंश को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी को चालान करके जेल भेज दिया गया है।

पुलिस पूछताछ में अंश ने बताया कि वह एलएलबी चतुर्थ वर्ष का छात्र है। वह पूना के भारतीय विद्यापीठ लॉ कॉलेज में पढ़ता है। उसके पिता नवीन अग्रवाल परेशान करते हैं। इसलिए उन्हें धमकाने के लिए पीलीभीत जिले के एक गांव से चार हजार रुपये में तमंचा लेकर आया। उसका मकसद सिर्फ पिता को धमकाना था। वह पूना जाने के लिए दो दिन से पिता से पैसे मांग रहा था लेकिन पैसे नहीं दिए। वहीं पुलिस का कहना है कि अंश के खिलाफ पूना में भी मुकदमा दर्ज है।

# 1350 किमी. साइकिल से आई राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आस्था और विश्वास प्रगाढ़ हो तो उम्र और दूरी भी कोई मायने नहीं रखती है। इसी श्रद्धा से चार महिलाओं ने महाराष्ट्र से 1350 किलोमीटर साइकिल से अयोध्या तक की दूरी तय कर सबको चौंका दिया। रास्ते में आई तमाम बाधाओं को पार करते हुए शनिवार को रामनगरी पहुंची महिलाएं रामलला के दर्शन कर अभिभूत हो गईं।

इन उत्साही महिलाओं में महाराष्ट्र पुलिस की एक महिला हेड कांस्टेबल, एक होमियोपैथी चिकित्सक और दो गृहणियां शामिल हैं। चिप्पलून, रत्नागिरि महाराष्ट्र की इन साइकिल यात्रियों ने पूना के तुलसीबाग स्थित पेशवा कालीन मन्दिर से पूजन अर्चन करके 21 सितम्बर को अयोध्या के लिए प्रस्थान किया। इसमें



ट्रस्ट महासचिव चंपत राय से भेंट करतीं महाराष्ट्र से साइकिल से आईं महिलाएं।

ज्योति परांजपे गृहणी 59 वर्ष, रमा कर्मारकर हेड कांस्टेबल महाराष्ट्र पुलिस 47 वर्ष, डॉ.अश्वनी गणपत्ये होम्योपैथी चिकित्सक 45 वर्ष तथा धनश्री गोखले गृहणी 40 वर्ष की हैं। रास्ते की सारी जिम्मेदारी विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने संभाली। महिलाओं की टोली के साथ बसंत जोशी और जयन्त केलकर सपोर्ट टीम के रूप में थे। महाराष्ट्र से निकलकर मध्य प्रदेश में महेश्वर, उज्जैन, इंदौर यूपी में झांसी, कालपी, लखनऊ होते हुए रोज 12 घंटे में 100 से 150 किमी. साइकिल चलाकर शनिवार को अयोध्या पहुंचीं। श्रीराम लला के दर्शन किये। कारसेवक पुरम पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय से मिलीं और आशीर्वाद लिया। कहा अयोध्या की धरा पर आकर हम सब धन्य हो गए।

**अखाड़ा परिषद ने लव जिहाद गो हत्या के खिलाफ पारित किया प्रस्ताव**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की दारागंज स्थित पंचायती अखाड़ा की दूसरी बैठक श्री निरंजनी अखाड़े में अध्यक्ष रविंद्र पुरी और महामंत्री हरि गिरी की अगुवाई में की गई। बैठक में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक में कई सर्व सहमति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। प्रमुख रूप से लव जिहाद, संतों की सुरक्षा, गो हत्या पर प्रतिबंध और कुंभ मेला क्षेत्र को हरा भरा और स्वच्छ बनाने सहित सुरक्षा पर सरकार की ओर से विशेष ध्यान दिया जाने पर चर्चा की गई। अखाड़े की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी कुंभ में शाही और पेशवाई जैसे नाम में परिवर्तन किया जाएगा।

# 4 लोगों का हत्यारोपी चंदन पुलिस मुठभेड़ में घायल

संवाददाता, अमेठी

● अमेठी में शिक्षक दंपत्ति और उसकी दो बच्चियों की हुई थी निर्मम हत्या

**अमृत विचार :** चौहरे हत्याकांड का आरोपी चंदन वर्मा पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। चंदन पर आरोप है कि घटना में प्रयुक्त असलहे की बरामदगी के लिये ले जाते समय दरोगा की पिस्टल छीनकर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस के जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए तिलोई सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वही दूसरी तरफ चन्दन वर्मा की निशानदेही पर बरामद पिस्टल अवैध बताई जा रही है। चंदन ने उक्त पिस्टल कब और किससे खरीदी? पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार का कहना है कि इसकी जांच कराई जा रही है।

मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे विंध्य नहर पट्टी के पास मुठभेड़ के दौरान आरोपी चंदन ने दरोगा मदन कुमार की पिस्टल छीनकर पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की। दरोगा से पिस्तौल छीनकर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने धारा 109 बीएस में एफआईआर दर्ज की है। अमेठी में दर्ज दोनों मुकदमों में पुलिस चंदन वर्मा को रिमांड पर लेगी। मोहनगंज और शिवरतनगंज थाना में चंदन पर दो मुकदमे दर्ज है। इसके पहले आरोपी चंदन को अमेठी के गौरीगंज अस्पताल में एक्सरे के लिए लाया गया था। बता दें कि शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में शिक्षक सुनील कुमार, उसकी पत्नी व दो बच्चों की हत्या के आरोपी चंदन वर्मा को एसटीएफ के सहयोग से अमेठी पुलिस ने एक दिन पहले गौतमबुद्धनगर के जेवर टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया। रात 12 बजे घटना का खुलासा करते हुए एसपी अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को शिक्षक के पिता रामगोपाल ने हत्या का मामला दर्ज कराया था।


**समन बगरज इनफिसाल मुकदमा**

(आर्डर 5, कायदा के व 5 मजमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय कुलपहाड़

सं0 मुकदमा

टी0–202207480304197

धारा–1443.उ0प्र0रा0सं0

मुकाम जिला बअदालत

चतुर सिंह पुत्र सूरा, नि.:– कोटरा, पर0 व तह0 कुलपहाड़, जिला–महोबा

बनाम

सरकार

साकिन मुद्दई मुद्दाअलेह

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 10 सन् 2024 वक्त बमुकाम कुलपहाड़ –अदालत या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालातेकरार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर अहम मुतलका मुकदमा का जवाब दे सके, हाजिरी और जवाब देही दावा कीजिए और हरगाह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजबीब हुयी है बस आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहों को जिनको शहादत पर नीचे जुमला दस्तावेज जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों उसी रोज पेश कीजिए।

और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूल और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 20 माह 09 सन् 24 जारी किया गया है।

दस्तखत

असिस्टेन्ट कलेक्टर दर्जा अव्वल/दोयम


# मंत्री कोटे से रेलवे में नौकरी लगाने के बहाने 10 लाख ठगे

**बरेली:** मुरादाबाद के एक युवक को डॉक्टर ने रेलमंत्री को खुद का रिश्तेदार बताते हुए रेलवे में नौकरी लगवाने के बहाने 10.20 लाख रुपये ठग लिए। नौकरी न लगने पर जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना कैंट पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुरादाबाद के गांव सराय खजुर के रहने वाले राकेश कुमार वाल्मिकी ने बताया कि उसकी, विनोद कुमार वाल्मीकि और निखिल कुमार की मुलाकात बीडीए कॉलोनी सुभाषनगर निवासी डॉ. हृदेश कुमार से हुई थी। हृदेश एक अस्पताल के मालिक हैं। हृदेश कुमार ने तीनों को बताया कि उसके रिश्तेदार रेलवे मंत्री हैं और मंत्री के कोटे से ग्रुप डी में नौकरी लगवा देगा।

# समाप्तवादी पार्टी बनने की तरफ सपाः केशव मौर्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी का मतलब गुंडागर्दी और अपराधियों का संरक्षण है। प्रदेश में जहां भी अपराध हो रहे हैं और उनका खुलासा हो रहा है तो उसमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों का ही नाम आ रहा है। अब ये लोग समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बना रहे हैं। भाजपा प्रदेश में उप चुनाव के साथ हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव जीत रही है। ये बातें शनिवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पुलिस लाइन में कहीं।



मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर जाने के दौरान उनका हेलिकॉप्टर आंधे घंटे के लिए पुलिस लाइन में रुका। इस दौरान उनसे भाजपा नेताओं ने मुलाकात की। उन्होंने भाजपा नेताओं पर अखिलेश यादव की बयानबाजी को लेकर कहा कि जिसके अपने घर शीशे के हों, वह दूसरे के घर पत्थर फेंकेगा तो क्या होगा। अखिलेश यादव गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं।

वक्फ संशोधन बिल पर उन्होंने कहा कि कमेटी इसको देख रही है, उसकी तरफ से जो परिणाम आएंगे उसका इंतजार कर रहे हैं। जिनको विरोध करना वो तो करेंगे ही लेकिन हर जगह समर्थन मिल रहा है। किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी हुई है। इससे किसानों में खुशहाली है। सांसद छत्रपाल गंगवार, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक की व्हाट्सएप आईडी हैक कर समर्थकों से मांगे पैसे

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष आसिफ खान बब्बू की व्हाट्सएप आईडी हैकरों द्वारा हैक कर ली गई और उन्होंने पूर्व विधायक के समर्थकों से व्हाट्सएप पर क्यू आर कोड भेज कर रुपए मांगने प्रारंभ कर दिए, लेकिन लोग कम रकम मांगे जाने की वजह से सचेत हो गए।

सपा नेता पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू के व्हाट्सएप पर उनके परिचित का एक मैसेज आया और उसने ओटीपी मांगी। पूर्व विधायक ने ओटीपी नहीं दी और अपने परिचित से संपर्क साधा तो उनका फोन नहीं उठा। उनके परिचित का फोन नंबर पहले ही हैकर्स ने हैक कर लिया था।

# मुझे अयोध्या आने पर मिली बहुत खुशीः रिया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मैं पहली बार अयोध्या आई हूं। यहां आने पर बहुत खुशी मिली है। मैं जब छोटी थी तब से अयोध्या की कहानियों को सुनती चली आई हूं। वीडियोज भी देखे हैं। अब मुझे अयोध्या की फिल्मी रामलीला में किरदार निभाने का मौका मिला है। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ये बातें शनिवार को मिस यूनिवर्स रिया सिंघा ने कहीं। वह रामायण ऑडिटोरियम में पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं।

फिल्मी सितारों की रामलीला में माता सीता की भूमिका निभाने आईं रिया ने कहा कि राममंदिर बहुत सुंदर बना है। वहां जाने पर मन को बहुत सुकून मिलता है। उन्होंने रामलीला में सीता स्वयंवर में अपनी भूमिका निभाई है।




मिस यूनिवर्स रिया सिंघा।

रिया ने कहा कि किसी भी किरदार को निभाने के लिए उसे उसका सच्चे दिल से अनुभव करना चाहिए। कहा कि अयोध्या में विकास के कार्य से जो भी बदलाव हो रहा है। वह जरूर होना चाहिए था। इससे पहले उन्होंने सुबह अयोध्या पहुंचते ही राममंदिर, हनुमान गढ़ी पर दर्शन किए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कौहारी, विकास खंड- कर्वी, चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड कर्वी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कौहारी में राज्य वित्त 15 वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। दिनांक 6/10/2024से 9/10/2024तक

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत कौहारी में रामेश्वर के घर से रामखेलावन के घर तक इंटरलाकिंग सीसी ब्लॉक व नाली निर्माण | 205685 | 4050 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत कौहारी, विकास खंड– कर्वी, चित्रकूट

**कार्यालय ग्राम पंचायत गनीवा प्रसिद्धपुर, विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत गनीवा प्रसिद्धपुर में राज्य वित्त 15वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक 6/10/2024से 9/10/2024तक**

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत गनीवा प्रसिद्धपुर में हनुमान जी मंदिर के सामने इंटरलॉकिंग खरंजा निर्माण | 101957 | 2050 | 500 |
| 02 | ग्राम पंचायत गनीवा प्रसिद्धपुर में मेन रोड से लौधौरा बुजुर्ग में रामबहोरी के घर तक इंटरलाकिंग खरंजा व नाली निर्माण | 283792 | 5650 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत गनीवा प्रसिद्धपुर, विकास खंड– पहाड़ी, चित्रकूट


लुभाएगा दृश्य — अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को आकर्षित बनाने की योजना पर चल रहा काम

# दूर से नजर आएगा संग्रहालय, पुष्पक कराएगा भारत दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को अब भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन के साथ अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय की भव्यता भी लोगों को आकर्षित करेगी। इसके लिए संग्रहायल की छत ऊंचे पिरामिड की तरह दर्शायी जाएगी। जिसका नजारा दूर से ही दिखेगा। इसके मुख्य गेट पर पहुंचते ही रामायण के प्रसंग पर आधारित राम दरबार के दर्शन होंगे। संग्रहालय के बंद कमरे में हवा में उड़ता हुआ पुष्पक विमान संपूर्ण भारत का दर्शन कराएगा। राममंदिर ट्रस्ट के अनुसार कुछ ऐसी परिकल्पना को लेकर अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम तैयार कराया जा रहा है।

मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन राम कथा संग्रहालय को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में तैयार किए जाने के लिए



अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में स्थापित है राम दरबार। अमृत विचार

मंथन किया गया। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, संग्रहालय के एक्सपर्ट के साथ कार्यदायी संस्था के अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक के बाद संग्रहालय को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में तैयार किए जाने की योजना की जानकारी देते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम भक्तों के सैकड़ों वर्षों तक किए गए कानूनी संघर्ष, एएसआई के द्वारा जून 1992, दिसंबर 1992, 2003, 2021 में राम जन्मभूमि परिसर में खोदाई के दौरान पाए मंदिर के अवशेष के साथ-साथ संपूर्ण धारा पर विख्यात राम के चरित्र का विभिन्न भाषा शैलियों में चले आ रहे बखान का अवलोकन अब राम भक्त शोधकर्ता, इतिहासकार और पर्यटकों के लिए संग्रहालय का फिर निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए संग्रहालय की रिमॉडलिंग की जाएगी। हमारे चिंतन का एक भाग है। हमने सुना है कि कभी कोई पुष्पक विमान था। उसी तर्ज पर संग्रहालय में एक कृत्रिम विमान बनवाएंगे। उस पर बैठकर श्रद्धालु डिजिटल तरीके से संपूर्ण भारत का दर्शन कर सकेंगे। मंदिर मामले में जो केस चला उसके कागज भी डिजिटल तरीके से रखेंगे।

**क्षेत्रीय व प्रांतीय भाषाओं की रामायण का भी होगा दर्शन**

- चंपत राय ने बताया कि राम केवल अयोध्या के नहीं हैं अगर भारत का विचार करें तो हर राज्य में राम हैं। हर राज्य के अंदर राम की लीलाएं राम का जीवन देखा जाता है। सभी राज्यों में रामायण है। प्रांतीय व क्षेत्रीय भाषाओं में है। तमिलनाडु में घर-घर पढ़ी जाती है। आध्यात्मिक रामायण मलयालम में है। जिज्ञासु लोगों को संपूर्ण भारत के राम और रामायण का दर्शन संग्रहालय में हो सकेगा। भारत के बाहर भी राम हैं। मुस्लिम देशों में भी कभी न कभी राम थे। वहां आज भी राम की लीलाओं का मंचन होता है। भारत के बाहर राम किस रूप में हैं। कहां-कहां हैं। उसका दर्शन संग्रहालय में हो इस पर छोटी-छोटी बातों पर रोज चर्चा होती है। इसके अलावा नट्ट कठपुतली का खेल भी दिखाने की योजना है।

**22 जनवरी से पहले खुल जाएगी रामायण की डिजिटल गैलरी**

- अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के निदेशक संजीव कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान जानकारी दी गई है कि 22 जनवरी को संग्रहालय के कुछ हिस्सों को खोल दिया जाएगा। जिसमें डिजिटल गैलरी सहित कुछ और गलियों का अवलोकन भी लोग कर सकेंगे। संग्रहालय के प्रवेश द्वार के पास ही राम दरबार को स्थापित किया जाएगा। संग्रहालय में लगभग 21 गैलरियां होंगी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद उरई, जनपद जालौन**

पत्रांक :– 576 डी0एस0ओ0/लाइसेन्स/न0प0परि0/2024/उरई दिनांक :–04.10.2024

**सार्वजनिक सूचना**

**निजी सैप्टिक टैंक क्लीनर (डी0स्लेजिंग आपरेटर) के पंजीकरण के लिये आवेदन हेतु**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि**

1. नगर पालिका परिषद उरई द्वारा नगर के समस्त भवनों/कार्यालयों के मल एवं खाद को खाली करने और परिवहन प्रदान करने के लिये शहरी क्षेत्र कार्यरत समस्त निजी सैप्टिंक टैंक क्लीनर (डीस्लजिंग आपरेटर) को पंजीकृत तथा लाइसेन्स जारी करने का निर्णय लिया गया है। निजी सैप्टिंक टैंक क्लीनर (डी0स्लजिंग आपरेटर) को उरई नगर में अपना कार्य करने के लिये कार्यालय नगर पालिका परिषद उरई से लाइसेन्स लिया जाना आवश्यक होगा।
2. कार्यालय नगर पालिका परिषद में समस्त निजी संप्टिक टैंक क्लीनर (डी0स्लजिंग आपरेटर के पंजीकरण हेतु दि0 01.10.2024 से 31.10.2024 के दौरान पंजीकरण निकाय में किया जा रहा है। पंजीकरण का समय प्रातः 10.00 बजे से सांयकाल 05.00 बजे तक होगा।
3. पंजीकरण शुल्क 3000.00 (तीन हजार रू0) निर्धारित किया गया है। अवधि समाप्त होने के उपरान्त पंजीकरण कराने पर विलम्ब शुल्क सहित रु0 5000.00 (पांच हजार रू0) धनराशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. लाईसेन्स शुल्क का वार्षिक नवीनीकरण रू0 2000.00 (रू0 दो हजार रू0) निर्धारित किया गया है।
5. यदि कोई अपंजीकृत निजी सैप्टिक टैंक क्लीनर (डी0स्लजिंग आपरेटर) नगर पालिका उरई सीमान्तर्गत कार्य करता पाया जाता है, तो सम्बन्धित आपरेटर / फर्म के ऊपर नगर पालिका परिषद उरई द्वारा 10000.00 (दस हजार रू0) का जुर्माना लगाया जायेगा। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर शासनादेशो के अनुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
6. लाईसेन्स की अवधि एक वित्तीय वर्ष (01 अप्रैल से 31 मार्च) तक होगी।
7. शेष शर्ते पालिका कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में कर विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

(राम अचल कुरील) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई जनपद–जालौन

(गिरिजा चौधरी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, उरई जनपद–जालौन

# इस साल 20 हजार बेसहारा बच्चों का सहारा बनेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20 हजार बेसहारा बच्चों का सहारा बनेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पांसरशिप योजना के तहत चयनित प्रति बच्चे को सरकार प्रति माह चार हजार रुपये की सहायता देगी। शासन ने योजना के तहत दिसंबर तक अनाथ व दिव्यांगजन बच्चों की पहचान की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं।

शासन के अधिकारियों के अनुसार यह योजना केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य पहल का हिस्सा है। इसका

▸▸ शासन ने दिए अनाथ और दिव्यांगजन बच्चों की पहचान कार्रवाई तेज करने के निर्देश

**04** हजार रुपये हर महीने दिए जाएंगे पात्र को

उद्देश्य ऐसे बच्चों को सहायता उपलब्ध करना है जो कठिन परिस्थितियों में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। इसमें बच्चों की उचित देखभाल, शिक्षा व अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। योजना के तहत अभी तक 11,860 बच्चों को 14 करोड़ 23 लाख 20 हजार रुपए की सहायता राशि दी जा चुकी है।

### अभिभावकों के निधन पर आय सीमा की बाध्यता समाप्त

योजना में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा 72,000 रुपए व शहरी क्षेत्रों में 96,000 रुपए तय की गई है। ऐसे मामलों में जहां दोनों अभिभावकों या कानूनी संरक्षकों का निधन हो चुका है, आय सीमा की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, उम्र प्रमाण पत्र, अभिभावकों के निधन का प्रमाण पत्र व बच्चे का शैक्षणिक संस्थान में पंजीकरण प्रमाण, जिला बाल संरक्षण इकाई या जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा रहा है।

### ऐसे बच्चों को मिल रही सहायता

योजना के तहत उन बच्चों को सहायता दी जाती है, जिनकी मां विधवा, तलाकशुदा या परित्यक्त हैं, जिनके माता-पिता गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं, या जो बेघर, अनाथ, विस्थापित परिवारों से हैं। साथ ही, यह योजना उन बच्चों की मदद करती है जो बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम या भीख मांगने से बचाए गए हैं और प्राकृतिक आपदाओं, विकलांगता या अन्य किसी आपदा के कारण प्रभावित हुए हैं।

# अगले साल 25 जिलों में शुरू होंगे नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के लिए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस व पीजी की सीटें बढ़ाने के बाद अब पैरामेडिकल (नर्सिंग) की सीटें बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए 25 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। नए नर्सिंग कॉलेज खोलने में छोटे शहरों को प्राथमिकता दी जा रही है।

यह जानकारी देते हुए शनिवार को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक (डीजीएमई) किंजल सिंह ने बताया कि छोटे शहरों में

▸▸ मुख्यमंत्री ने कॉलेज के निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय छात्र न सिर्फ सरकारी फीस पर नर्सिंग की पढ़ाई कर सकेंगे, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान देंगे। पहले चरण में 20 जिलों में नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि पांच जिलों में निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देशानुसार कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है।

### इन 20 जिलों में हो रहा है निर्माण

अयोध्या, बहराइच, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, फतेहपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, मीरजापुर, लखीमपुर खीरी, बस्ती, फिरोजाबाद, हरदोई, एटा, अमेठी, ललितपुर, बिजनौर, कौशांबी, गाजीपुर, प्रतापगढ़ और चंदौली में नर्सिंग कालेज निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा देवरिया, कानपुर देहात, सोनभद्र, कुशीनगर और पीलीभीत में कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति दी गई है।

**05** नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण की सरकार ने दी स्वीकृति

### निर्माण के लिए 4 संस्थाएं नामित

डीजीएमई ने बताया कि कॉलेज के निर्माण कार्य के लिए चार संस्थाओं को नामित किया गया। इनमें उप्र. राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस), यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपी सिडको) और उप्र. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) शामिल हैं।

## एक नजर

### जापान से सारनाथ आएगा 70 बौद्ध भिक्षुओं का दल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जापान से 70 भिक्षुओं का एक विशेष दल सोमवार को सारनाथ पहुंचेगा। बौद्ध भिक्षुओं का समूह बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थलों के दर्शन करेगा। पर्यटनमंत्री ने बताया कि यह यात्रा सांस्कृतिक और धार्मिक संवाद को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। सारनाथ में नीची रेन शययू नामक भगवान बुद्ध का जापानी मंदिर है। यह मंदिर ठीक वैसा ही है, जैसा जापान के क्योटो शहर में है। जापानी बौद्ध अनुयायी होजो सासाकी ने इसका निर्माण करवाया था।

### 9 तक छोड़ सकते हैं एमबीबीएस सीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट यूजी की दो काउंसिलिंग में मेडिकल कॉलेजों में दाखिला पा चुके अभ्यर्थी, अगर सीट छोड़ना चाहते हैं तो 09 अक्टूबर तक ऐसा कर सकते हैं। सीट छोड़ने संबंधी पत्र उन्हें संबन्धित कॉलेज व नोडल सेंटर पर पहुंच कर व्यक्तिगत रूप से देना होगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने कहा कि तीसरे चरण की काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों द्वारा प्राथमिकताएं देने के दो दिन पूर्व तक सीट छोड़ने का पत्र दिया जाए ताकि तृतीय काउंसिलिंग में संबन्धित कॉलेज की रिक्त होने वाली एमबीबीएस सीट को शामिल किया जा सके।

### आयुष पीजी काउंसिलिंग में मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष कॉलेजों में 394 परास्नातक (पीजी) पर दाखिले के लिए 691 अभ्यर्थी सोमवार से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे। इसके लिए शनिवार को आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी विषयों के लिए अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि पहले चरण में आयुर्वेद की 239 पीजी सीटों पर दाखिले के लिए पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों में प्रपत्रों की जांच के बाद 410 की मेरिट सूची घोषित की गयी है।

# उपचुनाव : 29 को जारी होगी मतदाताओं की पुनरीक्षित सूची

## दावे व आपत्तियों के बाद अंतिम सूची 6 जनवरी का होगी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा की रिक्त चल रही 10 सीटों पर उप चुनाव की तैयारियों के बीच प्रदेश की विशेष पुनरीक्षित मतदाता सूची 29 अक्टूबर को जारी होगी। जबकि दावे व आपत्तियों के बाद अंतिम सूची 6 जनवरी को जारी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के इस सिलसिले में निर्देश जारी किए हैं।

शनिवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के नेताओं को बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने स्तर पर भी अभियान चलाएं। अपने स्तर पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी न रहने पाए। उन्होंने बताया कि 28 नवम्बर तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

इससे पहले 9, 10, 23 और 24 नवम्बर विशेष अभियान की तारीखें निर्धारित की गई हैं। 24 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण करते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन नए वर्ष में छह जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया एक अप्रैल, एक जुलाई व एक अक्टूबर 2025 को अर्ह होने वाले मतदाताओं के केवल फार्म-6 लिए जाएंगे, जिन पर अर्हता की निर्धारित तिथि के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी, सीपीआई (मार्क्सवादी) के नेता शामिल हुए।

बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराने, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची की अपडेट करने में राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। साथ ही, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिये गए।



मुख्य निर्वाचन कार्यालय में शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।।

### ऑनलाइन संशोधन करा सकेंगे मतदाता

मतदाता सूची में संशोधन या नामांकन के लिए मतदाता अपने मोबाइल नंबर का उपयोग कर भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन वेब पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके अलावा, मोबाइल ऐप डाउनलोड कर मतदाता आसानी से सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### बीएलओ के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित होंगे

बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के नाम व मोबाइल नंबर मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित किए जाएंगे ताकि किसी भी जानकारी की जरूरत होने पर आसानी से संपर्क किया जा सके। विशेष अभियान तिथियों के दौरान सभी बीएलओ अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। उनके पास मतदाता सूची व सभी आवश्यक फॉर्म उपलब्ध होंगे, ताकि मतदाता अपने नाम जोड़ने, हटाने या सुधारने संबंधी कार्रवाई करा सकें।, निवास परिवर्तन के लिए अब फॉर्म-6 के बजाय फॉर्म-8 का उपयोग करने की प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई।

### पीजीटी-टीजीटी की भर्तियां जल्द रिक्तियों का ब्योरा तलब

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में खाली पद जल्द भरे जाएंगे। शिक्षा निदेशालय भर्ती अनुभाग ने प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों से सात अक्टूबर तक रिक्तियों का ब्योरा तलब किया है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती रुकी हुई है। स्थानांतरण के कारण भी स्वीकृत और कार्यरत शिक्षकों की संख्या में कमी आई है। शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। तीन अक्टूबर को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती के माध्यम से एलटी ग्रेड और प्रवक्ता में चयनित अभ्यर्थियों को यथाशीघ्र नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना है।

## सीएचओ को इस माह से मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी अस्पतालों में सेवारत कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को इस माह वेतन के साथ कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके लिए मिशन निदेशक पिंकी जोवेल ने सभी जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देश दिए हैं।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने विभागीय अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि सभी सीएचओ को 23 तिथि तक अपने कार्य की प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

# सीबीआई करेगी अंशू की अमेरिका में संदिग्ध हालात में मौत की जांच

▸▸ हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई स्पेशल क्राइम ब्रांच ने दर्ज की रिपोर्ट

▸▸ मां ने लगाया था दहेज के लिए हत्या का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेरठ निवासी अंशू महेश्वरी की अमेरिका में डेढ़ साल पहले घर में हुए धमाके में मौत की जांच सीबीआई ने शुरू कर दी है। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई की स्पेशल क्राइम ब्रांच ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परिजन की शिकायत पर पति सुमित बिनानी पर मेरठ के मेडिकल थाने में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सीबीआई ने इसी रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है।

सीबीआई में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक अंशू की मां कल्पना महेश्वरी ने महाराष्ट्र के वर्धा निवासी सुमित बिनानी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया था। अमेरिका में पढ़ाई के बाद फेसबुक में नौकरी कर रही अंशू की शादी ट्विटर में नौकरी करने वाले सुमित से 27 नवंबर 2020 को हुई थी। दोनों अमेरिका के सियेटल में रहने लगे। कल्पना के मुताबिक अंशू ने उन्हें बताया था कि पति की नजर सियेटल के मकान पर है। जिसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। बेटी का मकान और रुपया हड़पने की साजिश रचकर 9 फरवरी 2022 को कमरे में पेट्रोल रखकर हीटर ऑन कर दिया। जिसके कारण हुए धमाके में अंशू की मौत हो गई।

### राज्य सरकार ने की थी सिफारिश

अंशू के परिजन ने 28 सितंबर 2023 को मेरठ के मेडिकल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मेरठ पुलिस ने घटना अमेरिका में होने के कारण सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी। प्रदेश सरकार ने भी सीबीआई से जांच करने की सिफारिश की थी। सीबीआई की तरफ से कोई पहल न होने पर परिजन हाईकोर्ट में अर्जी डाली। 21 सितंबर को हाईकोर्ट ने सीबीआई और गृह मंत्रालय को 15 दिन के अंदर जांच शुरू करने का आदेश दिया था।

# आज लॉन्च होगा महाकुंभ-25 का लोगो, वेबसाइट व ऐप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज में महाकुंभ-25 के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण करने के साथ वेबसाइट (http://kumbh.gov.in)और ऐप (Mahakumbhmela2025) की लॉन्चिंग करेंगे। योगी ने महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य तरीके से आयोजित कराने के लिए खुद कमान संभाल ली है। वह रविवार को महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचेंगे। वहीं जन प्रतिनिधियों और साधु संतों के साथ मुलाकात करेंगे। अधिकारियों से कार्यों की बिंदुवार चर्चा करेंगे।

### श्रद्धालुओं की मार्गदर्शक बनेगी वेबसाइट और ऐप

महाकुंभ-25 की वेबसाइट और ऐप श्रद्धालुओं और पर्यटकों के वायु, रेल एवं सड़क मार्ग से महाकुंभ पहुंचने में मार्ग दर्शक का कार्य करेगा। इसी के माध्यम से प्रयागराज में आवास, स्थानीय परिवहन, पार्किंग, घाटों तक पहुंचने के दिशा-निर्देश आदि की जानकारी मिल सकेगी। इसमें स्थानीय और आसपास के पर्यटन स्थलों की जानकारी भी होगी। मेला स्थल में नेविगेट करने और धार्मिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के संदर्भ में विस्तृत जानकारी भी होगी।

## बीमा के नाम पर 3 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कर्मी बनकर जालसाज ने निरालानगर के श्रेष्ठपाल सिंह से 3 लाख रुपए ऐंठ लिया। जालसाज ने दो साल का सालाना प्रीमियम एक मुश्त जमा करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर फंसाया और ठगी की। पीड़ित ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर जीतेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अम्बेडकर प्रतिमा तोड़ी, हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी में शनिवार सुबह अम्बेडकर प्रतिमा तोड़े जाने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर एसीपी शकील अहमद काकोरी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते हुए पुलिस ने पार्क में नई प्रतिमा लगवाई। ग्रामीणों ने बताया कि 14 अप्रैल 2014 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पार्क में लगी थी। उस दौरान कुछ लोग इसका विरोध कर रहे थे। करीब तीन साल पहले भी मूर्ति तोड़ी गई थी।

## वर्ग पहेली-213

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोतने की क्रिया या भाव 2. दीवार पर रंग या लेप करने की क्रिया 3. पुताई की मज़दूरी।
3. गुरुच या गुड़ूची, एक प्रकार की कड़वी बेल जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं।
4. 1. हठी, ज़िद्दी 2. अड़ियल।
5. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथ-साथ विचरण करने वाली स्त्री 2. सखी, सहेली, साथिन 3. पत्नी।
7. 1. देर तक होने वाली धम की आवाज़ 2. पदचाप।

**ऊपर से नीचे**

2. मांगलिक अवसर या उत्सव आदि में संबंधियों या मित्रों को भेजी जाने वाली मिठाई।
3. 1. पीठ पर तीन सफ़ेद धारियों वाला चूहे जैसा एक छोटा जंतु जो पेड़ों पर या बगीचों में रहता है 2. गिलाई 3. चिखुरी।
5. अग्नि, आग।
6. ईरान या पर्शिया नामक देश।



### वर्ग पहेली -212 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | रु | त | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 2 दा | ■ | 3 बं |
| ■ | 4 कं | 5 द | ल | ■ | श |
| ■ | 6 डो | ल | ची | ■ | लो |
| 7 का | म | दा | नी | ■ | च |
| यि | ■ | र | ■ | ■ | न |
| की | ■ | ■ | 8 लौं | डा | ■ |

# बुनियादी ढांचा और कृषि तकनीक क्षेत्र में निवेश करेगा आईएफसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी) बुनियादी ढांचा और कृषि तकनीक क्षेत्र में भी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के जरिए प्रदेश में भारी निवेश करेगा।

आईएफसी के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर मिलकर अपनी टीम के साथ निवेश को लेकर चर्चा की। आईएफसी ने 2007 से अब तक रसायन और उर्वरक, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, स्वास्थ्य और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में 29 परियोजनाओं में लगभग 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है।

प्रदेश सरकार के पीपीपी मॉडल को बढ़ावा देने के प्रयासों में आईएफसी ने जुलाई 2023 में अवसंरचना और औद्योगिक विकास विभाग के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत आईएफसी पीपीपी के रूप में ई-बसों की खरीदारी, संचालन और रखरखाव की सलाहकारी सेवाएं प्रदान कर रहा है। भारत के पहले और सबसे बड़े बिजली क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट ट्रस्ट इंडीग्रिड में आईएफसी ने 200 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। वहीं, आईएफसी पीपीपी परियोजनाओं के सलाहकार के रूप में भी सक्रिय है।

▸▸ मुख्यमंत्री से मिले इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप

**750** मिलियन डॉलर का अब तक किया निवेश


आईएफसी के एमडी से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी।

### शहरी बुनियादी ढांचे पर आईएफसी का जोर

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के लिए आईएफसी और वर्ल्ड बैंक ग्रुप, राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में 7 शहर कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, मेरठ और प्रयागराज इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं। आईएफसी और वर्ल्ड बैंक ग्रुप संयुक्त रूप से राज्य के लिए पूल्ड फाइनेंसिंग संरचना स्थापित करने में मदद कर सकते हैं, जिससे शहरी बुनियादी ढांचे में निजी पूंजी को आकर्षित किया जा सके। आईएफसी के सहयोग से वर्ल्ड बैंक ग्रुप 100 शहरों के कार्यक्रम के समर्थन से, एक राज्य मध्यस्थ सरकारी गारंटी या क्रेडिट वृद्धि के साथ एक पूल आधार पर ऋण/बांड जुटा सकता है। बैठक में आईएफसी की ओर से प्रदेश में नमामि गंगे की तर्ज पर एक राज्यव्यापी जल कार्यक्रम विकसित किए जाने पर भी चर्चा की गई, जो वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट पर केंद्रित होगा।

## सुडोकू-126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 3 | | 4 | |
| | 1 | | | | | 9 | | |
| 4 | | | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | |
| | | 2 | 1 | | | | 7 | |
| 9 | | 7 | | | | 4 | | 5 |
| | 3 | | | | 7 | 2 | | |
| | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | | | 3 |
| | | 6 | | | | | 2 | |
| | 2 | | 5 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 | 6 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 07.49 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जाएंगे। मेहनत के बलबूते कई सारे कार्य एक साथ कर लेंगे। इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा।

**वृष** – आज सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग से जुड़े कारोबार में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मिथुन** – आज आपके कार्य कुछ उलझे हुए हो सकते हैं। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – आज व्यवसाय में धन की कमी होने की आशंका है। आपके घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी।

**सिंह** – आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें।

**कन्या** – आज विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। जॉब में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है।

**तुला** – आज यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने की संभावना बन रही है।

**वृश्चिक** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। अपने रिश्तेदारों के व्यवहार से आप असंतुष्ट हो सकते हैं। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है।

**धनु** – आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। अपनी कल्पनाओं को साकार करने का मौका मिलेगा। दांपत्य संबंधों में ताजगी रहेगी। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी।

**मकर** – आज नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत कर सकते हैं। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। खोई हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**कुंभ** – आज उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं।

**मीन** – आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं। आलस्य करने से बचें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 7 अक्टूबर 00.11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
अनाड़ी – सुबह : 11.27
कर्तव्य – रात : 07.08

&pictures
वांटेड – सुबह : 11.01
धमाल – रात : 08.00

SONY PIX
द मॉस्क – सुबह : 10.47
वंडर वूमैन – रात : 08.45

ZEE CINEMA
क्रू – दोपहर : 12.09
सूर्या द सोल्जर – शाम : 04.50

ZEE ACTION
जलजला – सुबह : 10.47
बिंबिसार – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी-माताजी, आप बार-बार घर के अंदर-बाहर क्यों आ-जा रही हैं? कोई प्रॉब्लम है क्या?
बूढ़ी औरत- नहीं बेटा, मेरी बहू टीवी देखकर योगा कर रही है। उसमें बाबाजी कह रहे हैं कि सास को बाहर करो सास को अंदर करो।

पहला पागल-कल जैसे ही गेट खुलेगा हम चौकीदार को पकड़कर मार देंगे और भाग जाएंगे।
दूसरा पागल- हां आइडिया अच्छा है, अगले दिन सुबह दोनों जैसे ही भाग कर गेट के पास गए। देखा गेट खुला था, चौकीदार गायब था।
पहला-अरे यार ये चौकीदार कहां गया, साला अगर वो होता तो हम प्लान के मुताबिक आज भाग सकते थे।
दूसरा-कोई नहीं यार चलो कल ट्राई करते हैं।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2750-2775 आर.आर.21 2750-2900, गेहूँफारम 2950-3000, जौ 2300 -2400, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2250-2300, मकाई 2400 -2500, दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200, अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600, मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000, उड़दकाला 7500 -8500, मूँग 7500 -8000, **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल15100-15200, अरहर स्पेशल 11600-11700, चना दाल 8700-8800, मटर दाल 4375-4475 मसूर मलका 7075-7125, मसूरदाल 7275-7325, उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500, मूँग दाल 8500 -9700, मूँग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.), अरवा 2800-4000, बासमती न01.10500-11000, सेला 3000 -4000, बासमती न02. 7000-8000, आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700, मैदा 1670-1720, सूजी 1700-1750, चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590, तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000, अलसी 4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11000- 11500, मूँगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200, बटाली 8800 -11000, सेहुआं 4000 - 4500 सरसों एक्सपेलर, सरसोंकोल्हू 15000-15100, अलसी 12400-12500, अण्डी 13800-14000, रिफाइण्ड (प्रति टिन)सोयाबीन 2000-2021, खली (प्रति क्वि.), सरसों2600-2625, अलसी4800-4900, अण्डी 1400-1450, वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)बावर्ची 2000 -1995, मयूर 2000 -1995, गुड़ (प्रति क्वि.), मंगलौरलड्डू 4600-5100, देशीभेली 4600-4800, शक्करदाना (प्रति क्वि.), एम.30. 4200-4260, मिल डिलीवरी (कर सहित)।

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58150-58350 |

# अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से हो पाएगा जीएसटी भुगतान

### तुरंत भुगतान की पुष्टि और चालान डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के जीएसटी पोर्टल पर लाइव होने के साथ ही अब बैंक के ग्राहक जीएसटी भुगतान करने में सक्षम हो गए हैं। बैंक ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुए कहा कि ग्राहकों को तुरंत भुगतान की पुष्टि और चालान डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी, जिससे यह अनुभव और सरल हो जाएगा। इसके जरिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं, रिटेल और कॉर्पोरेट प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ देशभर में मौजूद बैंक की किसी भी शाखा से भी जीएसटी का भुगतान कर सकेंगे।

बैंक के रिटेल लाइबिलिटीज और ब्रांच बैंकिंग हेड चिन्मय ढोबले ने कहा हम एक कस्टमर-फर्स्ट बैंक हैं और अपने ग्राहकों को सरल, उपयोग में आसान समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीएसटी पोर्टल के साथ यह एकीकरण हमारे हर प्रकार के बैंकिंग समाधान प्रदान करने के मिशन का एक और कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हमारे ग्राहक आसानी से और बिना किसी परेशानी के जीएसटी का भुगतान कर सकें। हम अपने ग्राहकों से आग्रह करते हैं कि वे इस सुविधा का उपयोग करें और हमारी ऑनलाइन और शाखा सेवाओं के माध्यम से आसानी से अपना जीएसटी भुगतान करें। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक उन चुनिंदा प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक है जिन्हें जीएसटी कलेक्शन के लिए अधिकृत किया गया है, जिससे बैंक की वित्तीय सेवाएं देने की प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सूत्रों ने चार अक्टूबर के सरकारी आदेश का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने नौ अक्टूबर, 2024 से एक साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक राव की फिर से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

एसीसी की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं। राव को अक्टूबर, 2020 में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया था। राव को नवंबर, 2016 में आरबीआई के कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया था। कोचीन से अर्थशास्त्र स्नातक और एमबीए की डिग्री प्राप्त राव 1984 में केंद्रीय बैंक में शामिल हुए थे।

## क्राउडसोर्सिंग भुगतान सुविधा के लिए पेओनियर का टेक महिंद्रा से समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंच जाएगा भारत का दैनिक श्रमिक कार्यबल

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेओनियर ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टेक महिंद्रा के क्राउडसोर्सिंग मंच पॉपुली की भुगतान क्षमताओं को अनुकूलित करने के लिए उसके साथ साझेदारी की है। नैस्डैक पर सूचीबद्ध कंपनी पेओनियर ने कहा कि पॉपुली के साथ इसकी सीमा-पार भुगतान प्रणाली का एकीकरण गिग (दैनिक) श्रमिकों को भुगतान पर निगरानी रखने में सक्षम बनाता है और बहु-मुद्रा गतिविधियों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है।

बयान में कहा गया कि पॉपुली के उपयोगकर्ता कार्य के बाद त्वरित और सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय भुगतान का आनंद ले सकेंगे, जिससे उनके मंच अनुभव में वृद्धि होगी। टेक महिन्द्रा के अध्यक्ष (कारोबारी प्रक्रिया सेवा) बीरेन्द्र सेन ने कहा कि पेओनियर की भुगतान प्रणाली से पॉपुली समुदाय को निर्धारित समय के अनुसार भुगतान मिलेगा। पॉपुली एक क्राउडसोर्सिंग मंच है जो दूरस्थ दैनिक श्रमिकों को ऑनलाइन परियोजनाओं के ज़रिए शीर्ष कंपनियों के साथ सहयोग करने में सक्षम बनाता है। पेओनियर के भारत के उपाध्यक्ष गौरव सिसोदिया ने कहा कि नैसकॉम की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि भारत का दैनिक श्रमिक कार्यबल 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंच जाएगा।

## एम3एम ग्रुप ने बिक्री के चलते घटाया 65 फीसदी कर्ज

**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म एम3एम ग्रुप ने पिछले साल अप्रैल के मुकाबले अपना कर्ज 65 फीसदी घटाकर अगस्त 2024 के अंत तक 1,302 करोड़ रुपये कर लिया है। इससे पहले 31 मार्च 2023 तक समूह का कर्ज 3,726 करोड़ रुपये था।

गुरुग्राम स्थित एम3एम ग्रुप ने कहा कि उसने एक अप्रैल 2023 से 31 अगस्त 2024 तक करीब 2,400 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया है। समूह ने कहा कि उसने प्रगति एशिया ग्रुप (पीएजी), आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एलएंडटी फाइनेंस, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस, एसटीसीआई फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक सहित उधारदाताओं से लिए गए कर्ज का बड़ा हिस्सा चुका दिया है।

## भूटान को फिनटेक सहायता और बढ़ाएगा भारत: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत भूटान को फिनटेक सहायता बढ़ाएगा, क्योंकि पड़ोसी देश में यूपीआई और रुपे कार्ड लोकप्रिय हो रहे हैं।

सीतारमण ने यहां अपने भूटानी समकक्ष ल्योनपो लेके दोरजी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भूटान के राजा, शाही परिवार के सदस्यों और भूटान के लोगों को शुभकामनाएं दीं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने विकास और समृद्धि के लिए स्थायी साझेदारी तथा साझा प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में भूटान के समर्थन को स्वीकार किया। वित्त मंत्रालय ने कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान में भीम यूपीआई और रुपे कार्ड की व्यापक स्वीकृति का जिक्र किया तथा भारत और भूटान के बीच फिनटेक संपर्क को अधिक मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# बल्क ऑर्डर के लिए स्विगी का नया एक्सएल फ्लीट

**गुरुग्राम, एजेंसी**



- हरियाणा के विधानसभा चुनावों में निर्वाचन क्षेत्रों पर स्विगी ने उपलब्ध कराया भोजन

ऑन-डिमांड सुविधा प्रदात प्लेटफॉर्म स्विगी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के दौरान गुरूग्राम और बादशाहपुर निर्वाचन क्षेत्रों में 580 मतदान केन्द्रों पर तैनात चुनाव अधिकारियों को 3500 भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही शनिवार को औपचारिक रूप से अपनी थोक (बल्क) ऑर्डर सेवा एक्सएल फ्लीट शुरू की।

कंपनी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनावों के इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात चुनाव अधिकारियों को 20 स्विगी एक्सएल ईवी के बेड़े ने शुक्रवार को रात्रिभोज और शनिवार को नाश्ता तथा दोपहर का भोजन उपलब्ध कराए हैं जो जिला प्रशासन के लिए स्विगी की ओर से निशुल्क था। इसके साथ ही कंपनी ने बल्क सेवा की शुरूआत की जिसे स्विगी एक्सएल ईवी बेड़े के रूप में जाना जाता है। इस बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, वह एक बार में बड़े ऑर्डर देने के लिए है। पिछले कुछ हफ्तों से पायलट रन से गुजर रहे बेड़े को आज हरियाणा चुनाव के दिन गुरुग्राम में औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के राष्ट्रीय व्यापार प्रमुख सिद्धार्थ भकू ने कहा खाद्य वितरण सेवाएं नए उपभोग अवसरों को बढ़ावा देकर, आपूर्ति प्रसार को बढ़ावा देकर और उपभोक्ता आधार के विस्तार को सक्षम करके भारत में एफ एंड बी क्षेत्र के समग्र विकास में मदद कर रही हैं। भोजन भी सहजता और आनंद के साथ बहुत निकटता से जुड़ा हुआ है, इसलिए जब परिवार और दोस्त एक साथ मिलते हैं तो हम बल्क ऑर्डर की मांग देख रहे होते हैं।त्योहारों का समय शायद इस सेवा को शुरू करने का सबसे अच्छा अवसर है, जब चारों ओर उल्लास और खुशी होती है, और हर कोई अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाता है। स्विगी एक्सएल यह सुनिश्चित करेगी कि पार्टियों और सभाओं में कोई रुकावट न आए और बड़े ऑर्डर में कोई देरी न हो। आने वाले हफ्तों में इस सेवा का विस्तार और अधिक शहरों में किया जाएगा।

## आरईसी ने अप्रैल-सितंबर में दिया 90,955 करोड़ का कर्ज

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान 20.10 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 90,955 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसमें से 11,297 करोड़ रुपये के हरित ऋण वितरित किए गए हैं। आरईसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसने 13.71 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 47,303 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए हैं। इसमें से नवीकरणीय ऊर्जा ऋण 37.35 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 5,946 करोड़ रुपये के वितरित किए गए हैं। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में नवीकरणीय ऊर्जा ऋण, कुल वितरण का 13 प्रतिशत था, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 10 प्रतिशत था। बिजली मंत्रालय के तहत आरईसी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो भारत में बिजली क्षेत्र के वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित करती है।



## सबरीमला में केवल ऑनलाइन बुकिंग से ही मिलेगा प्रवेश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने शनिवार को कहा कि इस साल सबरीमला में तीर्थयात्रियों को केवल ऑनलाइन बुकिंग के जरिए ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। साथ ही कहा कि भगवान अयप्पा मंदिर में प्रतिदिन अधिकतम 80,000 लोगों को दर्शन की ही अनुमति होगी। सबरीमला की वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा में एक महीने का समय बचा है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल बुकिंग के समय तीर्थयात्रियों को अपना यात्रा मार्ग चुनने का भी मौका मिलेगा। बयान में कहा गया है कि तीर्थयात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में यहां हुई एक मूल्यांकन बैठक में ये निर्णय लिए गए। सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रा के दौरान जुटने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया है।

### लोगों ने पुलिस चौकी फूंकी, वाहनों में की तोड़फोड़, आरजी कर अस्पताल की घटना से की तुलना, पुलिस रवैये से नाराज

# बंगाल में नाबालिग लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या, भारी बवाल

**कोलकाता, एजेंसी**



दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली इलाके में बलात्कार और हत्या की घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एक सड़क को अवरुद्ध कर दिया।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को 10 वर्षीय एक लड़की का शव मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने वहां एक पुलिस चौकी में आगजनी करने के अलावा वाहनों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम से लापता नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई तथा पुलिस ने उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं की। जयनगर इलाके की दलदली भूमि से शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने जैसे ही लड़की का शव बरामद किया, भीड़ ने पुलिस चौकी में आग लगा दी और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने चौकी के बाहर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ भी की और पुलिसकर्मियों को परिसर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया और एसडीपीओ एवं अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को मौके पर ही रोकने की कोशिश कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। एक स्थानीय व्यक्ति ने दावा किया लड़की के परिजनों ने इलाके के महिसमारी चौकी में प्राथमिकी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई नहीं की। एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि पुलिस ने उसी तरह व्यवहार किया, जैसा उन्होंने आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर का शव मिलने के बाद किया था।

### ग्रामीणों ने टीएमसी विधायक को खदेड़ा

कुलतली से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक गणेश मंडल को उस समय ग्रामीणों ने खदेड़ दिया जब वह स्थानीय लोगों को शांत करने के लिए मौके पर गए थे। ग्रामीणों ने मंडल पर पुलिस निष्क्रियता का समर्थन करने का आरोप लगाया था। मंडल ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों की शिकायतों और गुस्से को समझते हैं लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। टीएमसी विधायक ने कहा मैंने पुलिस से मामले की गहन जांच करने और आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का अनुरोध किया है। जयनगर से टीएमसी सांसद प्रतिमा मंडल का उस समय कुछ लोगों द्वारा वापस जाओ के नारे के साथ विरोध किया गया जब वह पद्मेरहाट ग्रामीण अस्पताल गईं जहां लड़की का शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया था।

### भाजपा विधायक की पुलिस से तीखी नोंकझोक

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व राज्य मंत्री और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता कांति गांगुली के अलावा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) की नेता मीनाक्षी मुखर्जी अलग-अलग अस्पताल गए और जब वे मृतक के परिवार से मिलना चाहते थे तो पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी तीखी बहस हुई। पॉल ने मांग की कि लड़की के शव को सुरक्षित रखा जाए और पोस्टमार्टम एक तटस्थ अस्पताल में किया जाए जो सत्तारूढ़ पार्टी से प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी मांग की कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाए। मुखर्जी ने मांग की कि सभी बाहरी लोगों को उस कमरे से बाहर निकाल दिया जाए जहां लड़की का शव ले जाया गया था और कमरे में लोगों की आवाजाही की वीडियोग्राफी की जानी चाहिए ताकि साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ न हो सके जैसा कि आरजी कर घटना में हुआ था।

## महाराष्ट्र में भीड़ के पथराव से 21 पुलिसकर्मी घायल

**मुंबई, एजेंसी**

- पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ संत की आपत्तिजनक टिप्पणी, मामला दर्ज कराने को लेकर हुआ हंगामा

महाराष्ट्र के अमरावती शहर में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ एक हिंदू संत की आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मामला दर्ज करने की मांग को लेकर भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव किये जाने से 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं जबकि 10 पुलिस वैन क्षतिग्रस्त हो गयी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार की रात अमरावती शहर के नागपुरी गेट थाने के बाहर पथराव की अमरावती के पुलिस आयुक्त नवीन चंद्र रेड्डी ने संवाददाताओं को बताया कि कुछ संगठनों के सदस्यों सहित एक बड़ी भीड़ गाजियाबाद के यति नरसिंहानंद महाराज के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर रात करीब 20.15 बजे नागपुरी गेट पुलिस स्टेशन पहुंची थी। थाना प्रभारी ने भीड़ से कहा कि उनकी मांग और जांच के संबंध में एक प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी है, जिसके बाद भीड़ वापस चली गयी। लेकिन जब कुछ लोगों ने हिंदू संत की टिप्पणी का वीडियो प्रसारित किया, तो लोगों का एक बड़ा समूह नागपुरीगेट पुलिस स्टेशन में वापस आ गया। जब पुलिस अधिकारी भीड़ को समझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी भीड़ ने अचानक पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के परिप्रेक्ष्य में 1,200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनमें से 26 की पहचान की है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है, जिसके तहत नागपुरी गेट क्षेत्र में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक है।

## संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर 50% की सीमा हटाना आवश्यक : राहुल

**कोल्हापुर, एजेंसी**



- संविधान सम्मान सम्मेलन में विपक्ष के नेता ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना
- जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की जनसंख्या पर आंकड़े जुटाने में मिलेगी मदद

« संविधान सम्मान सम्मेलन में सभा को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर मौजूदा 50 प्रतिशत की सीमा को हटाना जरूरी है। राहुल ने यहां संविधान सम्मान सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन यह सुनिश्चित करेंगे कि आरक्षण की इस 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए कानून पारित हो।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा हम सुनिश्चित करेंगे कि लोकसभा और राज्यसभा में जातिगत जनगणना पर कानून पारित हो और कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकेगी। संविधान की रक्षा के लिए 50 प्रतिशत की सीमा हटाना आवश्यक है। राहुल गांधी ने कहा कि जब उनकी पार्टी जातिगत जनगणना की बात करती है, तो वह इसमें दो और पहलू जोड़ना चाहती है- पहला, प्रत्येक समुदाय की आबादी की पहचान करना और दूसरा, भारत की वित्तीय प्रणाली पर उनका कितना नियंत्रण है। जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की जनसंख्या पर आंकड़े जुटाने में मदद मिलेगी। देश की 90 प्रतिशत आबादी के लिए अवसरों के दरवाजे बंद किए जा रहे हैं। भारत का बजट 90 शीर्ष आईएएस अधिकारी तय करते हैं, और देश में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय कुल जनसंख्या का कम से कम 50 प्रतिशत है, लेकिन इन 90 अधिकारियों में से केवल तीन ओबीसी हैं।

### भाजपा-आरएसएस नहीं चाहती सच्चाई सामने आए

राहुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जातिगत जनगणना का विरोध करते हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि सच्चाई सामने आए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों में दलितों या पिछड़े वर्गों का इतिहास नहीं पढ़ाया जा रहा है और अब उस इतिहास को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण किया जा रहा है और इसे 'आरक्षण-मुक्ति' कहा जाना चाहिए। उन्होंने आरएसएस और भाजपा पर वर्षों से ऐसा करने का आरोप लगाया।

## नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश का प्रथम विवि बना एमपीयूएटी

**उदयपुर, एजेंसी**

राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), उदयपुर नवीन शिक्षा नीति की अनुशंसाओं को लागू करने वाला देश का प्रथम विश्वविद्यालय बन गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली में उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. राकेशचंद्र अग्रवाल की मौजूदगी में शनिवार को यहां विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दीक्षा का आरंभ-2024 कार्यक्रम में छठी डीन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा की गई। यानी कृषि विषय में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली नई पीढ़ी अब नई शिक्षा नीति के मसौदे के आलोक में नए आयाम व पाठ्यक्रम के साथ अपनी शिक्षा पूर्ण करेंगे। दीक्षा का आरंभ- 2024 में उदयपुर, डूंगरपुर एवं भीलवाड़ा जिलों के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



### आजमाया हाथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में पारंपरिक वाद्य यंत्र नगाड़ा बजाया और कहा कि महान बंजारा संस्कृति में इसका विशेष स्थान है। वाशिम में उन्होंने पोहरादेवी स्थित जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा बाद में संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधियों पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट में कहा, वाशिम में मैंने नगाड़े पर हाथ आजमाया, जिसका महान बंजारा संस्कृति में विशेष स्थान है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के पंच प्रण

**रांची, एजेंसी**

- भाजपा के पंच प्रण में 5 लाख नौकरियों, महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक का वादा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पंच प्रण जारी किया, जिसमें पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की सहायता, युवाओं को पांच लाख नौकरियां और सभी के लिए घर का वादा किया गया है।

भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय मंत्रियों शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में यहां पंच प्रण जारी किया। झारखंड में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। झारखंड राज्य के गठन के 25 साल पूरे होने को रेखांकित करने के लिए भाजपा अपने घोषणापत्र की 25 और मुख्य बातें जारी करेगी। इसके साथ पार्टी अंत में आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 150-सूत्री दस्तावेज जारी करेगी। झारखंड का गठन 15 नवंबर 2000 को हुआ था, जो बिरसा मुंडा की जयंती भी है। पंच प्राण की विस्तार से चर्चा करते हुए मरांडी ने कहा कि राज्य के परिवार 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर खरीद सकेंगे।

इसके अलावा, साल में दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। उन्होंने कहा इसके अलावा सरकारी विभागों में रिक्त 2,87,500 पदों को भरा जाएगा। पहली कैबिनेट बैठक के बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और नवंबर 2025 तक 1.5 लाख पद भरे जाएंगे। मरांडी ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तो स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को दो साल तक 2,000 रुपये की वित्तीय सहायता भी देगी, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने मिशन के तहत गोगो-दीदी योजना शुरू करेगी।

## हिंसा और आगजनी के 11 आरोपी अदालत ने किए बरी

**नई दिल्ली।** नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के समर्थकों और इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच हिंसा के बाद, 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के दंगों के दौरान उपद्रव, चोरी और आगजनी के 11 आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने कहा कि गोकलपुरी निवासी नौशाद की शिकायत के आधार पर दर्ज मामले में, पुलिस सभी आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रही। बरी किए गए लोगों में सुमित, अंकित चौधरी, आशीष, सौरव, भूपेन्द्र, शक्ति, पप्पू, विजय, सचिन, योगेश और राहुल शामिल हैं।

## एक नजर

### डब्ल्यूएचओ ने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन को मंजूरी दी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ चौथे प्रीक्वालिफाइड ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन उत्पाद सेकोलिन को सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए एकल-खुराक अनुसूची में उपयोग के लिए मंजूरी दी है। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में यह जानकारी दी है। डब्ल्यूएचओ के शुक्रवार को बयान में कहा गया कि यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर एचपीवी टीकों की स्थायी आपूर्ति में सुधार करने में योगदान देगा जिससे अधिक लड़कियों तक कैंसर को रोकने वाले टीके पहुंच सकेंगे।

### नागरिकों से हथियार वापस लेने की घोषणा की

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार रक्षा मंत्रालय द्वारा नागरिकों को जारी किए गए सभी हथियारों को अस्थायी रूप से वापस लेने की घोषणा की है। डेली मिरर ने शनिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में सभी लाइसेंस धारकों को अपने हथियार और गोला-बारूद को वेलिसारा में वाणिज्यिक विस्फोटक भंडारण सुविधा में सात नवंबर तक वापस जमा करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने घोषणा किया है कि इन हथियारों की गहन समीक्षा और उन्हें जारी रखने की आवश्यकता का आकलन करने के बाद वापस किया जाएगा।

### पाकिस्तानी सेना के अधिकारी सहित छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के एक उच्च अधिकारी सहित छह सैनिक मारे गए। सेना की मीडिया इकाई इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि मुठभेड़ अफगानिस्तान सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पीनवाम इलाके में 4-5 अक्टूबर की दरमियानी रात को हुई, जिसमें छह ख्वारिज भी मारे गए हैं। दोनों ओर से हुई भीषण गोलीबारी में अभियान का नेतृत्व कर रहे लेफ्टिनेंट कर्नल 43 वर्षीय मुहम्मद अली शौकत और पांच अन्य सैनिक मारे गए। इस बीच, प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

### कनाडा में मॉन्ट्रियल के छात्रावास में आग, 2 की मौत

**ओटावा।** कनाडा के ओल्ड मॉन्ट्रियल में शुक्रवार सुबह एक छात्रावास की इमारत में भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मॉन्ट्रियल पुलिस ने कहा कि नोट्रे-डेम और बोन्सकोर्स सड़कों के किनारे स्थित इमारत में सुबह लगभग दो बजे आग लगी, जिसकी प्रकृति संदिग्ध है और इसका कारण अज्ञात है। रिपोर्ट में कहा गया कि आग से 100 वर्ष पुरानी तीन मंजिला इमारत को पूरी तरह नष्ट हो गई, जिसमें दूसरी और तीसरी मंजिल पर ले 402 नामक छात्रावास और मुख्य मंजिल पर एक रेस्तरां था।

### सीआईएसएफ कांस्टेबल ने की आत्महत्या

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के लायकडीह कैंप में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक कांस्टेबल का शव शनिवार को पंखे से लटका मिला। चिरकुंडा पुलिस थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि मृतक की पहचान 24 वर्षीय आकाश कुमार के रूप में हुई है। वह पंजाब के पठानकोट निवासी थे। राय ने बताया कि उन्हें एक महीने पहले सीआईएसएफ के लायकडीह कैंप में तैनात किया गया था। उन्होंने बताया, कुमार के सहकर्मियों ने आज सुबह कैंप में उन्हें पंखे से लटका हुआ पाया था, जिसके बाद कुमार को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### युवाओं ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और नाइजीरियाई युवाओं के एक समूह ने शनिवार को सांस्कृतिक आदान-प्रदान, उद्यमिता, महिला सशक्तीकरण और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की। भारत-नाइजीरिया यूथ कनेक्ट की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में यह चर्चा हुई। आयोजन चकबल ग्रुप ने नाइजीरिया के संघीय गणराज्य के उच्चायोग के सहयोग से किया था। नाइजीरियाई उच्चायोग के प्रभारी अहमद तिजानी ओ. लावल ने दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों पर विचार-विमर्श किया।

# बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए मैं पाकिस्तान जा रहा हूं : जयशंकर

● कहा- भारत-पाक संबंधों पर चर्चा करने के लिए नहीं जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि वह एक बहुपक्षीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिये पाकिस्तान जा रहे हैं, न कि भारत-पाक संबंधों पर चर्चा करने के लिए। भारत ने शुक्रवार को यह ऐलान किया था कि विदेश मंत्री एस जयशंकर अक्टूबर के मध्य में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिये इस्लामाबाद जायेंगे।

इसके बाद जयशंकर का यह बयान आया है। विदेश मंत्री ने आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस द्वारा आयोजित शासन पर सरदार पटेल व्याख्यान देने के बाद बातचीत के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में कहा, हां, मैं इस महीने के मध्य में पाकिस्तान जाने वाला हूं, और वह एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए है।

### विदेश मंत्री को पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने का न्योता

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता ने विदेश मंत्री जयशंकर को देश की सरकार के खिलाफ इस्लामाबाद में पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। जयशंकर एससीओ की बैठक में भाग लेंगे। खैबर पख्तूनख्वा में पीटीआई के नेता ने जयशंकर को यह न्योता दिया है।

# डीपफेक फोटो से आपका बैंक अकाउंट हो सकता है खाली

आज के दौर में सेल्फी ऑथेंटिकेशन के जरिए वेरिफिकेशन आम बात है। सरकारी एजेंसियां, टेलीकॉम कंपनियां, बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं आपकी आइडेंटिटी को वेरिफाई करने और अकाउंट की सिक्योरिटी के लिए इसका इस्तेमाल करती हैं। इस प्रोसेस में ग्राहकों से अपने स्मार्टफोन में सेल्फी लेने के लिए कहा जाता है। कई बार लाइव वीडियो के दौरान उनसे डॉक्यूमेंट्स दिखाने के साथ सवाल-जवाब भी किए जाते हैं। सेल्फी ऑथेंटिकेशन से लोगों के समय की काफी बचत होती है। लोग घर बैठे लाइव वेरिफिकेशन करा सकते हैं। हालांकि यह जितना आसान और सुविधाजनक है, उतना ही खतरनाक भी हो सकता है। साइबर क्रिमिनल आपकी सेल्फी का इस्तेमाल करके पर्सनल और फाइनेंशियल जानकारी चुरा सकते हैं और आपके बैंक अकाउंट को भी खाली कर सकते हैं।



### ऐसे होता है गलत इस्तेमाल

**आइडेंटिटी की चोरी :** साइबर क्रिमिनल सेल्फी का इस्तेमाल करके आपकी आइडेंटिटी चोरी कर सकते हैं, जिससे अन्य लोगों को थेफ्ट अटैक या फिशिंग का शिकार बनाया जा सकता है।

**फेक वीडियो बनाना :** डीपफेक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके आपकी सेल्फी से फेक वीडियो बनाए जा सकते हैं, जिनका इस्तेमाल करके आपकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

**सोशल मीडिया :** यहां सेल्फी का इस्तेमाल करके सोशल मीडिया अकाउंट बना सकते हैं, जिससे आपके दोस्तों व परिचितों से पैसे ठग सकते हैं।

**फाइनेंशियल फ्रॉड :** डीपफेक टेक्नोलॉजी के जरिए सेल्फी से आपके नाम से लोन और क्रेडिट कार्ड ले सकते हैं।

### सेल्फी आइडेंटिफिकेशन क्या है

सेल्फी के जरिए वेरिफिकेशन एक सुरक्षा सुविधा है, जो यूजर्स को अपनी फोटो लाइव कैप्चर करके डिजिटली अपनी पहचान वेरिफाई करने की परमिशन देती है। इसमें अलग-अलग दिशाओं में देखने, अपना सिर घुमाने या चेहरे पर कुछ एक्सप्रेशन बनाने के लिए कहा जाता है। सेल्फी वेरिफिकेशन में यूजर घर बैठे अपनी पहचान को कुछ ही सेकेंड में वेरिफाई कर सकते हैं।

### सेल्फी स्पूफिंग जानना जरूरी

सेल्फी स्पूफिंग एक साइबर क्राइम है, जिसमें साइबर क्रिमिनल आपकी सेल्फी का इस्तेमाल करके आपकी पहचान चोरी करते हैं और फाइनेंशियल अकाउंट तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। इसमें एआई की मदद से आपकी सेल्फी में कुछ बदलाव करते हैं। किसी का भी डीपफेक फोटो या वीडियो बनाया जा सकता है। क्रिमिनल आपकी सेल्फी चोरी करने के लिए पहले ईमेल या मैसेज के जरिए लिंक भेजते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

● सेल्फी स्कैम का शिकार होने पर सबसे पहले अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स और ऑनलाइन पेमेंट्स ऐप्स का पासवर्ड बदलें। साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट्स को प्राइवेट करें।

● अपने बैंक अकाउंट्स को तुरंत फ्रीज कराएं। इसके अलावा नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

# लेबनान पर ताबड़तोड़ बरसाए बम

## बेरूत के उपनगरों को बनाया निशाना, फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर पर भी हमला

तेल अवीव, एजेंसी



बेरुत में धमाके से उठता धुआं। ● एजेंसी

इजराइल ने शनिवार को लेबनान पर हमलों में तेजी लाते हुए बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हवाई हमले में जमकर बम बरसाए। उसने पहली बार उत्तरी लेबनान में एक फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर को भी निशाना बनाया। फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह ने एक बयान में कहा कि उत्तरी शहर त्रिपोली के पास बेदावी शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में हमास के सैन्य प्रकोष्ठ के एक अधिकारी, उनकी पत्नी और दो बेटियों की मौत हो गई।

पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल ने लेबनान में हमास के कई अधिकारियों की जान ले ली है। इसके अलावा उसने हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व का लगभग सफाया कर दिया है। लेबनान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' के अनुसार, इजराइली हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। इस बीच इजराइली सेना ने कहा कि विशेष बल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाते हुए लक्षित ज़मीनी हमले कर रहे हैं। उसने कहा कि विशेष बल मिसाइलों, लॉन्चपैड, वॉचटावर और हथियार भंडारण केंद्रों को नष्ट कर रहे हैं। इजराइली सेना के अनुसार उसके सैनिकों ने एक सुरंग को भी नष्ट कर दिया है जिसका इस्तेमाल हिजबुल्ला इजराइल की सीमा तक पहुंचने के लिए करता था। इजराइल के हमले मे हिजबुल्ला के लड़ाकों और नागरिकों सहित लगभग 1,400 लेबनानी नागरिक मारे गए हैं और लगभग 12 लाख लोगों को अपने घरों को छोड़ कर दूर जाना पड़ा है।

**मध्य सीरिया में सैन्य हवाई अड्डे के पास हुए दो विस्फोटों :** मध्य सीरिया के पाल्मेरा शहर में शुक्रवार देर रात दो विस्फोटों की गूंज सुनाई दी। युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि पहला विस्फोट पाल्मेरा सैन्य हवाई अड्डे के पास एक हैंगर (विमानशाला) के अंदर हुआ, जिसका इस्तेमाल हथियार डिपो के रूप में किया जा रहा था।

### द. कोरिया ने 97 नागरिकों को लेबनान से बाहर निकाला

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अपनी तरह के पहले अभियान में एक सैन्य विमान के माध्यम से लेबनान से 97 नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला है। यह जानकारी दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक केसी-330 सैन्य परिवहन विमान ने लेबनान से 97 दक्षिण कोरियाई नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों को वापस लाने में मदद की और आज 12 :50 (3 :50 जीएमटी) बजे सियोल हवाई अड्डे पर उतरा। विमान में 96 दक्षिण कोरियाई नागरिक और एक दक्षिण कोरियाई परिवार का सदस्य शामिल जो लेबनानी नागरिक है। बयान में कहा गया है कि सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लेबनान और मध्य पूर्व में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

### कमांडर औफी के मारे जाने की पुष्टि

**गाजा।** हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने वेस्ट बैंक के शहर तुलकरम पर एक इजराइली हमले में अपने एक प्रमुख कमांडर जही यासर अब्द अल-रजेक औफी के साथ सात अन्य लड़ाकों की मौत की पुष्टि की है। हमास ने शुक्रवार को एक बयान में यह बातें कही हैं। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने कहा इजराइल को कीमत चुकानी होगी।

### यमन में 15 हूती ठिकानों पर किया हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों के 15 ठिकानों पर हमला किया है। निशाना बनाए गए ठिकानों में हूती के आक्रामक सैन्य क्षमताएं शामिल हैं। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब अमेरिका इजराइल के साथ इस बात पर चर्चा कर रहा है कि इजराइल ईरान के किस तरह जवाब देगा।

# बाइडन ने इजराइल से नागरिकों को नुकसान न पहुंचाने का किया आग्रह



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को दोहराया कि इजराइल को हिजबुल्ला जैसे आतंकवादी समूहों के खिलाफ लड़ने और अपनी रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन उसे ऐसे अभियानों के दौरान यह प्रयास करना चाहिए कि आम नागरिकों को कम से कम नुकसान पहुंचे। बाइडन ने व्हाइट हाउस की प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पिछले कुछ दिनों से जो हो रहा है वह मध्य पूर्व को एक पूर्ण क्षेत्रीय युद्ध के समीप लेकर जा रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए अमेरिकी रणनीति को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित पूरी दुनिया में अमेरिका के सहयोगियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा इजराइल को अपने ऊपर न केवल ईरानियों की ओर से बल्कि हिजबुल्ला से लेकर हूती की ओर से होने वाले क्रूर हमलों का जवाब देने का पूरा अधिकार है, लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्हें इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इसमें आम नागरिकों को कम से कम नुकसान हो और इसके लिये बहुत अधिक सावधान रहना होगा।

# मंगल ग्रह के वातावरण में ढलना सबसे बड़ी चुनौती

● सौर विकिरण, गुरुत्वाकर्षण अंतरिक्ष से आने वाले रेडीएसन से निबटना होगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल में खुद को वातावरण के अनुकूल बनाना मानव के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। सौर विकिरण का प्रभाव व गुरुत्वाकर्षण में बदलाव के अलावा अंतरिक्ष से आने वाले रेडीएसन से निबटना होगा। मांस-पेशियों में खिंचाव जैसी समस्या मंगल की यात्रा के दौरान पैदा होगी।

मानव के मंगल पर पहुंचने को लेकर तैयार स्पेस एजेंसियों ने मंगल की धरती पर इंसान के सामने आने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निबटने के लिए शोध शुरू कर दिए हैं। मानव के सामने सबसे पहली समस्या नौ महीने की अंतरिक्ष यात्रा होगी। यात्रा के दौरान मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल हमारा शरीर पृथ्वी के वातावरण व परिस्थितियों के हिसाब से बना व उसमें ढला है। मगर पृथ्वी से बाहर की परिस्थितिया कतई अनूकूल नहीं हो सकतीं। हालांकि, शून्य ग्रेविटी में अंतरिक्ष यात्रियों का अनुभव पिछले कई वर्षों से है। मंगल की यात्रा का अनुभव हटकर होगा। यात्रा के दौरान मांसपेशियों की हानि और हड्डियों के घनत्व में कमी आना देखा जाता रहा है। हमारे शरीर पृथ्वी पर 1जी गुरुत्व का निरंतर बल कार्य करता है, लेकिन पृथ्वी की कक्षा में अचानक उस गुरुत्वबल की स्पष्ट रूप से कमी हो जाती है। आकाशगंगा से निकलने वाले ब्रह्मांडीय विकिरण के अनुभूति पर भी प्रभाव पड़ता है। हालाकि इस समस्या को लेकर चूहों पर अध्ययन किया गया है। बहरहाल मंगल की धरती पर खुद को स्थापित कर पाना इंसान के लिए कतई आसान नही होगा। वैज्ञानिक इस समस्या को भलीभांति समझते हैं और इनसे निबटने के उपाय भी तलाश रहे हैं। अगले दशक में मानव की मंगल यात्रा शुरू होने लगेगी। लिहाजा अगले कुछ वर्षों में ठोस उपाय तलाशने की चुनौती वैज्ञानिको के सम्मुख होगी।



सौर विकिरण व मानव मस्तिष्क का चित्र। ● अमृत विचार

### 2014 में सबसे पहला स्पेस वॉक

यूरोपियन स्पेस एजेंसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गेर्स्ट व नासा के रीड वाइसमैन ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के बाहर छह घंटे और 13 मिनट स्पेस वॉक 7 अक्टूबर 2014 को किया था। इस अनुभव से अंतरिक्ष यात्रा के प्रति रूचि में वृद्धि हुई। वर्तमान में लाखों की संख्या में लोग मंगल व चंद्रमा पर जाने की इच्छा रखते हैं।

# नाइजीरिया की नाव दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हुई

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में इस सप्ताह की शुरुआत में एक नाव दुर्घटना के बाद शुक्रवार को और शव बरामद किए गए जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। देश की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा-आरा ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि गुरुवार से करीब 17 और शव बरामद किए गए हैं। इनमें से छह कल सुबह मिले, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गयी है।

# राष्ट्रविरोधी बयानों पर रुख स्पष्ट करना चाहिए : धनखड़

● उपराष्ट्रपति ने भावनाओं को प्रभावित करने वाली खबरों पर जताया दुख

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से राष्ट्र-विरोधी बयानों और गलत सूचनाओं के खिलाफ स्पष्ट रुख अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि अल्पकालिक प्रभाव वाली घटनाएं अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं। उन्होंने निहित उद्देश्य के लिए दूसरों के व्यवहार या भावनाओं को प्रभावित करने वाली खबरों के कुछ उदाहरणों पर भी दुख व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कल्पना करें कि एक अखबार में उपराष्ट्रपति द्वारा फर्जी तस्वीरें पोस्ट करने की खबर छपी है। जब इस ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, तो अखबार माफी मांगता है। लेकिन मैं जानता हूं कि मैं अपनी मर्जी नहीं थोप सकता, मैं सरकारी अधिकारों का दुरूपयोग नहीं कर सकता। उन्हें महसूस होता है कि देश में हाथ थामने और परामर्श देने की आदत विकसित करने की आवश्यकता है। हम संस्थाओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकते।



# यूक्रेन ने रूसी विमान को मार गिराया, रूस ने कब्जे का किया दावा

**कीव।** यूक्रेनी सेना ने शनिवार को कहा कि उसने एक रूसी लड़ाकू विमान को मार गिराया जबकि रूस ने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से के एक गांव पर कब्जे का दावा किया। यूक्रेन के सार्वजनिक प्रसारक सुस्पिलने ने कोस्टियनटिनिव्का सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही होरबुनोव के हवाले से बताय कि रूस के लड़ाकू विमान को डोनेट्स्क प्रांत के कोस्टियनटिनिव्का शहर के पास मार गिराया गया। तस्वीरों में जले हुए विमान को साफतौर पर देखा जा सकता है।

# हैती में गिरोह हमले में 70 लोगों की मौत, सरकार ने की निंदा

● संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने दी मौतों की जानकारी

● सरकार ने क्षेत्र में शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की मांग की

पनामा सिटी, एजेंसी

हैती सरकार ने पोंट-सॉन्डे शहर में ग्रैन ग्रिफ गिरोह द्वारा किए गए घातक हमले की निंदा की है, जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने यह जानकारी दी।

सोशल मीडिया पर एक बयान में प्रधानमंत्री गैरी कॉनिल कार्यालय ने हमले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और इसे अवर्णनीय क्रूरता करार दिया है। हमले में महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों को निशाना बनाया गया जिसमें 70 लोगों की मौत हो गयी है और कई लोग घायल हो गए हैं। बयान में कहा गया कि निर्दोष नागरिकों के खिलाफ यह हिंसा अस्वीकार्य है और तत्काल प्रतिक्रिया आवश्यक है। सरकार ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की मांग करते हुए हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाने की कसम खाई।

# अमीरात ने सभी उड़ानों में पेजर, वॉकी-टॉकी पर प्रतिबंध लगाया

**दुबई।** यूएई की प्रमुख एयरलाइन अमीरात ने कहा कि उसने लेबनान में उपकरण विस्फोट के बाद अपने यात्री विमान में पेजर और वॉकी-टॉकी पर प्रतिबंध लगा दिया है। दुबई से या दुबई से आने वाली उड़ानों में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को चेक किए गए या केबिन बैगेज में पेजर और वॉकी टॉकी ले जाने से प्रतिबंधित किया गया है। यात्रियों के हाथ के सामान या चेक किए गए सामान में पाए जाने वाले ऐसे सामान को दुबई पुलिस द्वारा जब्त कर लिया जाएगा।

## जय माता दी...



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान श्रीभूमि दुर्गा पूजा पंडाल में निशानेबाज मनु भाकर पहुंचीं। एजेंसी

आह्वान | विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन, प्रकृति की हानि और तीव्र खाद्य असुरक्षा की तिहरी चुनौतियों से निपटने के लिए किया मंथन

# हिंदूकुश हिमालयीय क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा में सुधार को करें वैकल्पिक खेती

काठमांडू, एजेंसी

विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन, प्रकृति की हानि और तीव्र खाद्य असुरक्षा की तिहरी चुनौतियों से निपटने के लिए हिंदू कुश हिमालयीय देशों में खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हुये खेती को नया स्वरूप देने के लिए कृषि-पारिस्थितिकी पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया है।

अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी) में आर्थिक संभाग के प्रमुख आबिद हुसैन ने कहा यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि औद्योगिक कृषि पद्धतियां जिनमें रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग और वनों की कटाई होती है जैवमंडल, मानव स्वास्थ्य और जलवायु के लिए विनाशकारी रही हैं। यह किसानों को समृद्धि प्रदान करने में विफल रही हैं। आईसीआईएमओडी करीब 3500 किलोमीटर क्षेत्र में फैले हिंदू कुश हिमालयीय क्षेत्र के आठ देशों अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत (चीन), भारत, म्यांमा, नेपाल और पाकिस्तान का एक अंतर-सरकारी संगठन है। उच्च ऊंचाई वाली पर्वत श्रृंखलाओं, मध्य पहाड़ियों और मैदानों को अपने में समेटे यह क्षेत्र लगभग दो अरब लोगों की खाद्य, जल और ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र सहित दस प्रमुख नदियां इसी क्षेत्र से निकलती हैं। संगठन की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के मुताबिक आईसीआईएमओडी ने बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत (चीन), भारत, नेपाल और पाकिस्तान के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर इस क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा पर चर्चा की। यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान के प्रति अति संवेदनशील है। विशेषज्ञों ने रेखांकित किया वैश्विक स्तर पर एक चौथाई ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए खाद्य और कृषि क्षेत्र जिम्मेदार है, जो ऊर्जा उपयोग के बाद दूसरे स्थान पर है। खेती के वैकल्पिक मॉडल वास्तव में मिट्टी में कार्बन को अवशोषित में सक्षम हैं, इस प्रकार यह जलवायु संकट का समाधान बन जाता है। हुसैन ने कहा जलवायु संकट के मद्देनजर यह जरूरी है कि हम हिंदू कुश हिमालय में कृषि को नया स्वरूप दें।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। पर्वतों पर जमी बर्फ के पिघलने से जल आपूर्ति में परिवर्तन और अति वर्षा के कारण खाद्यान्न और कृषि पर असाधारण दबाव पड़ रहा है।



### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यक्त विचार

विशेषज्ञों ने सतत खाद्य प्रणालियों के लिए जलवायु अनुकूल कृषि पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ये विचार व्यक्त किए। इसके तहत नेपाल के करनाली और सुदूरपश्चिम प्रांतों के सात जिलों में जलवायु-लचीली कृषि पद्धतियों का प्रारूप तैयार किया गया। जीआरएपीई परियोजना के अनुसंधानकर्ता कमल प्रसाद आर्यल ने कहा छोटे उद्यमियों के साथ मिलकर काम करते हुए, हमने दिखाया कि कैसे कम लागत वाले कृषि समाधानों से खेतों में मृदा की सेहत में सुधार लाया जा सकता है और गुणवत्ता वाली पैदावार हो सकती है, जबकि किसानों की महंगी बाहरी चीजों पर निर्भरता कम हो सकती है।